♦ आश्विन शुक्ल पक्ष 06 विक्रम संवत 2079 ♦ डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार 01 अक्टूबर 2022 ♦ वर्ष-29 अंक-342 पृष्ठ-12, मूल्य ₹1.50

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित www.rastriyanaveenmail.com

## शारदीय नवरात्र

### षष्टम : कात्यायनी

नवरात्रि का छठा दिन मां कात्यायनी की उपासना का दिन होता है। इनके पूजन से अद्भुत शक्ति का संचार होता है व दुश्मनों का संहार करने में ये सक्षम बनाती हैं। मां कात्यायनी का स्वरूप अत्यंत चमकीला और भास्वर है। इनकी चार भुजाएं हैं। माताजी की दाहिनी तरफ का ऊपरवाला हाथ अभयमुद्रा में तथा नीचेवाला वरमुद्रा में है। बायीं तरफ के ऊपरवाले हाथ में तलवार और नीचेवाले हाथ में कमल-पुष्प सुशोभित है। इनका वाहन सिंह है।

चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहन।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।।

**मां** दुर्गा की छठी शक्ति को कात्यायनी के रूप में जाना जाता है। कात्यायन ऋषि की पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनके इस स्वरूप का नाम कात्यायनी पड़ा। इस दिन साधक का मन 'आज्ञा' चक्र में स्थित होता है। योग साधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मनवाला साधक मां कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व निवेदित कर देता है। परिपूर्ण आत्मदान करनेवाले ऐसे भक्तों को सहज भाव से मां के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। भगवान कृष्ण को पति के रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा कालिन्दी-यमुना के तट पर की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। मां कात्यायनी की भक्ति और उपासना द्वारा मनुष्य को बड़ी सरलता से अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष; चारों फलों की प्राप्ति हो जाती है।

### सभी प्लेसमेंट एजेंसी व सहायक उत्पाद आयुक्त को विभाग ने लिखा पत्र

# शराब का राजस्व लगातार दे रहा झटके, न्यूनतम लक्ष्य से काफी पीछे




### स्पेशल ऑडिट कराये सरकार : बाबूलाल मरांडी



राज्य में शराब के राजस्व पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर कहा है कि माह बीतने में चार दिन शेष बचा था तो दारू रेवेन्यू का टार्गेट साठ प्रतिशत भी पूरा नहीं होने पर झारखंड का दारू विभाग हांफ रहा है। बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इससे पहले की आपके किये का दिल्ली जैसा भांडा फूटे स्पेशल ऑडिट करा जन सामान्य को जानकारी दीजिये। वर्ना एक और घोटाला आपके नाम होगा।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य की सरकार को शराब का कारोबार लगातार झटके दे रहा। एक सितम्बर से 26 सितम्बर तक शराब के खुदरा दुकानों में बिक्री का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाने पर राज्य सरकार के उत्पाद विभाग के संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह ने पत्र लिखकर आपत्ति जतायी है। शराब की खुदरा दुकानों को संभालने वाली सभी प्लेसमेंट एजेंसी को लिखा गया है कि सितम्बर महीनें की विभिन्न जिलों के खुदरा उत्पाद दुकानों में मदिरा के उठाव और बिक्री की समीक्षा की गयी, लेकिन यह संतोषजनक नहीं पाया गया। प्लेसमेंट एजेंसियों को लिखा गया है कि मिनिमन गारंटी रेवेन्यू के लिए मदिरा की बिक्री करना एजेंसियों का कर्तव्य है, ताकि राजस्व मिले। विभाग ने आदेश जारी किया है कि खुदरा उत्पाद दुकानों में जो शराब का उठावा हुआ है, उसका शत-प्रतिशत बिक्री हो। राजस्व लक्ष्य के विरूद्ध बिक्री नहीं होने पर दंडात्मक कार्रवाई की बात कही गयी है।

**सारे पॉपुलर ब्रांड उपलब्ध कराये जायें :** राज्य में शराब

▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सीएम से मिल प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

# भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा स्मारक समिति, चकला, ओरमांझी, रांची के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री से भगवान बिरसा जैविक उद्यान, ओरमांझी में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने और उनकी जीवनी तथा वीरता-शौर्य गाथा को दर्शाने की व्यवस्था करने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री को भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा सप्रेम भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में समिति के मुख्य संरक्षक और जनजातीय परामर्शदात्री परिषद के सदस्य जमाल मुंडा, संरक्षक काशीनाथ पाहन, अध्यक्ष वीणा मुंडा, सचिव अशोक कुमार मुंडा, उप सचिव दीपक मुंडा, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव और विष्णु मुंडा शामिल थे।

# सीएम ने विभिन्न पूजा पंडालों का किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सपरिवार शुक्रवार को विभिन्न दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया और मां का आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धर्मपत्नी कल्पना सोरेन संग आरआर स्पोर्टिंग क्लब, रातू रोड और पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति, हरमू के दुर्गा पूजा पंडाल में मां दुर्गा के दरबार में मत्था टेका और राज्य तथा राज्यवासियों की उन्नति, खुशहाली, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। आरआर स्पोर्टिंग क्लब के पूजा पंडाल में मुख्यमंत्री के साथ राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने भी मां के दर्शन किये। वहीं, पंच मंदिर दुर्गा पूजा पंडाल के परिसर में कलाकारों ने झारखंड की पारंपरिक नृत्य छऊ की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

# अज्ञात लुटेरों ने युवक को मारी गोली, घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सलतुआ निवासी यसवंत प्रसाद उम्र 30 वर्ष को अज्ञात लुटेरों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में बताया जा रहा है कि यसवंत अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में सलतुआ गांव अंतर्गत गुबदीया टोंगरी जंगल के पास अज्ञात लुटेरे खड़े थे। यशवंत को आते देख सभी लुटेरे यशवंत पर हमला बोल दिए।और उसके साथ लूटपाट करने लगे । लूटपाट के दौरान एक अपराधी पिस्तौल निकालकर गोली चला दी। जिसमें बोली यशवंत के बाएं हाथ में लगी । जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण इकट्ठा हो गए । ग्रामीणों को इकट्ठा होते देख अपराधी वहां से फरार हो गए। इसके बाद इस घटना की जानकारी चैनपुर थाना को दी गई । घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।

# पलामू सिविल सर्जन घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार



### मेरे पति को फंसाया अनिल ने : नीलू

**मेदिनीनगर।** भाजपा नेत्री और डॉ जॉन एफ कैनेडी की पत्नी नीलू मिश्रा एसीबी कार्यालय पहुंची। वहीं भाजपा नेत्री नीलू मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि उनके पति को फंसाया गया है। इसमें पलामू के पूर्व सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह का हाथ है। उनके पति जब दोबारा पलामू के सीएस बने थे, तो डॉक्टर अनिल ने कहा था कि 90 दिनों के भीतर उन्हें सीएस पद से हटा देंगे। उन्होंने बताया कि एक प्लानिंग के तहत उनके पति को डॉक्टर अनिल ने अपने रास्ते से किनारे कर दिया।


**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एसीबी की टीम ने पलामू सिविल सर्जन जॉनएफ केनेडी को 50 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार सिविल सर्जन एक निजी क्लिनिक के निबंधन को लेकर घूस मांग रहे थे। सिविल सर्जन को एसीबी ने उनके आवास से गुरूवार की दोपहर दो बजे गिरफ्तार किया है। सिविल सर्जन ने डेढ लाख के बिल भुगतान के एवज में एक लाख रूपए बतौर घूस मांगी थी। इसके लिए 50 हजार रूपए की प्रथम किस्त घूस के रूप में ले रहे थे। डा. केनैडी को गिरफ्तार कर एसीबी कार्यालय लाया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जायेगा। बताते चलें कि एसीबी पलामू ने सिविल सर्जन को गिरफ्तार करने के साथ ही इस वर्ष का 10 वां ट्रेप केस को पूरा कर लिया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि बिहार के औरंगाबाद न्यू एरिया निवासी गोल्डन कुमार, पिता वकील कुमार सिंह ने अपने मोबाइल नंबर के द्वारा एक आवेदन देकर बताया था कि इनकी संस्था रसियन हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड है। जिसका जिला स्वास्थ्य समिति पलामू से क्लिनिकल आउटरिच टीम (सीओटी) का मोमोरेंडम ऑफ एन एग्रीमेंट (एमओयू) दो वर्षों के लिए किया गया है। संस्था का कार्य पलामू जिले के आवंटित सरकारी अस्पतालों में परिवार नियोजन ऑपरेशन कराना है। संस्था के द्वारा अब तक किए गए कार्यों की कुल राशि 1 लाख 47 हजार का बिल बाकी है। यह भी कहा कि इनके द्वारा कराये

▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### रांची में भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिनिधि सम्मेलन 11 को

# संस्थागत भ्रष्टाचार के सारे किरदार पुराने, झामुमो-भाजपा कोई इससे अछूती नहीं : सरयू राय



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय विधायक सरयू राय ने कहा है कि राज्य में संस्थागत तरीके से भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया है। मनरेगा घोटाला हो या अवैध खनन से जुड़ा घोटाला ईडी ने जो चार्जशीट दी है, उससे स्पष्ट है कि इस मामले में पिछली सरकार के मुखिया भी शामिल हैं। शुक्रवार को सरयू राय ने रांची स्थित आवास में भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिनिधि सम्मेलन की तैयारियों को लेकर प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वर्तमान में ईडी के घोटाले में जिन किरदारों का नाम उजागर हो रहा है, वह सारे किरदार पूर्ववर्ती सरकार के ही हैं, जिसे इस सरकार ने अपनाया। भ्रष्टाचार के मामले में भाजपा या झामुमो कोई भी अछूती नहीं है। हेमंत सोरेन के खिलाफ कोई जांच होगी तो यह रघुवर दास तक पहुंचेगी। ऐसे में दोनों नेताओं को सफाई देनी चाहिए। सरयू राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कहते हैं कि न खाऊंगा न खाने दूंगा, इसे अमल में लाने की जरूरत है।

### भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिनिधि सम्मेलन में आने के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

सरयू राय ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जन्मदिन 11 अक्टूबर 2022 को रांची में भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से पांच प्रतिनिधि स्वयं की प्रेरणा से सम्मेलन में शामिल हों। प्रतिनिधियों की सहभागिता ऑनलाइन पंजीयन के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है। सम्मेलन में शामिल होने के इच्छुक प्रतिनिधि मोबाइल नम्बर- 88775-37777 पर मिसकॉल या व्हाट्स एप्प भेजकर शामिल होने की सूचना दे रहे हैं। सम्मेलन में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। अबतक 253 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है। सरयू राय ने कहा कि किसी भी सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक संगठन से संबंधित व्यक्ति सम्मेलन में शामिल होने के लिए पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन नि:शुल्क है। पंजीयन की अंतिम तारीख 8 अक्टूबर 2022 रखी गयी है।

**राज्य में 2012 के बाद राजनीतिक-प्रशासनिक भ्रष्टाचार बढ़ा :** सरयू राय ने कहा कि झारखंड में साल 2012 से राजनीतिक-प्रशासनिक भ्रष्टाचार बढ़ा है। राज्य में पहली बार जब बाबूलाल मरांडी की सरकार बनी थी, तब भ्रष्टाचार का संदर्भ ऐसा नहीं था। लेकिन ईडी ने अब जो चार्जशीट दी है, उसे देखना चाहिए। इस भ्रष्टाचार में सबकी भागीदारी है। सरयू राय ने कहा कि झामुमो के लोग अगर कहते हैं कि पूर्व की सरकार में मंत्री रहते हुए मैंनें मलाई

▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# जेजेएमपी का सदस्य गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर व रामगढ़ थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त कार्रवाई करते हुए जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य दिलीप उरांव 24 वर्ष को उसके घर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। वह उदयपुर उरांव टोला थाना रमकंडा जिला गढ़वा, वर्तमान में ग्राम लमटी थाना रामगढ़ जिला का रहने वाला है। बता दें गिरफ्तार जेजेएमपी सदस्य 10 सितंबर की शाम को जेजेएमपी के सबजोनल कमाण्डर सूरज सिंह उर्फ सोनू व मनोहर अपने दस्ता के अन्य सदस्यों के साथ केचकी पुल के पास आकर फायरिंग किया था। मौके पर ग्रामीणों ने दिलेरी का परिचय देते हुए दो उग्रवादियों को पकड़ लिया था। दिलीप उस घटना में भागने में सफल रहा था। छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मियों में थाना प्रभारी, उदय कुमार गुप्ता, पुअनि प्रभात रंजन राय, थाना प्रभारी, रामगढ़ थाना पुअनि बिट्टू कुमार साहा, चैनपुर थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# कांग्रेस अध्यक्ष के लिए खड़गे सहित तीन उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने के आखिरी दिन राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे सहित तीन उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। कांग्रेस चुनाव विभाग के प्रभारी महासचिव मधुसूदन मिस्त्री ने शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल किये जाने के बाद यह जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष के लिए श्री खड़गे के अलावा कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शशि थरूर और झारखंड से केएन त्रिपाठी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन के लिए कुल 20 सेट दाखिल किये गये हैं जिनमें से श्री खड़गे की तरफ से नामांकन पत्रों के 14 सेट जमा कराये गये हैं। श्री थरूर की ओर से पांच सेट और केएन त्रिपाठी की ओर से एक पर्चा जमा कराया गया है। कांग्रेस चुनाव विभाग के प्रभारी ने कहा कि तीनों उम्मीदवारों में से

▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# अमानत नदी से अज्ञात महिला का शव बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के पकरिया गांव से सटे अमानत नदी से शुक्रवार की शाम एक अज्ञात महिला का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। हालांकि मामले की जानकारी होने के बाद पांकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को जब्त करते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेजने की तैयारी कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शव को सबसे पहले गांव के कुछ किसानों ने देखा जिसके बाद यह बात पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। वहीं लोगों ने इसकी सूचना थाना प्रभारी को दी। शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि महिला का शव कहीं से बह कर आया है। खबर लिखे जाने तक इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। वहीं पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# 21वीं सदी के भारत को देश के शहरों से मिलनेवाली है नयी गति : पीएम मोदी

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश में ऐसे नये शहरों का निर्माण किया जा रहा है जो ग्लोबल बिजनेस डिमांड (वैश्विक व्यापार मांग) के अनुरूप हों। इसके साथ ही पुराने शहरों में सुधार और उनके विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। गांधीनगर-अहमदाबाद की तर्ज पर देश में नगरद्वय विकसित किये जाने पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के भारत को देश के शहरों से नयी गति मिलनेवाली है। तेज विकास के लिए गति को महत्वपूर्ण कारक करार देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि निर्बाध संपर्क के साथ ही परिवहन तंत्र आधुनिक भी होने चाहिए। गांधीनगर-मुंबई के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के नये और उन्नत संस्करण को हरी झंडी दिखाने और अहमदबाद



मेट्रो रेल परियोजना के पहले चरण के उद्घाटन के बाद यहां आयोजित एक कार्यक्रम को मोदी संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के भारत को देश के शहरों से नयी गति मिलनेवाली है। बदलते हुए समय और बदलती हुई जरूरतों के साथ अपने शहरों को भी निरंतर आधुनिक बनाना जरूरी है। शहर में परिवहन का तंत्र आधुनिक हो, निर्बाध संपर्क हो और यातायात का एक साधन दूसरे को सहयोग करे, ये किया जाना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि पुराने शहरों में सुधार और उनके विस्तार पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ ऐसे नये शहरों को भी तैयार किया जा रहा है, जो ग्लोबल बिजनेस डिमांड के अनुसार हों। गिफ्ट सिटी भी इस प्रकार के प्लग एंड प्ले सुविधाओं वाले शहरों का बहुत उत्तम उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत गति को जरूरी मानता है और इसे तेज विकास की गारंटी भी मानता है तथा गति को लेकर यह आग्रह आज गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान में भी दिखता है, नेशनल लॉजिस्टिक्स

▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बारामूला में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता

# मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकी ढेर



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकवादी मारे गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार तड़के शोपियां और बारामूला जिलों में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी थी। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर के शोपियां के चित्रगाम इलाके और उत्तरी कश्मीर में बारामूला के येदिपुरा इलाके में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने बताया कि बारामूला में मुठभेड़ के दौरान दो आतंकवादी मारे गये। कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) विजय कुमार ने ट्वीट किया कि एक और आतंकवादी मारा गया (कुल दो मारे जा चुके हैं। ये दोनों आतंकवादी जैश से नाता रखते थे। तलाश अभियान अब भी जारी है।

## न्यूज गैलरी

### जहरीला पदार्थ खाने से छात्रा की मौत

**सतबरवा।** भवनाथपुर थाना के अरसली गांव की छात्रा अंजली कुमारी 16 वर्ष की मौत जहरीला पदार्थ के खाने से हो गयी। उसका ईलाज नवजीवन अस्पताल तुम्बागड़ा हो चल रहा था। ईलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मौतं हो गई। इस संबंध में थाना प्रभारी ऋषिकेश राय ने बताया कि मृतका के पिता विनोद प्रजापति के अनुसार मृतका आगे की पढ़ाई करना चाह रही थी। किंतु पिता की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। जिसके कारण पिता ने पढ़ाई को बंद करने की बात कही । इसी बात को लेकर बेटी ने बुधवार को जहर खा ली । परिजनों ने बुधवार की शाम 6:00 बजे तुम्बागड़ा नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया था । ईलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मृत्यु हो गई । शव को पोस्टमार्टम के लिए पलामू मेडिकल कॉलेज मेदिनीनगर में भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### श्रीराम कथा से ही चलती है सृष्टि : आचार्य धर्मराज



**हुसैनाबाद।** महावीर भवन जपला में आयोजित रामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ से पूरा शहर में भक्तिमय माहौल कायम हो गया है। इस अनुष्ठान के 42 वां अधिवेशन में नवाह्न पाठ में शामिल मुख्य आचार्य धर्मराज पांडेय ने कहा कि कलयुग में केवल हरि का नाम ही ऐसी दवा है, जो दुखः को मिटाकर सुखः देती है। उन्होंने कहा कि भगवान का नाम जिस पत्थर में लिखा है, वो पत्थर भी समुद्र में न डूबकर तैर गया, तो क्या हम भगवान का नाम हमारा उद्धार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि राम शब्द में पूरी सृष्टि व्याप्त व इनकी कथा जीवन की व्यथा को मिटाती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की कथा को सुनने के बाद आवश्य इसे जीवन में आत्मसात कर एक बेहतर मानव का जीवन यापन करने का प्रयास करना चाहिये। यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र पाल ने कहा कि महावीर भवन जपला में विगत 42 वर्षों से निरंतर मानस पाठ का आयोजन किया जा रहा है। शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर श्रीराम जानकी की प्रतिमा स्थापित किये जाने से पूरे नवरात्र में श्रद्धालुओं के लिये दर्शन व पूजन को लेकर भीड़-भाड़ से बचाने की विशेष सुविधा दी गई है।

### प्रवचन कर्ता ने कराया शिव पार्वती विवाह

**नावा बजार।** विश्रामपुर प्रखंड के भंडार ग्राम में दुर्गा पूजा समिति के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अयोध्या से आये हुए प्रवक्ता लखन जी महाराज के द्वारा शिव पार्वती विवाह का झांकी निकाला गया । इस विवाह में मुख्य यजमान योगेंद्र पांडे शिव पार्वती की पूजा अर्चना की । वही मुख्य पुरोहित आचार्य राजन मिश्रा के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ विवाह का कार्य संपन्न कराया गया । कार्यक्रम में विवाह का गीत भी गाया गया । जिससे अगल बगल के आये हुए लोगों ने इस विवाह में सरिख होकर भगवान शंकर एवं मां पार्वती का पूजा अर्चना की और शिव विवाह का आनंद उठाया। शंकर भगवान भानु पांडे को एवं मां पार्वती सुजीत पांडे बने हुए थे । प्रवचन का तीसरा दिन शिव विवाह का कार्यक्रम कराते हुए प्रवक्ता लखन जी महाराज बोले कि शिव विवाह में उपस्थित लोग बहुत ही भाग्यशाली है, जो इस विवाह में शामिल हुए हैं । भगवान शिव का महिमा बहुत बड़ा है । आप सबो पर भगवान शिव का कृपा सदैव बनी रहे।

### पटेल नगर दुर्गा पूजा पंडाल बना, शहर का आकर्षण केंद्र

**हुसैनाबाद।** पटेल चौक स्थित पटेल नगर दुर्गा भवन में दुर्गा पूजा उत्सव मनाने को लेकर स्थानीय कमिटी के युवाओं ने भव्य पूजा पंडाल का निर्माण किया है। जो शहर में आकर्षण का केंद्र बना है। आपको बता दें की दुर्गा पूजा कमिटी में सभी युवा वर्ग के लोग हैं । लेकिन दिन रात मेहनत कर सदस्यों ने इस पंडाल को निर्माण कराया हैं । इसमें स्थानीय कलाकारों की अहम भूमिका रही है। जो हुसैनाबाद के लिए गौरव की बात है। कमिटी के लोगों ने यह भी कहा कि प्रत्येक वर्ष पटेल नगर दुर्गा पूजा कमिटी बड़े ही उत्साह के साथ दुर्गा उत्सव मनाती है। दो वर्ष कोरोना काल के बाद इस वर्ष भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है। जिसमें स्थानीय कलाकार रात दिन अपना बहुमूल्य समय देकर पंडाल का निर्माण किया है। जो देखने लायक है। इस बार कमिटी के अध्यक्ष अविनाश पटेल, उपाध्यक्ष शशि पटेल, सचिव धीरेंद्र पटेल, अंगद पटेल, प्रवीण पटेल, मंजय चंदेल, प्रिंश पासवान, विनय, धीरज, आर्यन गोलू, गुड्ढू, आदि युवाओं का अहम भूमिका पंडाल निर्माण में देखने को मिला।

### ग्रामीणों ने श्रमदान कर की नाली की सफाई



**हरिहरगंज।** प्रखंड के कटैया पंचायत अंतर्गत कुरहत गांव में ग्रामीणों ने श्रमदान कर लव कुश कुमार के घर से नहर तक बने नाली की सफाई किया। इस संबंध में समाजसेवी बबलू सिंह ने बताया कि नाली जाम रहने से लोगों को घर का गंदा पानी नहीं निकल रहा था। वहीं वर्षा का पानी जमा रहने से आने जाने वालों को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा था। इस परेशानी को देखते हुए ग्रामीणों ने स्वयं श्रमदान कर नाली की सफाई की। श्रमदान करने वालों में योगेंद्र कुमार सिंह, लवकुश सिंह, कर्मदेव ठाकुर ,राजेंद्र सिंह, प्रिंस कुमार शामिल थे।

### शिक्षा में गुणात्मक सुधार प्राथमिकता : बलराम

**मेदिनीनगर।** पड़वा बुनियादी शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उक्त बातें पंडवा के नए बीईईओ बलराम पाठक ने कही। वे शुक्रवार को पदभार ग्रहण करने के अवसर पर बोल रहे थे। कहा कि बुनियादी शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए शिक्षकों व पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के तहत काम करने की आवश्यकता है। तब जाकर शिक्षा में गुणात्मक सुधार होगा। कहा कि शिक्षकों को जो भी समस्या हो मेरे कार्यालय में आकर सूचना दें। समस्या हल करने का हर संभव प्रयास करूंगा। मालूम हो कि पंडवा के नए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के रूप में बलराम पाठक ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान बीईईओ सह क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हरेंद्र कुमार तिवारी से प्रभार ग्रहण किया।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2022: नगर निगम मेदिनीनगर को दिल्ली में मिला पुरस्कार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से आयोजित इंडियन स्वच्छता लीग में बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में शुक्रवार को मेदनीनगर नगर निगम को पुरस्कृत किया गया। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे व नगर आयुक्त समीरा एस ने पुरस्कार प्राप्त किया।

**1850 से अधिक शहरों में किया गया था स्वच्छता सर्वे** : ज्ञातव्य है कि गार्बेज फ्री सिटी के मूल मंत्र के साथ हुए इस स्वच्छता लीग में देश के 1850 से अधिक शहरों में स्वच्छता से संबंधित सर्वे किया गया। केंद्रीय मंत्रालय ने स्वच्छता लीग के लिए कई तरह के मानक तय किए थे। लीग के दौरान मानकों के अनुसार सफाई और जागरूकता पर केंद्रीय टीम लगातार निगरानी कर रही थी। पिछले साल रैंकिंग गिरने के बाद इस वर्ष नगर निगम ने योजनाबद्ध तरीके से स्वच्छता पर काम किया। जिसका पुरस्कार शहर को मिला। मेदिनीनगर नगर निगम को पुरस्कार मिलने के अवसर पर उपायुक्त व नगर आयुक्त ने पूरे शहर वासियों को बधाई दी है। उपायुक्त ने कहा कि नगर निगम के कर्मियों के पूरे टीम वर्क का ही नतीजा है कि यह पुरस्कार आज मिला है। वहीं नगर आयुक्त ने कहा कि मेदिनीनगर को कचरा मुक्त शहर बनाने को लेकर नगर निगम प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने भविष्य में भी शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की।

## झूठे मुकदमें में न्यायालय से मिली जमानत



**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी।** हासनदाग के नथन चौधरी की हत्या केआरोपियों को छोड़े जाने के विरोध मे शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों को झूठे मुकेदमे मे फंसा कर जेल भेज दिया गया। जिसमें डंडा के जिला परिषद सदस्य के अलावे जिला अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी उर्फ अजय मेटल सहित 18 लोगों को 21अगस्त 2022 को जेल भेजा दिया गया था। लेकिन 28 सितम्बर को न्यायालय से उन सभी लोगों को जमानत मिल गया। उनके इंतजार में लोग जेल गेट से बाहर खड़े थे। बाहर निकलने पर लोगों ने उन सभी का जोरदार स्वागत फूल माला पहनाकर किया। मौके पर ,झारखंड निषाद विकास संघ पलामू, गढ़वा जिला अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी, अनिल चौधरी, समाजसेवी सुदामा चौधरी, उपेन्द्र चौधरी, डंडा प्रमुख पति चंदन चौधरी, जिला अध्यक्ष पलामू भारदुल चौधरी, सिकंदर , डंडा मुखिया पति अनिल चौधरी, मंदीप मल्लाह सहित कई लोग पहुंच कर अजय चौधरी उर्फ अजय मेटल सहित 18 लोगो को माला पहनाकर स्वागत किया। लेकिन नथन चौधरी के हत्यारो की गिरफ़्तारी अभी तक नही हुई है।

## एसडीओ के निर्देश पर सहायक अध्यापकों का शैक्षणिक प्रमाण की जांच शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी में सहायक अध्यापकों /अध्यापिकाओं का शैक्षणिक प्रमाण पत्र क्षेत्र के बीईईओ रामनरेश राम के निर्देश पर सत्यापन कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस सत्यापन कार्य में शिक्षक मनोज कुमार, सतीश कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, दिलीप भगत को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि सत्यापन कार्य से वंचित सहायक अध्यापकों को यथाशीघ्र अपने प्रमाण का सत्यापन कराने की अपील की है। जिससे ससमय शैक्षणिक प्रमाण की जांच के लिये बोर्ड को भेजा जा सकें। इससे उनके ही मानदेय भुगतान होने की परेशानी से निजात मिलेगी। इस कार्य में लगे सहयोगी अध्यापक पप्पू पटेल, वीरेन्द्र पाल, अनील कुमार पासवान ने बताया कि इस कार्य में हो रही विलंब को लेकर उन्होंने एसडीओ कमलेश्वर नारायण से जांच कराने का आग्रह किया था। उनके सख्त निर्देश पर सत्यापन कार्य संभव हो सका है।

## निरीक्षण के दौरान कई विद्यालय मिले बंद

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार बच्चन ने शुक्रवार को विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड क्षेत्र के कंडा पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय पीपरा बंद पाया गया। साथ ही अपग्रेड प्राथमिक परईनी टोला कंडा में बच्चों की संख्या कम देखी गई तथा शिक्षक विद्यालय से गायब मिले । निरीक्षण पर पहुंचे बीपीओ ने शिक्षक विनोद कुमार व रामप्रवेश पासवान पर अग्रेतर कार्रवाई के लिए प्रतिवेदित शिक्षा विभाग को अग्रसारित किया।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो महिला सहित तीन घायल

### एक घटना पुलिस की गाड़ी से बताई जा रही हैं



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** मोहम्मदगंज मुख्य पथ पर बोलेरो की टक्कर से ऑटो सवार महिला सुनीता देवी घायल हो गई। जबकि इसी पथ में दो बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति और उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। सभी का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर में किया जा रहा है। बोलेरो और ऑटो में हुई टक्कर से घायल महिला सुनीता देवी की स्थिति खतरे से बाहर है। ऑटो सवार अन्य यात्रियों ने बताया कि वह गढ़वा जिला के रामपुर मझिगांव से हैदरनगर पीएचसी में इलाजरत एक बीमार बच्चें को देखने जा रहे थे। इसी बीच भजनिया गांव के समीप बोलेरो ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी,जिससे ऑटो पलट गया। ऑटो में सवार सुनीता देवी घायल हो गई। उन्होंने बताया कि टक्कर मारने वाले बोलेरो वाहन में पुलिसकर्मी सवार थे। उन्होंने घायल को अस्पताल पहुंचाना भी मुनासिब नहीं समझा और टक्कर मार कर फरार हो गये। दूसरी घटना भी उक्त सड़क पर ही सबनवा गांव के समीप की है। हरिओम सिंह और उनकी बहन ममता देवी बाइक से गढ़वा जिला के माझिआव करमडीह से हैदरनगर की ओर आ रहे थे। एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मारी और भागने में भी सफल हो गया। इस घटना में हरिओम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। हरिओम सिंह का प्राथमिक उपचार हैदरनगर पीएचसी में करने के बाद उन्हें मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया।

## एनएच 98 पर बने नाले से प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के एनएच 98 के दोनों ओर बने नाला पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को प्रशासन ने शुक्रवार को हटा दिया। शहरवासियों ने इसकी मांग पुलिस प्रशासन से की थी। अतिक्रमण हटाने में बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, सीओ वासुदेव राय, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास पुलिस बल के साथ शामिल थे। इस संबंध में सीओ ने बताया कि सड़क के किनारे बने नाला का उपयोग फुटपाथ के लिए किया जाना है। परंतु कुछ दुकानदारों द्वारा समान रखकर उसे बाधित किया जा रहा था।

## दीपौवा से पंचकेड़िया जाने वाली मुख्य सड़क गड्ढे में तब्दील

### कोई भी जनप्रतिनिधि का नहीं है ध्यान अधिकारी भी छुपाते हैं अपनी नजरें



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड नावजयपुर थाना अंतर्गत रूदिडीह पंचायत के ग्राम दीपौव से खजुरी होते हुए पंचकेड़िया मुख्य मार्ग तक जाने वाले सड़क पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील हो गया है । जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है । वही ग्रामीणों का कहना है कि यह रोड तकरीबन दो तीन साल पूर्व से ही खराब है । कुछ दिन पहले इस रोड में मिट्टी डालकर मरम्मत किया गया था । लेकिन बरसात आते ही फिर से रास्ता गड्ढे में तब्दील हो गया । ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रास्ते से तकरीबन 7 से 8 गांव का आवागमन होता है। यहां तक कि स्कूली बच्चों का भी आवागमन इसी रास्ते से होता है। भारी बारिश होने के कारण कई बार लोग गड्ढे मे दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं । इस रोड पर चलने वाले वाहन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है । गड्ढे में तब्दील रोड मे फंसे हुए लोगों को तो ग्रामीणों के सहयोग से इस कीचड़ से बाहर निकाल लिया जाता है। इस रास्ते पर गाड़ी तो चलना दूर की बात है लोगो को पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता हैं । लेकिन इस पर कोई भी जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी का ध्यान नहीं है । ग्रामीणों का कहना है कि इस रास्ते से प्रखण्ड के कई अधिकारियों का आवागमन हमेशा रहता है । लेकिन इस ओर किसी भी पदाधिकारी को इस ओर ध्यान नहीं है। जिससे ग्रामीणों को काफी समस्याओं के सामना करना पड़ रहा है। सरकार का हर घर तक सड़क पहुंचेगी की योजना है। इस तरह की समस्याएं सरकार की सुविधा पर सवालिया निशान खड़ा कर देती है।ाखिर किसकी लापरवाही है जिसके चलते ग्रामीण को इतनी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

## जंतर मंतर पर यादव रेजिमेंट बनाने को लेकर दिया धरना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमण्डल क्षेत्र यादव जाति के विभिन्न संगठनों ने देश की राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर पास यादव रेजिमेंट को लेकर धरना दिया। इस आशय की जानकारी देते वीर यादव निर्माण सेना के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष राणा प्रताप यादव ने जानकारी दी । उन्होंने बताया कि देश के कोने कोने से हमलोगों ने दिल्ली पहुंच कर भारतीय सेना में अन्य रेजिमेंट की तरह यादव रेजिमेंट बनाने के लिए अपनी लड़ाई को मजबूत किया। आगे उन्होंने बताया कि झारखंड प्रदेश से सैकड़ो यादव समाज के संगठन कार्यकताओं ने इस आंदोलन को धारदार बनाया । इसके लिए मैं सभी को आभार व्यक्त करता हूं। केंद्र सरकार के द्वारा 3 महीने का अश्वासन दिया हैं ।आगे उन्होंने यह भी बताया कि देश मे चीन ,बंगला देश या फिर कारगिल का युद्ध हो सभी मे हमारे जाति के लोगो ने सीने पर गोली खाई हैं। इस देश की जनसंख्या अनुपात में भी हम अन्य लोगो से ज्यादा है । इस आधार पर इस जाति के साथ भेदभाव क्यो होगा। इस जाति के लोगों ने हमेशा देश प्रेम में अपनी कुबार्नी दी हैं । लेकिन ,गोरखा बटालियन, राजपुताना रेजिमेंट, सिख ,जाट अन्य कई रेजिमेंट बनी हैं । लेकिन हजारों लोगों की कुबार्नी देने के बाद भी इस समाज के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता रहा हैं । मौके पर राजद के युवा नेता रवि यादव भी मौजूद थे।

## भगवान को पाने के लिए मन को निर्मल रखना जरूरी : कंचन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भगवान को पाने के लिए मन को निर्मल रखना जरूरी है। उक्त बातें अयोध्या से पधारी कंचन द्विवेदी ने कही । वे पोखराहा में श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ के 25 वां अधिवेशन में कथा प्रवचन के दौरान बोल रही थी। उन्होंने कहा कि निर्मल मन वाले को ही भगवान की प्राप्ति होती है। भगवान को छल कपट पसंद नहीं है । उन्होंने कहा कि जिस पर भगवान, गुरु और संत की कृपा हो जाए ,उसका जीवन धन्य हो जाता है। उन्होंने कहा कि आज धर्म से लोग विमुख हो रहे हैं। लेकिन धर्म ही हमें सही रास्ते पर चलने का प्रेरणा देता है । उन्होंने कहा कि जब-जब धर्म की हानि हुई है भगवान को अवतार लेना पड़ा है । उन्होंने कहा कि भगवान के कथा श्रवण से सभी दुख दूर हो जाते हैं। व सुख शांति प्राप्त होती है । उन्होंने कहा कि कलयुग में खासकर भगवान की कथा चरणामृत के समान है । उन्होंने कहा कि जो भी भगवान की कथा सुनते हैं । उनका सारा पाप दूर हो जाता है । मौके पर उन्होंने शिव पार्वती ,राम विवाह ,राम वन गमन की कथा का रसपान कराया। काफी संख्या में लोगों ने यज्ञ मंडप के पहुंचकर भगवान के कथा का श्रवण किया। मौके पर समिति के लोगों द्वारा कथा पंडाल में लोगों के बैठने की सुव्यवस्थित ढंग से व्यवस्था की गई थी। मौके पर सरजा मुखिया पति आनन्द कुमार, वीरेंद्र चौधरी, प्रदीप साव,अरविंद साव, निर्मल तिवारी,पवन कुमार, मंजय कुमार, विवेक कुमार, मंटू कुमार, मिठू कुमार, आकाश कुमार, प्रेम प्रकाश, रौशन कुमार, अजित कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।


## COURT NOTICE

In the court of the Sub Divisional Officer, cum House controller Sadar Medininagar, Palamau.

E.V.suit no.1g of 2022

Sunita Devi --- Plaintiff.

Versus

Madan Prasad Gupta - Defendant.

**Notice to**

Madan Prasad Gupta s/o late Lakhan Sao of village, P.O. and P.S.- Chainpur, Distt-Palamau at present- Dhobi Mohalla F.O.P.5. Daltonganj Distt-Palamau.

Wheres Plaintiff above named has filed Eviction suit against you which is admitted and fixed for hearing.

And whereas registered notice as well as through Nazarat the notice was issued to you but you avoid to appear in this suit as such through daily news paper notice is publishedto appear on 21/10/2022 at 10.30 A.M. in this case and to pairvi failing with appropriate order may be passed in your absence.

Take it as most urgent.Given under hand and seal of this court, today.

**sub Divisional officer oum House controller Sadar Medininagar, Palamau.**



## झारखण्ड सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
## 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा संख्या:- **59/2022-23/RWD/GARHWA** दिनांक :- **30.09.2022**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ GARHWA/ 02/2022-23 | बरछाबांध (मदरसा चौक) से नारायण महरा के घर भाया बिच्छी चबुतरा तक पथ निर्माण कार्य (लं- 4.650 कि0मी0) | 3,43,56,500.00 | तीन करोड़ तैंतालीस लाख छप्पन हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 15 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:- **14.10.2022**
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:- **27.10.2022** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **गढ़वा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:- **01.11.2022** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- **02.11.2022** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन- 834001
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- 0651-2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **गढ़वा** के पक्ष में एवं **गढ़वा** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**नोडल पदाधिकारी**
**ई-प्रोक्युर्मन्ट सेल**

**PR 279137 Rural Work Department(22-23)#D**



## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

### हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गयी है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि के सैरात की बन्दोबस्ती जिला परिषद स्तर से की जाएगी। दिनांक 06.01.2022 को संपन्न जिला परिषद, पलामू के कार्यकारी समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में पलामू जिला अंतर्गत हाट बाजार लेस्लीगंज के बंदोबस्ती हेतु संम्बंधित अंचलाधिकारी द्वारा डाक की न्यूनतम राशि 100000.00 (एक लाख) रूपये प्रतिवर्ष से अधिक निर्धारित की गयी है। साथ ही दिनांक 01.04.2022 को संपन्न जिला परिषद, पलामू के कार्यकारी समिति की बैठक में पलामू जिला के हाट तरहसी की बंदोबस्ती हेतु डाक की न्यूनतम राशि निर्धारित की गयी है।

अतः एतद द्वारा पलामू जिला अंतर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है-

| क्र0 | हाट/बाजार का नाम | प्रखण्ड/अंचल क्षेत्र | वर्ष 2022 हेतु डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि (1 वर्ष के लिए) | अग्रधन की राशि (**10%**) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लेस्लीगंज हाट | नीलाम्बर पीताम्बरपुर | 11-10-2022 | पूर्वाह्न 11:30 बजे से | 240500.00 | 24050.00 |
| 2 | तरहसी हाट | तरहसी | | | 483575.00 | 48360.00 |

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु पलामू जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 10.10.2022 तक कॉलम संख्या-7 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। हाट बाजार की बंदोबस्ती की अवधि एक वर्ष की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि तत्काल तथा शेष 50% राशि अगले 6 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। डाक की बोली का अन्तर न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये होगा।

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें पलामू NIC के वेबसाइट- www.palamu.nic.in/जिला परिषद के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क संख्या- 7903556060 पर कार्यालय अवधि में जानकारी ली जा सकती है।

ह0/-
उप विकास आयुक्त -सह-
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू


PR 279105 District (22-23)_D

## न्यूज गैलरी

### विद्यालयों में एमडीएम बंद हुआ तो होगी कार्रवाई: डीईओ

**मेदिनीनगर।** पलामू डीईओ अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि यदि किसी भी विद्यालय में मध्याह्न भोजन बंद हुआ, तो सीधे कार्रवाई की जायेगी। सभी बीईईओ व संबंधित प्रखंड स्तरीय आपरेटर इसकी निगरानी करें। वे गुरूवार को डीएसई कार्यालय सभागार में जिला के बीईईओ, बीपीओ व मध्याह्न भोजन के प्रखंड स्तरीय आपरेटर की समीक्षा बैठक कर रहे थे। समीक्षा में बताया गया कि द्वितीय त्रिमासिक (जुलाई से सितंबर माह तक) खाद्यान्न उपलब्ध कराकर वितरित कर दिया गया। डीईओ ने इस पर निर्देश दिया कि यदि अब भी कोई विद्यालय प्रबंधन खाद्यान्न का उठाव नहीं किया है तो करके इसका वितरण सुनिश्चित कराएं। मीनू के तहत बच्चों को बेहतर भोजन दें। उन्होंने कहा कि कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। संबंधित पदाधिकारी व आपरेटर पूरी ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वाह करें। मध्याह्न भोजन की नियमित मोनिटरिंग करें। जांच में कहीं कोई गड़बड़ी मिलती है तो सीधे कार्रवाई करें। बैठक में बीईईओ बलराम पाठक, महेंद्र प्रजापति, रामानंद सिंह, जीतवाहन सिंह, जिला आपरेटर विनय कुमार समेत प्रखंड आपरेटर अजीत कुमार तिवारी, आशीष कुमार शुक्ला, शंभूशरण शर्मा, राधेश्याम ठाकुर, अमरजीत पटेल, अभय कुमार सिंह, अमित रंजन, विष्णु टोप्पो, चिंतामणि विश्वकर्मा, सतीश कौशल, संजय कुमार महतो, अमृतेश मिश्रा, प्रवेश कुमार, विजेंद्र पटेल, दीपक कुमार सिन्हा, विपुल कुमार सिंह, अनिमेश पाठक, लिपिक प्रशांत बिहारी समेत सभी आपरेटर मौजूद थे।

### केदारनाथ का दर्शन करायेगा जय भवानी संघ



**मेदिनीनगर।** इस बार स्थानीय जय भवानी संघ के द्वारा शहरवासियों को उत्तराखंड के केदारनाथ मंदिर का प्रारूप का दर्शन करायेगा। जय भवानी संघ के अध्यक्ष नवीन कुमार गुप्ता उर्फ लाल बाबू ने बताया कि कोरोना के कारण दो वर्षो से संघ के द्वारा कोई बड़ा प्रारूप नही बनाया गया था। लेकिन इस बार संघ के द्वारा भव्य प्रारूप बनाया जा रहा है। 1969 में स्थापित संघ के द्वारा लगातार पंडाल बनाकर माता का पूजन किया जाता रहा है। इस बार संघ के द्वारा 54 वां स्थापना वर्ष मनाया जा रहा है।अध्यक्ष ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए पंडाल में विशेष सुविधा दिया गया है, ताकि किसी को भी माता के दर्शन में कोई परेशानी न हो। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग अलग व्यवस्था किया गया है। पूरे रोड में विद्युत साज-सज्जा भी किया गया है। वही सप्तमी से लेकर दशमी तक महाप्रसाद का भी वितरण किया जायेगा। संघ के महामंत्री के रूप में मनोहर कुमार लाली और कोषाध्यक्ष के रूप में दिनेश कुमार को जिम्मेवारी दी गई है।

### पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिये शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल किया । त्रिपाठी ने अपना नामांकन पत्र यहां पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकार के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री को सौंपा । त्रिपाठी के अलावा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने भी कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। ज्ञात हो कि त्रिपाठी कांग्रेस से जुड़े इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (त्रिपाठी गुट) के अध्यक्ष रहे हैं । गौरतलब है कि केएन त्रिपाठी डाल्टनगंज से विधायक एवं झारखंड के पिछले सरकार में मंत्री रह चुके हैं। मंत्री रहने के दौरान उनके कार्यकलापों एवं बेबाक निर्णय के लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। वर्तमान में वे इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उन्होंने मगध फाउंडेशन का गठन किया है। जिसका उद्देश्य मगधकालीन अखंड भारत की प्राचीन गरिमा को पुनर्स्थापित करना है। नामांकन से पूर्व उन्होंने बताया कि भारत के सभी राज्यों से उनके मित्रों ने फोन कर उन्हें चुनाव मैदान में उतरने के लिए कहा। इसलिए उन्होंने नामांकन पत्र जमा किया हैं। बहरहाल केएन त्रिपाठी के चुनाव मैदान में उतरने से पलामू, झारखंड, बिहार, उतरप्रदेश समेत पूरे भारत में हर्ष का माहौल व्याप्त है।

### गुरु की महिमा अपरंपार : श्रीराम शास्त्री



**मेदिनीनगर।** गुरु की महिमा अपरंपार है। सद्गुरु लोगो के सारे कष्ट दूर कर देते हैं। उक्त बातें अयोध्या से पधारे संत श्रीराम शास्त्री ने कही । वे गुरुवार की रात पोलपोल में आयोजित श्रीराम चरित मानस यज्ञ प्रवचन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संसार में पूर्ण रूप से कोई सुखी नहीं है । महाराज दशरथ के पास सभी सुख सुविधा थी पर संतान प्राप्ति के लिए दुखी थे। इसलिए उन्होंने गुरु का शरण लिया। गुरु ने उन्हें यज्ञ कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जीवन में दु:ख आये तो संत सद्गुरु के पास जाना चाहिए। उन्होंने श्री राम कथा की चर्चा करते हुए कहा कि कथा सुनने से तीन प्रकार के कष्ट दूर हो जाते हैं। दैविक, दैहिक और भौतिक ताप नष्ट हो जाते हैं । उन्होंने कहा कि भगवान की कथा श्रवण मात्र से ही पापी पाप मुक्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि मानव का सबसे पहला कर्तव्य भक्ति करना है। जो फल दान और तीर्थ से नहीं मिलता है। वह कलयुग में कीर्तन, भजन सत्संग से प्राप्त होता है । मौके पर आनन्द सिंह ,शिव कुमार सिंह, शशि सिंह ,उमेश प्रसाद, जेपी सिंह, पन्नू सिंह , संतोष ,कुमार पांडेय, शिव शंभू नाथ सिंह मोहन ठाकुर, सुनील सिंह ,अखिलेश सिंह, राधेश्याम सिंह ,विमल कुमार, विमलेश सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# पलामू में स्कन्दमाता की पूजन हुई,कल खुलेंगे माता के पट

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू में शारदीय नवरात्रि के पांचवे दिन माता स्कन्दमाता की पूजन किया गया। स्थानीय मन्दिरो और पंडालों में माता के पांचवे रूप का आवाहन किया गया। वहीं इस दिन माता सती के स्वरूप मां ललिता की भी पूजा की जाती है। यह व्रत गुजरात और महाराष्ट्र में विशेष महत्व रखता है। शास्त्रों के अनुसार माता ललिता को दस महाविद्याओं में से एक माना जाता है। उन्हें महात्रिपुरसुन्दरी, षोडशी, ललिता, लीलावती, लीलामती, ललिताम्बिका, लीलेशी, लीलेश्वरी, ललितागौरी के नाम से भी जाना जाता है। इसी कारण इस दिन को ललिता पंचमी के नाम से भी जानते हैं। पलामू में नवरात्रि को लेकर चारों तरह अधिक चहल पहल देखी जा रही है। बाजारो में भी भीड़ उमड़ रही है। यातायात की व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन के द्वारा शहर के मुख्य मार्गो पर ब्रेकेटिंग भी किया जा रहा है। पंडालों के समीप भी जगह जगह ब्रेकेटिंग लगाया गया है। ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार का कोई असुविधा न हो। शुक्रवार को सुबह में माता स्कन्दमाता की पूजन किया गया और प्रसाद का भी वितरण किया गया। **आज खुलेंगे माता के पट :** पलामू में दो वर्ष के बाद दुगार्पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्री केंद्रीय दुगार्पूजा समिति के द्वारा भी सभी पंडालों के व्यवस्थापको को दिशा निर्देश दिया जा चुका है। कल से सभी पंडालों में माता के पट खुल जायेंगे। पट खुलते ही माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगेगी। श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए सभी पंडालों में विशेष सुविधा की जा रही है। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग अलग पंक्ति बनाया जा रहा है। वही पंडालों में विद्युत साज-सज्जा का भी काम अपने अंतिम चरण में है। **गरबा व डांडिया का होगा आयोजन :** श्रीकेंद्रीय दुगार्पूजा समिति के द्वारा इस बार स्थानीय शिवाजी मैदान में गरबा और डांडिया का भी आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष दुर्गा जौहरी ने बताया कि गरबा और डांडिया में भाग लेने वाले को अपना पंजीयन कराना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सभी प्रतिभागियों को ड्रेस कोड में भी आने को कहा गया है। शहर में पहली बार इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। जिसे लेकर युवक और युवक्तियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कई पंडाल के आयोजक द्वारा भी गरबा नाइट्स और डांडिया का आयोजन किया जा रहा है।

## सहियाओं ने आयुष्मान भारत जागरूकता रैली का किया आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल सीएस कार्यालय से शुक्रवार को आयुष्मान भारत जागरूकता रैली निकाली गयी। जागरूकता रैली के दौरान बीएलओ अनिल श्रीवास्तव और डीपीएम दीपक कुमार ने संयुक्त रुप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली सदर अस्पताल से छह मुहान जाकर पुनः वापस सदर अस्पताल लौट गयी। रैली में स्वास्थ्य सहिया और बिटीटी के एएनएम शामिल थीं। इन लोगों के द्वारा जागरुकता को लेकर नारा भी लगाया जा रहा था। इनका पहला नारा आयुष्मान भारत अपनाये स्वास्थ्य जीवन मुफ्त पाएं। दूसरा जहां चाहे कराएं उपचार अब ना होगा कोई लाचार। तीसरा गोल्डन कार्ड बनवाएं मुफ्त इलाज पाएं। इन्हीं नारों के साथ स्वास्थ्य सहियाओं का यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर राजकुमारी श्रीवास्तव उर्फ रजनी सिन्हा,विन्दू देवी, ललिता देवी,रीता देवी,मालती देवी, मीना देवी, प्रीति देवी,अंजू देवी, शशि देवी, ममता देवी, सरस्वती देवी, प्रियंका देवी सीमा

## दलाली में शामिल कुछ सहियाओं की वजह से अन्य सहिया हो रही है बदनाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में शुक्रवार को एकजुट होकर सहियाओं ने पत्रकारों को बताया कि सदर अस्पताल में कुछ स्वास्थ्य सहियाओं द्वारा खुलेआम दलाली का धंधा किया जा रहा है। इनके वजह से अन्य सहिया भी बदनाम हो रही है। सहियाओं के द्वारा बताया गया कि सदर अस्पताल के निकट कुछ दवा दुकान है,जहां दलाली का धंधा करने वाली कुछ सहिया उसके संपर्क में रहती हैं। इन सहियाओ के द्वारा सदर अस्पताल के मरीजों को बहला-फुसलाकर दवा लेने या फिर जांच के लिए मरीजों को इन दवा दुकान व जांच घर में भेजा जाता है। जहां इनका कमीशन बना होता है। इनके वजह से अन्य सहिया भी बदनाम हो रही हैं। सहियाओं ने पलामू एसपी से इसकी जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# आज से बदल जायेंगे कई नियम

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू के लोगों को आज से कई नियमों में बदलाव नजर आयेंगे। जो जिंदगी और जेब दोनों पर असर डालेगा। इन बदलावों में क्रेडिट-डेबिट कार्ड के नियमों से लेकर अटल पेंशन योजना से जुड़ी अहम नियम एलपीजी की कीमत और म्यूचुअल फंड के बदलाव तक शामिल हैं।

**आज से बदल जायेंगे डेबिट व क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियम :** आये दिन बढ़े रहे साइबर ठगी के मामलों पर शिकंजा कसने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक अहम बदलाव करने जा रहा है। दरअसल, आरबीआई क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड इस्तेमाल करने वालों के लिए आज से कार्ड-ऑन-फाइल टोकनाइजेशननियम ला रहा है। आरबीआई के मुताबिक, इस नियम के लागू होने के बाद कार्ड होल्डर्स को ज्यादा सुविधाएं और सुरक्षा मिलेगी।

**अटल पेंशन योजना में होगा बदलाव :** मोदी सरकार की सबसे पॉपुलर स्कीम अटल पेंशन योजना में बड़ा बदलाव हुआ है।आज से टैक्सपेयर्स इस योजना से नहीं जुड़ सकेंगे। नवीनतम संशोधन में कहा गया है कि आज से कोई भी ऐसा नागरिक जो आयकर दाता है या पहले रहा है, अटल पेंशन योजना में शामिल होने के लिए योग्य नहीं होगा। **घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में हो सकता है बदलाव :** हर महीने की पहली तारीख को सिलेंडर की कीमतों में बदलाव होता है। माना जा रहा है कि एक सितंबर को भी पेट्रोलियम कंपनियां एलपीजी सिलेंडर की कीमत में बदलाव कर सकती हैं । उम्मीद जताई जा रही है कि दाम घट सकते हैं।

# अस्पताल अधीक्षक ने महिला वार्ड के कर्मचारियों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदनीनगर।** सदर अस्पताल के महिला वार्ड में गुरुवार को एक स्टाफ द्वारा मरीज के परिजनों से ऑपरेशन के नाम पर 700 रुपये की मांग की गई थी। जिसे अखबार में भी प्रकाशित किया गया था। अखबार में मामला प्रकाशित होने के बाद अस्पताल अधीक्षक ने शुक्रवार को महिला वार्ड के सभी कर्मचारियों के साथ बैठक कर सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में किसी भी कर्मचारी के द्वारा यदि मरीजों से पैसे की मांग की जाती है तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें अस्पताल से तुरंत हटा दिया जायेगा। उसके साथ मामला ये भी आ रहा था कि बालाजी द्वारा सदर अस्पताल में तैनात सफाई कर्मियों के द्वारा भी मरीजों से पैसे ऐंठने का काम किया जा रहा हैं। अस्पताल अधीक्षक ने बालाजी के सुपरवाइजर को अपने पास बुलाकर उन्हें आदेश दिया कि यदि उनके कर्मचारी पैसा लेते है, तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल के महिला वार्ड में मरीज और मरीज के दो परिजन को रहने की व्यवस्था है। यदि उससे अधिक परिजन महिला वार्ड में रहते हैं तो यह भी गलत है। उनके ऊपर भी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि महिला वार्ड में महिला परिजन व स्टॉप आ जा सकते हैं। परंतु मेल स्टाफ का अंदर आना सख्त मना है। उन्होंने पत्रकारों को भी साफ तौर पर कह दिया है कि पत्रकार अस्पताल से संबंधित किसी भी समाचार के लिए आते है, तो वे पहले हमसे संपर्क करें। उन्होंने महिला वार्ड सहित अन्य वार्ड के नर्स और स्टाफ को आदेश दिया है कि कोई भी दलाल या व्यक्ति अस्पताल के अंदर घुसकर दलाली का धंधा करता है तो उन्हें पकड़कर पुलिस को फोन करें। पुलिस अपनी कार्रवाई करेगी।

## औद्योगिक प्रशिक्षण पदाधिकारी के 737 पद पर होगी नियुक्ति

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू में वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने आईटीआई का पढ़ाई किया है। उनके लिए राज्य में 737 औद्योगिक प्रशिक्षण पदाधिकारियों की नियुक्ति होगी। इसके लिए 18 अक्तूबर से ऑनलाइन आवेदन लिए जायेंगे। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने इसका विज्ञापन जारी कर दिया। एससी और एसटी अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा शुल्क 50 और अन्य के लिए 100 रुपए किया गया है। श्रम नियोजन, प्रशिक्षण व कौशल विकास विभाग के औद्योगिक सेवा संवर्ग के विभिन्न ट्रेडों के लिए अधिकारी बहाल होंगे। इसमें 711 नियमित और 26 बैकलॉग के पदों पर बहाली होगी। बैकलॉग पदों में 15 तरह के प्रशिक्षण पदाधिकारी बहाल होंगे। जबकि नियमित पदों में 26 तरह के पदाधिकारी नियुक्त होंगे। नियमित नियुक्ति में सबसे ज्यादा विद्युत के 133 प्रशिक्षण अधिकारी बहाल होंगे। इसके अलावा फिटर के 122, ड्राइंग के 78, गणित के 74 और वेल्डर के 60 प्रशिक्षण अधिकारी बहाल होंगे।

## जिला परिषद ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के उत्तरी जिला परिषद सदस्य राजू कुमार मेहता उर्फ एसपी मेहता ने पलामू उपयुक्त के नाम से जनसमस्याओं से संबंधित मांग पत्र उपविकास आयुक्त मेघा भारद्वाज को दिया है। राजू कुमार मेहता ने अपने पत्र में लिखा है कि हार्वे उच्च विद्यालय को प्लस टू उच्च विद्यालय का दर्जा दिया जाय। देवरी खुर्द पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय को हाई स्कूल का दर्जा दिया जाय। उत्क्रमित उच्च विद्यालय मलवरिया में पठन पाठन सहित गणित के शिक्षक की प्रतिनियुक्त करते हुए विद्यालय में 100 टेबुल डेस्क दिया जाय। देवरी खुर्द पंचायत में चौक से लेकर बनकट स्कूल तक पीसीसी पथ का निर्माण कराया जाय एवं मलवरिया विद्यालय में भवन बनकर तैयार है,जिसे हैंडओवर किया जाय। दंगवार, बड़ेपुर व देवरी कला पंचायत में पीसीसी पथ निर्माण,देवरी खुर्द पंचायत में अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकेंद्र का स्वीकृति दिलाने समेत कई जनसमस्याओं से अवगत कराया है। इस पत्र की प्रतिलिपि उच्च शिक्षा के सचिव को भी दिया है।

## कन्याओं को पौधा में पानी देने का अलग महत्व है: कौशल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बलरामपुर जिले के भेलवाड़ीह एकलव्य बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर जायसवाल ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नवरत्न पौधों का स्थापना कर 500 कन्याओं को प्रकृति कलश के रूप में पौधा पानी उपलब्ध कराया। उन्होनें कहा कि नवरात्र में फलहार भोजन करने का विधान है ।इसलिए लोगों के बीच फलदार पौधों को निःशुल्क वितरण भी किया। पर्यावरण धर्मगुरु ने कहा कि जिस प्रकार प्रतिवर्ष नवरात्र में लोग घर परिवार की खुशहाली व आत्मा की शांति के लिए घर में कन्याओं को भोजन पानी कराते हैं। उसी प्रकार धरती और ब्रह्मांड की आत्मा की शांति के लिए पूरे नवरात्र के समय कन्याओं को पौधा पानी देना चाहिए है। तभी नवरात्र में कलश पूजा और दुर्गा पूजा की सार्थकता बनी रहेगी। कौशल ने कहा कि पहले की तरह इस वर्ष भी पूरे नवरात्र में प्रकृति कलश यात्रा के तहत करीब 6 जिलों में लगभग पांच हजार कन्याओं को पौधा पानी देने का कार्य शुरू किया गया है। उसी के तहत पलामू के गजानन धाम से शुरू लातेहार जिले के हेरहंज और गारू प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय होते हुए आज छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के भेलवाड़ीह एकलव्य बालिका आवासीय विद्यालय में कन्याओं को पौधा पानी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने पर्यावरण, प्रकृति और प्रदूषण, समेत कई महत्वपूर्ण बातों की चर्चा करते हुए पर्यावरण धर्म का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कलश यात्रा का समापन भगवान शिव के समान वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया। स्कूल के प्राचार्य धनेश्वर राम ने पर्यावरणविद कौशल के द्वारा लंबे अरसे से सामाजिक एवं पर्यावरण के क्षेत्र में किए गए कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उन्हें दोबारा पुनः आने का न्योता दिया । प्रकृति कलश यात्रा में स्कूली कन्याओं के साथ शिक्षक रामनिवास पटेल, मृत्युंजय कुमार, समर सरकार, नटवर राम, स्वरूप राय, अंकित दास, गोपाल सिंह, साहिल कुमार, सुनील गुप्ता, आदि शामिल थे।

# बढ़ रहा है नशा का कारोबार, कम उम्र के बच्चें हो रहे है बर्बाद

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** आज के यूआ पीढ़ी नशा के लिए नए-नए तरकीब अपना रहे हैं। शहर में नशेड़ियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती चली जा रही है। उन्हें शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तथा आर्थिक पहलुओं से भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। फिर भी वे इस लत से छुटकारा नहीं पाना चाहते। ये हर चीज में नशा ढूढ़ने में लगे हैं। बीमारी से निजात दिलाने के लिए बनी दवाओं का उपयोग अब नशे के रूप में किया जाने लगा है। इतना ही नहीं सुलेशन, इंक रिमूबर, पेंट आदि भी नशा के रूप में लोग उपयोग करने लगे हैं। दवा दुकानदार भी अपने फायदे के लिए बिना डाक्टर की पर्ची देखे ही ये नशीली दवाएं बेंच रहे हैं। जिससे उनकी अच्छी आमदनी हो रही है। दर्द और एलर्जी से राहत दिलाने के लिए बनाई गई दवाइयों का उपयोग युवा वर्ग नशे के लिए करने लगे है। पेंटविन इंजेक्शन, कोरेक्स सीरप और स्पाजमो प्राक्सीवान कैप्सूल का नशे के लिए उपयोग किया जा रहा है। नशे के ये सामान मेडिकल स्टोर में 2 रुपए से लेकर 15 रुपए में आसानी से मिल जाते हैं। बताया जाता है कि स्पासमो प्राक्सीवान कैप्सूल पेट दर्द से राहत की दवा है। इसकी कीमत 2 रुपए है। युवा एक साथ चार से पांच कैप्सूल खाकर इसका उपयोग नशे के लिए कर रहे हैं। फिर भी ये दवाएं दुकानों में बिक रही है। **सुलेशन का भी ले रहे सहारा :** नशे के आदी बन चुके लोगों में कुछ लोग शराब के विकल्प को छोड़ सुलेशन का उपयोग नशा के रूप में कर रहे हैं। शायद इनके अंदर मौत का भी खौफ नहीं है। वे सुलेसन का सहारा नशा पूर्ति के लिए ले रहे हैं। सुलेसन का इस्तेमाल ऐसे हो रहा है जैसे हेरोइन और चरस का होता है। अहम बात यह है कि इस पर न तो जिला प्रशासन की बंदिश है और ना ही परिवार के लोगों को जानकारी। दुकानदार निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए सब कुछ जानने के बाद भी सुलेसन काफी हद तक बेच रहे हैं। **कैसे होता है सुलेशन का उपयोग :** सुलेसन को सूती कपड़े में लगाकर चीलम में डाल देते है फिर उसमें आग लगाकर गांजे की तरह कश लेते है। जिन्हे चीलम नहीं मिलती वे सीधे नाक से धुंआ निगलते है। इसका उपयोग करने वालों की माने तो यह शराब, गांजा और हेरोइन की तरह ही नशा देता है। कुछ लोग तो सुलेशन को एक सूती कपड़ा में डाल कर उसे मुंह के सहारे सांस लेकर इसका सेवन करते है। चिकित्सको का कहना है कि सुलेशन में एसीटोन होता है। जिसे सूंघने पर व्यक्ति को नशा होता है। इससे धीरे-धीरे नींद आती है तथा हृदय गति कम हो जाती है। इसका असर एल्कोहल की तरह ही होता है। ज्यादा लेने पर मौत का भी खतरा है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से आज पूरा विश्व चिंतित व प्रभावित है । जहां तक भारत का प्रश्न है, यहां यह समस्या गंभीर रूप धारण कर चुकी है। इसके दुष्प्रभाव से सरकार, समाज व आम आदमी परेशानी का सामना कर रहा है।

**नशा मुक्ति में परिवार की होती है अहम भूमिका :** नशा मुक्ति में परिवार की भूमिका अति आवश्यक तथा महत्वपूर्ण होती है। यदि परिवार अपने बच्चों की ऐसी गतिविधियों पर नजर न रखें। क्योंकि धीरे-धीरे वे बच्चे बुरी संगत में पड़ सकते हैं और अपने साथियों के साथ मिलकर छोटे-छोटे नशे करने का प्रयास करने लगते हैं। ऐसे में परिजनों को चाहिए कि अपने बच्चे के साथ समय बिताएं तथा अच्छे संस्कार दें। उसकी दिनचर्या अनुशासित व नियमित करने के लिए कदम उठाए जाएं। समय -समय पर मनोवैज्ञानिकों व मनोचिकित्सकों से संपर्क कर उसकी काउंसलिंग कराई जाए। आवश्यकता पड़ने पर उसे अच्छे नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया जाए। जहां उसका पूर्ण रूप से इलाज हो। उसको कभी अकेला न छोड़ा जाए तथा जब कभी वह अकेला महसूस करे तो अच्छे लोगों से संपर्क कराया जाए, जो उसमें अच्छे गुण पैदा करने में योगदान दें।

## न्यूज गैलरी

### थाना प्रभारी ने सफल प्रतिभागियों को किया सम्मानित



**श्री बंशीधर नगर।** नेहरू युवा केंद्र की ओर से हिंदी पखवाड़ा के मौके पर गर्ल्स हाईस्कूल में नारी शिक्षा विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रिया कुमारी गुप्ता, द्वितीय शिवानी कुमारी एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली खुशी कुमारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने कहा कि आज के समय में नारी को शिक्षित होना बहुत ही आवश्यक है। अगर नारी शिक्षित रहेंगी तो आने वाला भविष्य भी शिक्षित होगा। उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की। संस्था के स्वयंसेवक पीयूष चौबे ने नारी शिक्षा के महत्व को समझाते हुये कहा कि अगर हमें अपने देश को प्रगति की ओर ले जाना है तो महिलाओं को शिक्षित करना होगा। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सविता गुप्ता, शिक्षिका पूजा कुमारी, शिक्षक अकबर अली एवं युवा मंडल के सदस्य अखिल शुक्ला, रोशनी कुमारी, फौजिया सुहेल, खुशनुमा रानी सहित अन्य छात्राएं मौजूद थी

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित



**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर शुक्रवार को कन्या पूजन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य मनोज कुमार ने दीप प्रज्वलित व पुजन किया। इस कार्यक्रम के लिए कक्षा एक और दो की बच्चियां कन्या रूप में सजकर आयी थी। मां दुर्गा का नौ रूपों में कन्याओं का मनमोहक झांकियां प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य और आचार्य ने कन्याओं का आरती और पुजन के बाद उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुप्ता ने बताया की श्री भागवत पुराण के अनुसार शारदीय नवरात्र में कन्याओं को देवी का रूप मानकर आदर सत्कार एवं भोजन कराने से वस्तु दोष दुर होता है। उन्होंने कहा की विद्या मंदिर में शिक्षा के साथ साथ संस्कार और सांस्कृतिक का ज्ञान बच्चों को दिया जाता है। इस मौके पर आचार्य दीनानाथ चौधरी, धनंजय विश्वकर्मा, सबिता देवी, मीना देवी, शीला देवी, अभिषेक कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बाना मसूरिया के समीप बाइक दुर्घटना में पति-पत्नी घायल

**गढ़वा।** तिल्दाग बेलचंपा रोड में बाना मसूरिया के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में पति-पत्नी घायल हो गई। दोनों के इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल का पहचाना सदर थाना क्षेत्र के दरमी गांव निवासी जयराम शर्मा एवं उनकी पत्नी कुंती देवीके रुप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि जयराम शर्मा का पुत्र विकास शर्मा गढ़वा से एक मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपने माता-पिता को घर ले जा रहा था। इसी बीच बनामसूरिया के समीप सामने अचानक गाय के सड़क पार करने के दौरान गाय को बचाने के क्रम में दुर्घटनाग्रस्त हो गए आसपास के लोगों ने उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों घायलों को रेफर किया है।

### कीटनाशक खाकर महिला ने की आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के डंडई गांव निवासी संजय कुमार पासवान की पत्नी अनीता देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अनीता के पुत्र के साथ ही किसी बात को लेकर कहासुनी हुआ था। उसी के आक्रोश में अनीता ने कीटनाशक खा ली। स्थिति बिगड़ने पर अनीता ने उसकी सूचना परिजनों को दिया। परिजनों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### बाइक दुर्घटना में तीन युवक घायल

**गढ़वा।** गढ़वा रंका सड़क पर ओबरा मोड़ के समीप हुई बाइक दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है घायलों में सदर थाना क्षेत्र के रामचंद्र राम का पुत्र संदीप राम, शिव राम का पुत्र बीरू कुमार और संतोष कुमार शामिल है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि तीनों बाइक पर सवार होकर घूमने निकले हुए थे। उसी तरह ओबरा मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर बाइक से गिर गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

### भागवत गीता कथा में उमड़ रही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बरवाडीह में नवरात्र के उपलक्ष्य में हो रहे भागवत गीता कथा का भव्य आयोजन किया गया है। जिसमें प्रखंड क्षेत्र से हजारों की संख्या में इस कथा वाचन को सुनने के लिए बरवाडीह गांव पहुंच रहे हैं। बताते चलें कि लखनऊ से चलकर आई कथा वाचन रजनी शास्त्री के द्वारा कथा का वाचन किया जाता है। जिसमें कथा वाचन के बीच बीच में रजनी शास्त्री के द्वारा भजन की भी गाय की की जाती है जिसे सुन लोग मंत्रमुग्ध हो रहे हैं तथा कथा को सुन अपने जीवन में अपनाने की कोशिश कर रहे हैं। इधर कथा वाचन के बाद लोग प्रसाद भी ग्रहण कर रहे हैं। वहीं कथा में बीती रात हजारों लोगों की भीड़ उपस्थित थी। जहां भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूजा पंडाल के द्वारा काफी संख्या में भूल एनटीआर की भी तैनाती की गई है ताकि किसी भी महिला पुरुष श्रद्धालु को कोई दिक्कत ना हो ।

## जिला कल्याण पदाधिकारी ने लोगों को दी ऋण संबंधी जानकारी, कहा

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का उठाएं लाभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में शुक्रवार को जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश कुमार मुरमू की उपस्थिति में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत दी जाने वाले ऋण से संबंधित शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व सैकड़ों ग्रामीणों ने इस शिविर में भाग लिया । वही कार्यक्रम की अध्यक्षता चिनिया प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा के द्वारा किया गया । शिविर में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत दी जाने वाली 50000 से 2500000 तक ऋण के बारे में लोगों को जानकारी दी गई।

मौके पर उपस्थित जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश कुमार मुरमु ने बैठक में प्रखंड क्षेत्र से आए सैकड़ों ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा की युवाओं को स्वरोजगार के लिए झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की शुरूआत कर दी है। इस योजना के तहत राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नौजवानों को रोजगार देने के लिए 25 लाख रुपये तक के ऋण का प्रावधान किया गया है। इस योजना का लाभ एसटी एससी ओबीसी मन रोटी और दिव्यांगों को दिया जाएगा । इस योजना के तहत तीन प्रकार के लोन दिए जाएंगे जिसमें पहला सूक्ष्म ऋण के जिसके तहत लोगों को ?50000 ऋन दिए जाएंगे । दूसरा व्यवसाय ऋन के तहत 50000 से 2500000 रुपए तक ऋन दिए जाएंगे ?। तथा तीसरा वाहन ऋण जिसमें 2500000 रुपए दिए जाएंगे । वही 25 लाख तक का विकास योजना के तहत 40% अनुदान दिए जाएंगे बाकी शेष 60% का 6% ब्याज आपको देने होंगे । वहीं ऋन की राशि भरने का समय 5 वर्ष के लिए निर्धारित है । साथ ही उन्होंने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि इस योजना का लाभ समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने में अपना योगदान दें ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ मिल सके।

### कार्यक्रम में ये लोग थे उपस्थित

मौके पर प्रखंड अंचलाधिकारी निषात अंजुम,झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, कल्याण विभाग के विधायक प्रतिनिधि सुनील किसफोटा, कल्याण विभाग के प्रखंड पदाधिकारी दिनेश सिंह, मिथिलेश कुमार, मुखिया गोपाल कुमार यादव, रामेश्वर सिंह, जिम्मेदार परहीया, भरत सिंह,सहित सैकड़ों महिला-पुरुष इस कार्यक्रम में उपस्थित थे ।

# लोगों के लिए घरेलू सामान एक छत के नीचे हैं उपलब्ध : पिंकी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** राष्ट्रीय हस्त शिल्प मेला हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट कंस्यूमर का उद्घाटन गुरुवार की देर शाम नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केसरी ने फीता काटकर किया गया। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पिंकी केसरी ने कहा कि इस तरह का मेला का आयोजन से गढ़वा के लोगों को उचित मूल्य पर एक छत के नीचे अभी तरह के समान मिलता है। उन्होंने मेला समिति को इस आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इसी तरह के मेला गढ़वा में लगाते रहे ताकि गढ़वा के लोगों को सामान खरीदने में सहूलियत मिले। मेला समिति के संयोजक हितेश पाठक ने कहा कि राष्ट्रीय हस्त शिल्प मेला में भारत वर्ष के हस्त शिल्पकारों द्वारा 15 से 20 राज्यों द्वारा 55 से 60 स्टॉल लगाए है। जिसमे उत्तर प्रदेश मेरठ के खादी के कपड़े पानीपत का पर्दा, किचन वैयर, कोलकाता हैंडलूम के कपड़े, बनारसी साड़ी, भागलपुर सूट ड्रेस, मैटेरियल, राजस्थानी अचार, उत्तर प्रदेश भदोई का कारपेट, डॉर्मेट कालीन, लेडीज पर्स, लुधियाना कॉटन सॉक्स, ज्वाला खादी ग्रामोउद्योग की दवाईयां, सर्ट बॉम्बे बाजार की लेडीज चप्पल, जयपुर माउथ फ्रेशनर, बच्चों के लिए अनेक प्रकार के खिलोने महिलाओ के लिए सौन्दर्य प्रशाधान के सामान आदि घरेलु उपयोग 1 मिनट के नीचे उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि हाथ से बनाए गए आकर्षित सामानों का लोग खरीदारी करें।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने केतार चतुर्भुजी मंदिर में टेका मत्था



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** गढ़वा जिला के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश सरन सिंह नवरात्रि के अवसर पर सपरिवार शुक्रवार को केतार पहुंचे। उन्होंने सुप्रसिद्ध चतुभुर्जी मंदिर में पुजा अर्चना कर माथा टेका और मंदिर और यज्ञ का परिक्रमा के पश्चात संकल्प स्वरूप नारियल फोड़ा। इसके पश्चात यज्ञाचार्य रामेश्वर दास जी आशिर्वाद लिया।मुख्य न्यायाधीश राजेश सरन सिंह और उनकी पत्नी को मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष विकर्मा सिंह और यज्ञ कमिटी के सचिव गुडन पासवान ने मां चतुभुर्जी का तस्वीर भेंट की। इस अवसर सत्र न्यायाधीश राजेश सरन सिंह ने कहा की केतार जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में माता रानी का मंदिर होना अपने आप में गर्व की बात है। उन्होंने कहा की मुझे यहां आने का दुसरा बार मौका मिला है। उन्होंने कहा की यहां आने के बाद शांति महसूस होता है और मनोकामना पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा की जिस स्थान पर यज्ञ का आयोजन होता है वहां का वातावरण भक्तिमय, शुद्ध हो जाता है। उन्होंने मंदिर परिसर की साफ सफाई और विधी व्यवस्था की सराहना किया। मौके पर थाना प्रभारी संतोष कुमार,अमित खन्ना, नाजिर दीपक कुमार, रवि किशोर सिंह, महेंद्र राम, सोनू सिंह सहित मंदिर विकास समिति और यज्ञ कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

## कल्याण विभाग की योजनाओं को लेकर हुई बैठक

# सीएम रोजगार सृजन योजना के 50 आवेदन जमा



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो की अध्यक्षता मे खरौंधी प्रखंड के प्रखंड कल्याण विभाग की बैठक आयोजित किया। उन्होंने सभी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विस्तृत से जानकारी दिया। जिसमे मुख्य रूप से एसटी एससी ओबीसी एवं अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को कल्याण विभाग से मिलने वाले सुविधाओं का जानकारी दिया गया। बीडीओ ने मुख्य रूप से सरकार द्वारा चलाए जा रहे मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना एवम मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत मिलने सहायता अनुदान के लिए कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

### योजनाओं के संबंध में दी गयी जानकारी

चिकित्सा सहायता योजना के तहत तीन हजार से पच्चीस हजार तक सहायता देने के बारे में विस्तार से बताया किन-किन लोगों को यह सुविधा मिल सकती है। उन्होंने कहा है कि बेरोजगार युवक एवम युवतियों इस महत्वपूर्ण योजना से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत पचास हजार से पच्चीस उन्होंने अपील किया कि आप सभी इस योजना के लिए अपने प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी के पास अपना आवेदन दे सकते हैं। वहीं प्रखण्ड के बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, प्रमुख श्रीमती आभा रानी,इत्यादि लोगों ने भी अपनी अपनी बातों को रखा। बैठक में मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के तहत 4 आवेदन एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 50 आवेदन प्राप्त हुए। बैठक में उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान,विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विनोद पासवान, जीपीएस उमेश कुमार, पंचायत सचिव कपिलदेव सिंह, बीडीसी विकास सिंह ,चन्दनी मुखिया रामगहन मेहता, संतोष कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सिवरी गांव में कीटनाशक दवा खाने से युवक की मौत

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के सिवरी गांव निवासी मनदीप भुइया का पुत्र चंदन कुमार 21 वर्ष कीटनाशक दवा खाने से उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि किस बात के लिए चंदन कीटनाशक दवा खाया इसकी जानकारी किसी को नहीं है। जब उसकी स्थिति बिगड़ी तो परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इधर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना है।

## मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना को लेकर हुई बैठक

# योग्य लाभुकों को अनुदान राशि देने पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड कार्यालय कक्ष में सोमवार को बीडीओ सोमा उरांव की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत योग्य लाभुकों को अनुदान राशि देने के बारे में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि प्रखंड में निवास करने वाले अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति एवं अल्पसंख्यक लोगों को सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहायता राशि प्रदान की जा रही है। जिसके तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले एवं कम आय वाले लोगों को कल्याण विभाग के द्वारा स्वास्थ सहायता योजना के तहत तीन हजार रुपए से लेकर दस हजार रुपए तक का अनुदान राशि देना है। वीडियो ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक द्वारा जाति, आय, निवास, राशन कार्ड, खाता संख्या के साथ-साथ चिकित्सा पदाधिकारी से अनुशंसा करा कर आवेदन को प्रखंड कल्याण विभाग के कार्यालय में जमा करें। प्रखंड समिति द्वारा योग्य लाभुकों का चयन कर सूची जिले को भेज दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं व चिकित्सीय उपचार को बेहतर करने का प्रयास कर रही है। इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने को लेकर शिविर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। शिविर में योग्य लाभुकों का चयन करते हुए चिकित्सा प्रभारी द्वारा मरीजों की जांच पड़ताल कर अविलंब अनुशंसा किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से मेराल चिकित्सक अनूप मड़की, जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान, प्रमुख प्रतिनिधि घुरबिग्न बैठा विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम, सांसद प्रतिनिधि उत्तम देव प्रजापति, 20 सूत्री उपाध्यक्ष भोलाराम, कल्याण पदाधिकारी बलराम शर्मा आदि उपस्थित थे।

# केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं से आम जनता को पहुंच रहा सीधा लाभ : विधायक




**नवीन मेल संवाददाता**

**भाजपा।** गढ़वा जिला द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष संजय भगत के अध्यक्षता में मां नगीना शाही कालेज श्री बंशीधर नगर में मोदी @20 मोदी सरकार के आठ वर्ष पुरा होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत माता के चित्रों पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि मोदी भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं कल तक जो देश भारत को कमजोर समझते थे वे लोग भारत के सामने मस्तक झुकाकर खड़े हैं। उन्होंने कहा की मोदी सरकार ने देश में अनेकों योजनाएं बनाई जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। आवास योजना उज्जवला योजना जनधन योजना आयुष्मान भारत योजना से गरीब को सीधा लाभ मिल रहा है। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि मोदी सरकार ने अन्न योजना चलाकर सबको अनाज देने का काम किया था और वह योजना लगातार चल रहा है इससे गरीबों को काफी फायदा हुआ है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, जिला उपाध्यक्ष उमेन्द्र यादव, जिला महामंत्री विकास स्वदेशी, जिला मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, जिला कार्यसमिति सदस्य लवली आनंद, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, श्री बंशीधर नगर मंडल अध्यक्ष कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने पीडीएस का 80 बोरा गेहूं जब्त कर प्रशासन को सौंपा, बोले एसडीओ

# जांच कर कालाबाजारी करने वालों पर होगी कार्रवाई





श्री बंशीधर नगर- प्रखंड के भोजपुर पंचायत स्थिति टीकुलडीहा ग्राम में प्रभु साह के मुर्गी फार्म में पीडीएस का 80 बोरा गेहूं ग्रामीणों के ने पकड़कर प्रशासन को सौंप दिया है.ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 5 बजे एक ट्रैक्टर पर पीडीएस का गेहूं लदा हुआ भोजपुर के पश्चिम टोला स्थित स्वीटी जागृति समूह में आया था फिर वहां से वापस आकर प्रभु साह के मुर्गी फार्म में गेहूं को उतारा गया.ग्रामीणों को शक होने पर प्रभु शाह के मुर्गी फॉर्म में देखा गया तो वहां पर भारी मात्रा में गेहूं पाया गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी एसडीओ आलोक कुमार एवं थाना प्रभारी को दूरभाष के माध्यम से दिया. एसडीओ आलोक कुमार के निर्देश पर मजिस्ट्रेट अजय तिर्की एवं पुअनि सुनील दास प्रभु साह के मुर्गी फार्म में पहुंचकर गेहूं को जप्त कर थाना ले आये है। ग्रामीणों ने बताया कि पीडीएस का गेहूं उतारकर ट्रैक्टर फरार हो गया है. पीडीएस का गेहूं प्रभु साह के मुर्गी फार्म में बोरा बदलने के लिये रखा गया था। पीडीएस का बोरा को भी बदल लिया गया था। सभी पीडीएस के बोरा को बगल के स्कूल के नजदीक झाड़ी में छुपा दिया गया था। ग्रामीणों के द्वारा खोजबीन कर प्रशासन को बोरा भी सौंप दिया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि गेहूं किसका है इसकी जांच कर प्रशासन पीडीएस का गेहूं कालाबाजारी करने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई करें। पीडीएस का बोरा में जो मुहर लगा हुआ है वह मध्य प्रदेश का है। पीडीएस के गेहूं की कालाबाजारी मध्य प्रदेश से झारखंड तक किया जा रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि सुबह में लोगों के द्वारा दूरभाष के माध्यम से जानकारी दिया गया कि भोजपुर में पीडीएस के गेहूं का ट्रांसपोर्ट हो रहा है। जानकारी मिलते ही मजिस्ट्रेट भेजकर जांच किया गया। प्रथम दृष्टया 70-80 बोरा गेहूं मध्य प्रदेश पीडीएफ का है। उन्होंने कहा कि हम लोगो द्वारा गहनता से जांच कर उचित करवाई किया जाएगा। पिछले दिनों एक ट्रक गेहूं पकड़ा गया था। कहीं ना कहीं लोग जागरूक हो रहे हैं। कहीं किसी को भी कुछ सूचना मिलती है तो हमें जानकारी दें कालाबाजारी करने वाले लोगों पर कार्रवाई किया जाएगा।

# यदि गद्दी पर भरत जैसा राजा आसीन हो जाय तो स्वतः रामराज्य आ जायेगा: नीलम



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** नवरात्र के चौथे दिन गढ़वा प्रखंड के मध्या पंचायत के झुरा गांव में ग्राम विकास समिति के बैनर तले 16 वें दुर्गा पूजा महोत्सव में चल रहे राम चरित्र मानस का प्रवचन करते हुए व्यासपीठ से कथा वाचिका मानस कोकिला सुश्री नीलम शास्त्री ने भरत चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भरत त्याग की प्रतिमूर्ति थे। त्याग का दूसरा नाम ही भरत है। रामचरित्र मानस में तो भरत जी का चरित्र आराध्य राम से भी बड़ा बताया गया है। स्वयं प्रभु श्री राम ने भरत की प्रशंसा की है। आगे भरत चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यदि भरत की गद्दी पर भरत जैसा राजा आसीन हो जाए तो स्वतः रामराज्य आ जाएगा, उसके लिए अलग से प्रयास करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आगे उन्होंने प्रवचन के दौरान कहा कि आज समय की मांग है कि हर भाई अपने भाई से प्यार करें, प्रेम करें। और यदि ऐसा होता है तो वह दिन दूर नहीं जब हम अपने रामराज्य की कल्पना को साकार होते देख पाएंगे। आज भरत के समान त्याग और प्रेम रखने की जरूरत है तभी हमारे घर का, समाज का, राज्य का, देश का और आगे विश्व का कल्याण हो सकता है।

## न्यूज गैलरी

### मिजोरम कमाने गये सेरक के युवक की मौत, आज गांव पहुंचेगा शव

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरक पंचायत के मूर्तिया (किता) निवासी शिव दयाल उरांव के पुत्र शंकर उरांव (32) वर्ष की मौत मिजोरम में हो गई। मृतक मिजोरम में सड़क निर्माण का कार्य कर रही कंपनी अनुषा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में चालक का काम करता था। बताया जाता है कि शंकर करमा पर्व पर गांव आया हुआ था वह लगभग 20 दिन पहले ही फिर से काम करने के लिए मिजोरम चला गया वहां उसकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई जिससे की उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है मृतक के दो छोटे बच्चे भी है घटना की सूचना मिलते ही सेरक मुखिया अनिता भगत पीड़ित परिवार से मिल उन्हें ढाँढस बढ़ाया। मुखिया ने इसकी सूचना लातेहार विधायक बैधनाथ राम समेत प्रखंड के अधिकारियों को दी उन्होंने मिजोरम स्थित अनुषा कंपनी के अधिकारियों से भी बात की कंपनी के लोगों ने कहा कि मृतक के शव को उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था की जारी रही है। मिली जानकारी के अनुसार कंपनी के लोग शंकर के शव को लेकर निकल चुके थे शनिवार अहले सुबह शव गांव पहुँचने की उम्मीद जताई जा रही है।

### जनता दरबार में ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर दिया आवेदन




**महुआडांड़।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में परिसर में बीडीओ अमरेन डांग ने जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में ग्रामीणों के द्वारा प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, राशन कार्ड, पेंशन से संबंधित आवेदन दिया गया। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग ने कहा जनता दरबार में जो समस्या के आवेदन आते हैं, उसे तत्काल निष्पादन करने की कोशिश की जाती है। मौके पर ग्राम सेविका प्रिसिला खलखो, पुलिस्ता एक्का समेत कई आवेदन कर्ता मौजूद थे।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पहाड़ी शिव मंदिर मे चला सफाई अभियान



**बरवाडीह।** बरवाडीह के ऐतिहासिक पहाड़ी शिव मंदिर में पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, स्वच्छता विभाग के प्रखण्ड समन्वयक सुनील कुमार व प्रखण्ड की जलसहिया के नेतृत्व मे चलाया गया पर्यटन स्वच्छता अभियान 23अक्टूबर तक झारखंड सरकार की मुहिम पर्यटन स्वच्छता अभियान चलाया जाना है। जिसे लेकर बरवाडीह प्रखण्ड के सभी पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसे लेकर शुक्रवार को पहाड़ी शिव मंदिर मे स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के तहत पूरे मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान बीडीओ राकेश सहाय ने कहा हम सभी को अपने घरों के आसपास के क्षेत्रों के अलावे प्रखंड के सभी पर्यटन स्थल का साफ सफाई अवश्य रखना चाहिए ,ताकि हमारे क्षेत्र दूसरे जगह से आए लोगो को दिखे की हम स्वच्छता के प्रति कितने सजग है। मौके पर सुनील कुमार मुखिया जितेंद्र सिंह सभी जलसहिया समेत काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति थी।

### पुलिया के पास बहा सड़क, आवागमन में हो रही परेशानी



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के चतरा–हजारीबाग मुख्य पथ स्थित चिरैया मोड़ से चिरैया गांव तक कालीकरण पथ में बरसात के पास बने पुलिया के पास वर्षा के पानी से सड़क का आधा से अधिक हिस्सा बह गया है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है। उक्त पथ से चिरैया, बेंदिया, पूणाडीह सहित आधा दर्जन गांव के लोगों का आवागमन होता है। मालूम हो कि उक्त पथ ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संवेदक धर्मेंद्र कुमार सिंह के माध्यम से लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से लगभग 3 किलो मीटर सड़क बनाया गया है। ग्रामीणों ने बताया की पथ निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। जिसके कारण सड़क की स्थिति जर्जर हो गई है। ग्रामीणों ने जिला व प्रखंड प्रशासन से पथ की जांच कर विभाग व संवेदक पर कार्रवाई करते हुए पुलिया के पास बहे सड़क की मरम्मत करने की मांग की है।

### वीर लाईन स्टूडियो का मुखिया ने किया उद्घाटन



**गिद्धौर(चतरा)।** शुक्रवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड ग्रामीण बैंक के समीप वीर लाईन स्टूडियो का उद्घाटन किया गया। स्टूडियो का उद्घाटन मुखिया निर्मला देवी, दुकान संचालक की मां किरण देवी, समाजसेवी उमेश गोप व मुकुटधारी दांगी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि प्रखंड वासियों के लिए बहुत ही खुशी की बात है की ऐसे प्रतिष्ठान गिद्धौर में खल रहे हैं, इससे चौक–चौराहे की शोभा बढ़ती है और लोगों को सहुलियत भी होती है। स्टूडियो के संचालक रवि कुमार ने बताया की स्टूडियो में वीडियो मिक्सिंग, कैसेट एल्बम, फोटो प्रिंटिंग, कप, टीशर्ट में फोटो प्रिंटिंग तथा खेल कूद से सम्बंधित प्रिंटिंग, शादी व पार्टी का फोटो व वीडियोग्राफी का काम किया जाएगा। मौके पर इंद्र देव साव, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रेमचंद कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार गुप्ता, महानंद यादव, अशोक कुमार गुप्ता, राजू दास, विक्रम कुमार गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे।

## एसडीओ ने की मिष्ठान व फॉस्ट फूड दुकान की ऑन स्पॉट जांच, कहा

# खाद्य पदार्थ में मिलावट कतई बर्दाश्त नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** दशहरा एवं दुर्गा पूजा को देखते हुए उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार के नेतृत्व में जिला मुख्यालय के मिष्ठान दुकानों की जांच की गई। जांच के क्रम में कुल 15 दुकानों में बने मिष्ठानों एवं चार फास्ट फूड की दुकानों की जांच ऑन स्पॉट रांची से आऐं फूड वाहन की टीम के द्वारा की गई। जांच के क्रम में मनपसंद मिष्ठान, आयुष्मा स्वीट्स,पलामू स्वीट्स, स्पापाइसी विलेज एवं होटल मनोज चौरसिया में खाद्य सुरक्षा के नियम के विरूद्ध सामग्री बनाए जाने पर जुर्माना लगाया गया। वहीं अंतिम चेतावनी देते हुए अगली बार खाद्य सामग्री में मिलावट पाऐं जाने पर लाइसेंस रद्द करने की बात कही। जांच के क्रम में एसडीओ शेखर कुमार ने स्पष्ट कहा कि खाद्य सामग्री में मिलावट बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा के तहत ही दुकानदार मिष्ठान एवं अन्य सामग्री बनाए अन्या नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार ने दुकानदारों से कहा कि खाद्य सामग्री गुणवत्तापूर्ण नहीं होने से इसका सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है,ऐसे में आपसभी खाद्य सुरक्षा द्वारा बनाए गए गाइड लाइन का पालन करें,ताकि लोगों के स्वास्थ्य पर इसका कोई असर नहीं पड़े। मौके पर अनुपम कुमार,समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

#### इन मिष्ठान दुकानों की हुई जांच

एसडीओ शेखर कुमार एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार ने जिला मुख्यालय के माही स्वीट्स,स्वीट्स एंड स्नैक्स,नेहा स्वीट्स,मॉं लक्ष्मी होटल,नरेश होटल, गब्बर होटल, मनपसंद होटल,गया होटल,अवध जी का ढाबा,माही स्वीट्स, आयुष्मा स्वीट्स, दीपक स्वीट्स, उपहार स्वीट्स, पलामू स्वीट्स, मां तारा एवं स्पाइसी विलेज की जांच की। वहीं तीन फॉस्ट फूड की दुकान की भी जाच की गयी। जिनमें उदय फूड,रामपाल फास्ट फूड एवं अंडा सॉस दुकान शमिल है।

#### पांच मिष्ठान दुकान पर लगाया 6500 का जुर्माना

एसडीओ एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सामग्री की जांच कर रही टीम के द्वारा पांच मिष्ठान दुकानों में खाद्य नियमावली के तहत सामग्री नहीं बनाए जाने पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया। जिसमें मनपसंद मिष्ठान पर 2000,आयुष्मा स्वीट्स 1000,पलामू स्वीट्स 2000,स्पाइसी विलेज 1000 एवं मनोज चौरसिया 500 सौ का जुर्माना लगाया गया।

**सुधीर पान दुकान में प्रतिबंधित पान मसाला को किया नष्ट :** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा थाना चौक स्थित सुधीर पान दुकान की भी जांच की गई,जहां प्रतिबंधित पान मसाला पाया गया,जिससे नष्ट कर दिया गया एवं दुकानदार को कड़ी हिदायत दी गई।

## तुबेद कोल माइंस विवाद को लेकर भाजपा नेता ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने भारत सरकार के ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर सदर प्रखंड के मंगरा गांव में तुबेद कोल माइंस के भूमि पूजन में हुए विवाद और यहां की समस्याओं से अवगत कराया। पत्र में लिखा है कि लातेहार जिला जो कि आदिवासी मूलवासी बहुल क्षेत्र है। यह क्षेत्र मेसो क्षेत्र घोषित किया गया। क्षेत्र में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है। बड़ी संख्या में लोग यहां से पलायन करते हैं। ऐसे में क्षेत्र में रोजगार एवं समृद्धि के अवसर को लेकर भारत सरकार के द्वारा लातेहार सदर प्रखंड अंतर्गत मंगरा गांव, तुबेद कोल माइन्स डीवीसी को आवंटित किया गया है। लेकिन यहां के डीवीसी के अधिकारी और डीवीसी के द्वारा कॉन्ट्रैक्ट में रखे गए कंपनी के कार्यशैली के कारण कंपनी के प्रति ग्रामीणों में काफी गुस्सा है जो कि कभी भी सड़कों पर दिख सकता है।

प्रतुल ने आगे लिखा है की उन्होंने स्वयं इस क्षेत्र का दौरा किया था और प्रभावित आदिवासी मूलवासी परिवारों से मुलाकात की थी। प्रतुल शाहदेव ने ऊर्जा मंत्री से तुबेद कोल माइंस के लिए विशेष दल का गठन कर स्थलीय जांच व ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कर उनका समाधान ढूंढने का आग्रह किया है। श्री शाहदेव ने इसकी प्रतिलिपि मुख्य सचिव, झारखंड सरकार , चेयरमैन, डीवीसी, उपायुक्त लातेहार, आरक्षी अधीक्षक लातेहार और प्रोजेक्ट हेड, डीवीसी, तुबेद कोल ब्लॉक, लातेहार को भी भेजा है।

## बरवाडीह अंचल कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार का किया गया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** जिला उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया जहां जनता दरबार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के साथ-साथ प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र की जीप सदस्य सन्तोषी शेखर पूर्वी के सदस्य कन्हाई सिंह 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी और विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू उपस्थित रहे । जनता दरबार के दौरान जहां छेचा पंचायत के उप मुखिया राणा प्रताप सिंह ने पंचायत के बाल किशन सिंह के साथ मिलकर बीते 1 माह पूर्व वज्रपात के दौरान बाल किशन सिंह के दो पशुधन की मौत के मामले में मुआवजा दिलाने को लेकर आवेदन देने का काम किया। इसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा मामले में संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को जांच कर जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दे दिया . । वहीं इस दौरान प्रखंड के लगभग आधे दर्जन से अधिक लोगों के द्वारा विधवा और विधा पेंशन को लेकर आवेदन देने का काम किया गया जिसकी तत्काल स्वकृति प्रदान प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा कर दी गई । वहीं लगभग 3 घंटे के जनता दरबार के दौरान 2 दर्जन से अधिक मामले राशन पेंशन आवास भूमि से संबंधित प्राप्त हुए, जिनमें से आधे से अधिक मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया । इस दौरान अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद प्रखंड सहायक कृपा टोप्पो विजय कुमार पप्पू अरुण कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

## बीएस डीएवी के बच्चों ने मनाया डांडिया डे

# नाटक मंचन कर दर्शकों का मोहा मन




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार। शहर के जलता स्थित** भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शुक्रवार को सीसीए कार्यक्रम के अंतर्गत डांडिया डे मनाया। वही बच्चों ने रामायण के कई महत्वपूर्ण प्रसंगों को नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत कर सभी को दशहरा पर्व के बारे में भी बतलाया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के कक्षा एक और दो के बच्चों ने दुर्गा पूजा विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता और कक्षा तीन और 4 के विद्यार्थियों ने हाउस बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता में भाग लिया।

सीनियर में कक्षा पांच, छह, सात और आठ के बच्चों ने रामायण के प्रसंग को नाटक के रूप में प्रस्तुत किया । बच्चों ने भगवान श्री राम,लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न ,राजा दशरथ ,हनुमान, सुग्रीव, वानर सेना, मां दुर्गा, रावण और अयोध्या वासी बनकर प्रस्तुति दी । मंच पर उतरे छोटे छोटे बच्चों को इस मनमोहक रूप में देखकर दर्शक दीर्घा में उपस्थित विद्यालय परिवार जोरदार तालियों से इनका स्वागत किया । सभी बच्चों में अपने अपने चरित्र-पात्र प्रस्तुति को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला । विद्यालय के संगीत शिक्षक सूरज कुमार मिश्रा के निर्देशन में प्रस्तुत नाटक में तीन दृश्यों को दर्शाया गया । विद्यालय के सभी बच्चों ने नवरात्र सेलिब्रेशन में एक से बढ़कर एक मनमोहक डांडिया- गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री प्रभात रंजन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों को कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में अपनी धार्मिक संस्कृति के प्रति सकारात्मक संदेश और सामाजिक जागरूकता फैलती है। मौके पर प्रभात रंजन, संगीत शिक्षक सूरज मिश्रा अरुण पांडेय, शिक्षिका शकुंतला पाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के शासी समिति की हुई बैठक

**चतरा।** शुक्रवार को डीआरडीए प्रशिक्षण भवन में आयोजित जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के शासी समिति की बैठक में राज्य के श्रम मंत्री सत्यानन्द भोगता व सांसद सुनील कुमार सिंह शामिल हुए। बैठक में जिले के विकास हेतु कई महत्वपूर्ण योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। इस दौरान चयनित लाभार्थियों के बीच करोड़ों रुपए की परिसम्पत्तियों का वितरण मंत्री श्री भोगता, सांसद श्री सिंह एवं सिमरिया विधायक किशुन दास के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैठक में मंत्री, सांसद, विधायक सिमरिया, जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, उपायुक्त अबू इमरान, उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, एसडीओ मुमताज अंसारी समेत सभी विभागों के वरीय अधिकारी मौजूद थे।

## शांति व्यवस्था को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

**मयूरहंड(चतरा)।** दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने को लेकर मयूरहंड थाना क्षेत्र में बीडीओ सह सीओ साकेत कुमार सिन्हा, पुलिस निरीक्षक शिव प्रकाश व थाना प्रभारी रामवृक्ष राम के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च करमा मोड़ से प्रारंभ हुआ जो थाना पहुंचकर समाप्त हुआ। इस क्रम में लोगों से पूजा शांतिपूर्वक मनाने, सरकारी आदेश का पालन करने की आपील की गई। वहीं लोगों को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा मनाने व दुकानदारों से सड़क पर दुकानें नहीं लगाने का निर्देश दिया गया। फ्लैग मार्च में बीडीओ, पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारी के अलावे एसआई श्रीराम पंडित, सहायक अवर निरीक्षक पंकज कुमार के अलावे सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# 200 वर्षों से इटखोरी टाल पर हो रही दुर्गा पूजा, फल व भथुआ की दी जाती हैं बलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**इटखोरी(चतरा)।** जिले के ऐतिहासिक धार्मिक नगरी इटखोरी प्रखंड में क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के आयोजन का दशकों पुराना इतिहास है। इटखोरी टाल पर दो सौ वर्ष से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो इटखोरी टाल पर दो सौ वर्ष पूर्व राजा देवनारायण सिंह के देखरेख में पूजा शुभारंभ हुआ था। सौ वर्ष पहले यहां भैंसों की बलि देने की प्रथा थी। अब नारियल, गन्ना, फल व भथुआ की बलि दी जाती है। क्षेत्र के बुजुर्गों का कहना है कि पूर्व में राजा के घर से ब्राह्मण एक पैर पर चलकर मिट्टी लाकर पूजा करते थे। हालांकि अब एक पैर पर ब्राह्मण मिट्टी नहीं लाते हैं, पर पुरानी प्रथा का निर्वाहन करते हुए राजा के देहांत के बाद ग्रामीण सामूहिक रूप से पूजा समिति का गठन कर पूजा का आयोजन कर रहे हैं। पूर्व में 1980 से 1994 तक पूजा समिति के अध्यक्ष विजय सिंह रहे थे। दूसरी और इटखोरी चौक में दुर्गा पूजा आयोजन 1994 से किया जा रहा है। वहीं प्रखंड के परोका गांव में 1993 से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। वर्तमान समय में प्रखंड के इटखोरी चौक, इटखोरी टाल, परसौनी तुम्बी चौक, परोका, गुल्ली व पितीज में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर नवरात्र में पूरे विधि विधान पूर्वक पूजा की जा रही है। उपरोक्त सभी स्थानों पर दशहरा का मेला भी लगता है। लेकिन इटखोरी टाल पर की दुर्गा पूजा से प्रखंड के लोगों की आस्था आज जुड़ी हुई है। प्रखंड के अधिकांश गांव के लोग नवरात्र में इटखोरी टाल पर की मां दुर्गा का दर्शन करने आवश्यक रूप से आते हैं।

## 37 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार, भेजे गये जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सदर थाना क्षेत्र के गंधरिया से 37 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि एसपी के दिशा निर्देश पर सूचना के आलोक में पुलिस उपाधीक्षक( प्रशिक्षु ) धनंजय राम के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया और टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चतरा-इटखोरी मार्ग पर गंधरिया मस्जिद के पास वाहन चेकिंग लगाया, इस दौरान बाइक पर सवार दो व्यक्ति पुलिस टीम को देख भागने का प्रयास किया। जिन्हें पीछा कर पकड़ कर तलाशी ली गई, जिसमें 37 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर, दो स्मार्टफोन एवं एक कीपैड फोन, 170 रुपये व लाल रंग का पैशन प्रो बाइक बरामद किया गया। गिरफ्तार मनोज साव पिता स्व. मकुल साहू व नन्कू उर्फ तालेश्वर रजक पिता श्यामदेव रजक दोनों साकिन चिरिदिरी थाना राजपुर निवासी को जेल भेज दिया गया। छापामारी टीम में सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली, एसआई प्रकाश सेठ, शिकन्दर शिंकु, एसआई अजय कुमार व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## सांसद सुनील सिंह की अध्यक्षता में हुई दिशा की समीक्षा बैठक

# क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान ससमय करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** सांसद सह जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में दिशा की समीक्षा बैठक शुक्रवार को हुई। सर्वप्रथम पूर्व के बैठक में लिए गये निर्णयों का सांसद ने विभागवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं फसल बीमा क्षतिपूर्ति की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी को क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान ससमय करने का निर्देश दिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को पोषाहार वितरण में पारदर्शिता रखने का, दूर संचार के मोबाइल प्रदाता बीएसएनएल को जल्द से जल्द 4जी सेवा प्रारंभ करने की कार्रवाई करने, स्वच्छ भारत मिशन में शौचालय का उपयोगिता प्रमाण पत्र दुरुस्त करने, अपर समाहर्ता को भू अभिलेख के कम्प्यूटरीकरण एवं अपडेशन के कार्य में तेजी लाने, जिला शिक्षा अधीक्षक को सभी शिक्षकों का ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने का, निर्देश दिया। इसके अलावे प्रतापपुर में अवैध भूमि कब्जा की शिकायत पर अविलम्ब उचित कार्रवाई करने, आपूर्ति विभाग को धान क्रय का भुगतान लाभुकों को ससमय करने, खाद्यान का ससमय कराने, अयोग्य कार्डधारियों को चिन्हित कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन को जिले में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए उनकी प्रतिनियुक्ति जरूरत के अनुरूप करने, सांसद मद से प्रदत बाईक एम्बुलेंस का सदुपयोग करने का निर्देश दिया गया। सांसद ने बताया कि अब चतरा में बिजली ट्रांसफार्मरों के मरम्मति का कार्य हो जाएगा इसके लिए उन्होंने कार्यपालक अभियंता को त्वरित गति से अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त अबु इमरान ने जिले के विकास के लिए सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा। अंचलाधिकारी को कैम्प लगाकर भूमि संबंधि मामलों का निबटारा करने का निर्देश दिया। अगर प्रज्ञा केन्द्र इस कार्य में अभिरूचि नहीं ले तो उसे अविलम्ब कार्यमुक्त करने को कहा। बैठक में सिमरिया विधायक किशुन दास, उपायुक्त, जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, जिप उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, दिशा के सभी सदस्य सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

#### चतरा-गया रेल लाइन योजना को मिली अंतिम मंजूरी

**चतरा।** अति महत्वकांक्षी चतरा–गया रेल लाइन योजना को अंतिम मंजूरी मिल गई है। स्वीकृति से संबंधित पत्र सांसद सुनील कुमार सिंह व डीसी अबु इमरान को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भेजी है। मिली जानकारी के अनुसार 5452 करोड़ रुपए की लागत से 99.345 किलोमीटर लंबे रेल लाइन का निर्माण होगा। जो बिहार के गया से झारखंड के चतरा को जोड़ेगा। कूल 197 ब्रिज, आरओबी व टैनल लाइन का होगा निर्माण। इसके लिए भूमि अधिग्रहण को ले राज्य सरकार को 926 करोड़ मिला है। वहीं भूमि अधिग्रहण में जिला प्रशासन जुटा गया है।

## विभागीय लापरवाही से आवास योजना के लाभ से वंचित महिला



**अजीत कुमार यादव**

**कुंदा(चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मेदवाडीह (टोला हथियापत्थल) निवासी विधवा अनीता देवी विभागीय लापरवाही के कारण आवास योजना के लाभ से वंचित है। ऐसे में विधवा टूटे घर में अपने दो बच्चों संग जीवन दांव पर लगाकर रहने को मजबूर है। ज्ञात हो की 28 वर्षीय अनीता देवी के पति प्रमोद भारती की मृत्यु लगभग एक वर्ष पूर्व हो चुकी है। महिला की दयनीय हालात को देख समाजसेवी द्वारा पंचायत स्तर पर अंबेडकर आवास को लेकर आवाज पहुंचाई गई, लेकिन इस पर कार्रवाई नही की गई। हालांकि अंबेडकर आवास की स्वीकृति के क्रम में पंचायत कर्मी व पदाधिकारी ने आश्वासन दिया था कि महिला को अंबेडकर आवास मिल जाएगा, लेकिन आवस का लाभ नही दिया गया। महिला की दयनीय हालात को देख सह ज अंदाजा लगाया जा सकता है की अंबेडकर आवास की स्वीकृति देने में कितनी अनियमितता बरती गई होगी। विधवा का कहना है कि बारिश के पानी से दीवाल की मिट्टी गिरने लगती है, तब बच्चों को घर के कोने में जान जोखिम में डालकर शरण ले लेती हूं। आगे बताती है कि बच्चों को मेहनत मजदूरी कर लेती हूं, ऐसे में घर बनाना मेरे बस की बात नहीं है। विधवा ने जिले के उपायुक्त से अंबेडकर आवास स्वीकृत करने की मांग की है।

### दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस अलर्ट, एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया

**कैरो/लोहरदगा।** दुर्गा पूजा को लेकर कैरो थाना पूरी तरह मुस्तैद। थाना प्रभारी संखनाथ उरांव ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया की त्योहार में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अलग-अलग सभी पूजा पंडालों में पुलिस बल की तैनाती की गई। अतिरिक्त जिला बल के जवान भी थाना में मौजूद है। दुर्गा पूजा के दौरान लोग देर रात पंडालों के दर्शन के लिए आते जाते रहते हैं ऐसे में सभी को यह निर्देश दिया गया है कि देर रात में भी पुलिस गस्त करेंगे, सुरक्षा को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को कई बिंदुओं पर दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा पर्व को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था को कायम रखने के लिए सभी पदाधिकारियों को अलर्ट रहना है साथ ही निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा में बाधा डालनेवाले असामाजिक तत्व की पहचान कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस दौरान थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। शुक्रवार को थाना के एएसआई उपेंद्र कुमार सिंह के अगुवाई में एडादोन गांव के समीप वाहन जांच अभियान चलाकर वाहनों की सघन जांच की। वाहन जांच अभियान के क्रम में वाहनों की डिक्की, कागजातों तथा चालकों की तलाशी ली गई। ताकि अपराध तथा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाए जा सके।

### फाइलेरिया को लेकर कृमिमुक्त दवा का किया गया वितरण

**लोहरदगा।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत कल्याण अस्पताल में फाइलेरिया तथा कृमिमुक्त दवा का वितरण किया गया। इस क्रम में लोहरदगा के कल्याण अस्पताल बसारडीह में डॉक्टर राजीव रंजन के द्वारा शुक्रवार को ग्रामीणों के बीच फाइलेरिया से बचाव के लिये कृमिमुक्त दवा वितरण किया गया। मौके पर मौजूद डॉक्टर ने ग्रामीण जनता से अपील करते हुए कहा कि फाईलेरिया एक खतरनाक बीमारी है। कृमिमुक्त दवा कहा कर पैर को हाथी पांव बनने से बचाये साथ ही डॉक्टर राजीव रंजन ने परिवार नियोजन की जानकारी देते हुऐ छोटा परिवार सुखी परिवार तथा दो बच्चों के बीच तीन साल का अन्तर के बारे विशेष जानकारी दिया गया। मौके पर चिकित्सा कर्मी शोभा उरांव, मुकेश साहू के अलावे सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### पोस्टकार्ड के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम को भेजा शुभकामनाएं संदेश

**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्येक दिन अलग-अलग तरह के रचनात्मक कार्य किए जा रहे हैं उसी क्रम में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय सहित सभी मंडलों में कार्यकर्ताओं द्वारा पोस्ट कार्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं संदेश भेजा गया। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी अमरनाथ बमलिया, जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गविजय सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सजय ठाकुर, श्रद्धानन्द बेसरा, दीपक पुरी, अनूप प्रसाद, रामविलास बड़ाईक, नवीन सिंह, हीरा राम, संजय शर्मा, सत्यानारायण प्रसाद, अनिरुद्ध सिंह, राजमणी प्रधान, फुलसुन्दरी देवी, संतोष देवी, शकुंतला देवी, रूनी कुमारी, सावित्री देवी, कमला कुमारी, हंसरानी, नन्दनी दास, पिंकी प्रसाद, इंदू देवी, शिखा अग्रवाल, पुष्पा देवी, जयंती देवी, तपेश्वर बड़ाईक सहित मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सिमडेगा में टाटा इलेक्ट्रॉनिक के लिए छुटे हुए 64 अभ्यर्थियों को किया चयनित

**सिमडेगा।** पिछले दिनों टाटा कंपनी के टाटा एलेक्ट्रॉनिक्स एवं जनजातीय मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से मेगा भर्ती कैंप का आयोजन किया गया परीक्षा में सफल होने एवं स्क्रुटनी होने के बाद भी कुछ अभ्यर्थी अपरिहार्य कारणों से 27 सितंबर को तमिलनाडु नहीं जा पाई थी। वही केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के निर्देश पर पुन: टाटा कंपनी ने छुटे हुए अभ्यर्थियों को एक और मौका दिया और शुक्रवार को नियोजन कार्यालय में कैंप आयोजन किया गया जिसमें 64 अभ्यर्थियों का जॉब के लिए तमिलनाडु जाना तय हुआ। बताया गया इन अभ्यर्थियों को दिनांक 6 अक्टूबर दिन बुधवार को ट्रेन द्वारा तमिलनाडु के हुसूर भेजा जाएगा। मौके पर उपस्थित केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने मौके पर कहा कि पूरे आयोजन में सिमडेगा उपायुक्त महोदय आर.रोनिटा का बढ़िया सहयोग रहा। साथ ही नियोजन पदाधिकारी एवं कर्मी मेडिकल कर्मी पुलिसकर्मी सहित तमाम प्रशासन का सहयोग से यह मेगा भर्ती कैम्प पूरी तरह सफल रहा इसके लिए केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने भी सिमडेगा प्रशासन का आभार जताया है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, मनोज साय, सुजान मुंडा, कृष्णा बड़ाइक, गजानंद बेसरा सहित सभी अभ्यर्थियों के गार्जियन मौजूद थे।

### बानो के सीकोरदा में वज्रपात से पीड़ित व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**बानो।** बानो के सीकोरदा में वज्रपात की चपेट में आकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के सीकोरदा निवासी जेम्स तोपनो की वज्रपात से घायल अवस्था में इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो लाया गया था। इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह लगभग छ: बजे मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर जिला परिषद सदस्य बिरजोकंडुलना ने अस्पताल पहुंच कर परिवार वालो से मुलाकात कर ढाढ़स बंधाया। साथ ही उन्होंने सरकारी प्रावधान के तहत पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से मुआवजा दिलाने की बात कही। इधर घटना की सूचना बानो पुलिस को दी गई जिसके बाद सूचना मिलने पर बानो पुलिस द्वारा उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा। इधर शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### साहूबेड़ा मिशन में धूमधाम से मनाया गया खिस्त जयंती

**बानो।** प्रखंड के आर सी मिशन सहूबेड़ा के बोकामारा यूनिट में हर्षोल्लास खीस्त जयंती वर्षगांठ मनाया गया। इस अवसर पर फादर बिमल जोजो के द्वारा खीस्त जयंती जुबिली वर्ष यादगारी का पवित्र मिस्सा समारोह सम्पन्न किया गया। फादर बिमल जोजो ने कहा कि येसु मसीह 2000 वर्ष पूर्व हमारे इस संसार में आये। हम इसी अगुवाई में खीस्त विश्वासी ईश्वर की प्रेम में आगे बढ़ाते जाएं। इस अवसर पर हर मसीही को चाहिए ईश्वर से प्रेम करें। प्रभुईसा मसीह केबताए बातो को मनन करें। अपने पड़ोसी से प्रेम करें इस अवसर महिला मण्डली द्वारा गीत संगीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से फादर भीतुस जीवन केरकेट्टा मुखिया सुसाना जड़िया, भिनसेंट कंडुलना, दोमानिक किड़ो, सुशील केरकेट्टा, अनिल केरकेट्टा, प्रदीप लुगुन, संगीता सरोजिनी सुरीन, कामिल डांग आदि लोग उपस्थित थे।

### दक्षिणी कोयल प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के तृतीय आमसभा हुई बैठक

# भविष्य की पीढ़ी के लिए जल का संरक्षण जरूरी : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि किसान दीदियां जो आय कृषि/पशुपालन से कर रही हैं उसका इस्तेमाल वे सतही जल के स्त्रोत बढ़ाने, टपक सिंचाई/लिफ्ट सिंचाई के उपकरण खरीदने में करें। इससे ना सिर्फ उन्हें समय-समय पर सिंचाई के लिए पानी की कमी की समस्या से मुक्ति मिलेगी बल्कि जल स्त्रोत भी नहीं सूखेंगे। साथ ही, भविष्य की पीढ़ी के लिए जल का संरक्षण हो सकेगा। उक्त बातें उपायुक्त ने शुक्रवार को जेएसएलपीएस, लोहरदगा के तत्वावधान में नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित दक्षिणी कोयल प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (डीकेपीसीएल) के तृतीय आमसभा बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कही। उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिला में सिंचाई की व्यवस्था एक बड़ी समस्या है। किसान दीदीयां सतही जल के स्तर को बनाये रखने के लिए गांवों में मनरेगा अंतर्गत तालाब निर्माण की ज्यादा से ज्यादा योजना लें ताकि सतह का जो जल है, उसका स्तर बना रहे। खरीफ के मौसम से इस जल से सिंचाई होगी। साथ ही, गर्मी के मौसम में आसपास के कुंए या नलकूप नहीं सूखेंगे। टपक सिंचाई या लिफ्ट सिंचाई के साधन अपनाकर कम से कम पानी में एक बड़े आकार की भूमि में सिंचाई की जा सकती है। साथ ही, एक वर्ष में एक से अधिक फसलों का उत्पादन कर अपनी आय को बढ़ाया जा सकता है। आप अपनी आय का इस्तेमाल कृषि के नये तकनीकों को अपनाने के लिए करें। उपायुक्त ने कहा कि कंपनी ने वर्ष 2019 में अपना निबंधन जोहार योजना अंतर्गत कराया और आज कंपनी का बिजनेस करोड़ों तक पहुंच गया है। इसमें किसान दीदीयों की मेहनत है। इससे ना सिर्फ उनका जीवन स्तर उंचा उठेगा बल्कि अपने बच्चों को वे बेहतर भविष्य भी प्रदान कर सकेंगी। कार्यक्रम में भारतीय विदेश सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी नमन कुमार सिंगला व तेजिन चेंजिम, भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी किशन कुमार एस व प्रिंयाशु खाटी, भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी माविस टाम व धारावत साई प्रकाश, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन, डीकेपीसीएल सचिव मनेरिया एक्का, सुभाष समेत बड़ी संख्या में जेएसलएलपीएस की दीदीयां उपस्थित थीं।

#### फूलों की खेती के साथ-साथ करें मधुमक्खी पालन

उपायुक्त ने कहा कि अभी दशहरा,दीपावली जैसे त्यौहारों में सजावट के दृष्टिकोण से फूलों का मांग बहुत ज्यादा होती है। पहले ये फूल कोलकाता या अन्य जगहों यहां के बाजारों में आते थे लेकिन अब लोहरदगा और खूंटी जैसे जिलों के किसान फूलों की खेती करते हैं और अच्छा मुनाफा कमाते हैं। यही नहीं, वे फूलों के साथ-साथ अब मधुमक्खी पालन भी कर रहे हैं जिससे मधु का उत्पादन हो रहा हैं और उनकी आय बढ़ रही है। आप दीदीयां भी यह कर सकती हैं।

#### उत्कृष्ट उत्पादक समूह को किया गया पुरस्कृत

कार्यक्रम में दक्षिणी कोयल प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (डीकेपीसीएल) के उत्कृष्ट उत्पादक समूहों को उपायुक्त, लोहरदगा व अन्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इनमें उत्पादक समूह कोलसिमरी, सलैया, बदला, उमरी, मुरपा शामिल हैं। वहीं, बेस्ट कैडर के रूप में हंजला ग्राम की अनिता उरांव, छोटकीचांपी के गुलजार अंसारी और ग्राम टिको के इंद्रमणि उरांव को सम्मानित किया गया।

### दुर्गोत्सव को लेकर लोहरदगा पुलिस की कार्रवाई में मिली सफलता

## पीएलएफआई के नाम पर संगठन बनाकर रंगदारी मांगने का फरार आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** दुर्गा पूजा उत्सव को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के द्वारा पूरे लोहरदगा जिले में अवैध शराब, जुआ अड्डे, अवैध हथियार की बरामदगी एवं अपराधियो के विरूद्ध विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में एक फरार पीएलएफआई संगठन के नाम से लेवी वसूली करने का फरार आरोपी हरिनाथ उरांव उर्फ हरि उरांव, उम्र 30 वर्ष पिता स्व० रामचन्द्र उरांव, ग्राम-एकागुडी, थाना-सेन्हा, को गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में एसडीपीओ बीएन सिंह ने शुक्रवार को सदर थाना परिसर में पत्रकारों को बताया कि गिरफ्तार अपराधी हरिनाथ महली की आपराधिक पृष्ठभूमि रही है। दो माह पूर्व बगडू थाना क्षेत्र में पीएलएफआई के नाम पर संगठन तैयार कर विकास कार्य में लगे संवेदक से रंगदारी मांगने वाले गिरोह का उद्भेदन किया गया था। जिसमें कुल तीन दशी रायफल, एक देशी सिक्सर (रिवॉल्वर), चौदह जोड़ा चितकबरा वर्दी, नक्सल पर्चा आदि बरामद की गयी थी। इस मामले में बगडू थाना काण्ड सं0-22 / 22. दिनाक 04.08.2022 धारा-384 / 387 भा०द०वि० एव 25 (1-बी) ए /26/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट के तहत मामला दर्ज है। जिसमे फरार सकिय अपराधकर्मी हरिनाथ उरांव की गिरफ्तारी थाना प्रभारी बगडू थाना विश्वजीत कुमार सिंह के नेतृत्व वाली टीम के द्वारा की गयी है।

## विश्व हृदय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा।** स्वास्थ्य विभाग और सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, प्लस 2 उच्च बालिका विद्यालय कुडू, विश्रामगढ़, पंडरा सहित विभिन्न विद्यालयों में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन। इस दौरान विद्यालयों में पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्र छात्राओं ने खुद को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम करने, संतुलित आहार का सेवन कर अपने शरीर को स्वस्थ रखने की सपथ ली। मौके पर सीएचओ मेनका तिग्गा ने बताया कि आज हमारे देश में हृदय रोग से होने वाले मृत्यु की दर बढ़ती जा रही है पहले हृदय रोग 30 से 40 वर्ष उम्र के हो लोगों को होती थी परंतु आज हमेशा परिवेश में पल बढ़ रहे हैं जिसमें देखा जा रहा है कि बहुत ही कम उम्र के लड़के लड़कियों में भी हृदय रोग जैसी बीमारी हो रही है और बहुत से किशोर किशोरियों की मृत्यु भी हो जा रही है अतः इसे रोकने हेतु इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि उन्हें इन बीमारियों से सचेत किया जाए ताकि वे बच सके। वहीं सी3 इंडिया के समन्वयको के द्वारा कार्यक्रम के उद्देस्य पर प्रकाश डालते हुए समय निकालकर व्यायाम करने, सही खानपान अपनाने, धूम्रपान और नशा से बचने, घंटों एक ही स्थिति में नहीं बैठने, नमक का सेवन कम मात्रा में करनी चाहिए, भोजन में कम वसा वाले भोजन का ग्रहण करने की सलाह दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में वार्डन राखी कुमारी, सी एच ओ मेनका तिग्गा, जिला युवा मैत्री केंद्र काउंसलर सीता लिंडा, सी3 पवन कुमार गुप्ता, मुबैद अख्तर, नवल किशोर सिंह ने अहम भूमिका निभाई।

### एसपी ने भंडरा थाना का निरीक्षण किया, कहा

## भयमुक्त वतावरण को ले पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध

- दुगार्पूजा एवं अन्य त्यौहारों के मद्देनजर चुस्त दुरुस्त पेट्रोलिंग करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शुक्रवार को एसपी आर रामकुमार ने भंडरा थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने में विभिन्न अभिलेखों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने फरार वारंटियों की पंजी, विभिन्न कांडों की समीक्षा की। साथ ही गिरफ्तारी पंजी, चौकीदार पंजी, स्थाई वारंट पंजी सहित अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया। दुगार्पूजा एवं अन्य त्यौहारों के मद्देनजर चुस्त दुरुस्त पेट्रोलिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना के सभी अभिलेख अपराध संचिका, डकैती, लूट पंजी, दागी रजिस्टर, मालखाना पंजी, थाना खतियान, रोकड़ बही, फरारी पंजी, दागी पंजी , गुंडा रजिस्टर, लंबित कांडो की समीक्षा आदि का विस्तृत रूप से अवलोकन किया गया। पाई गई त्रुटि को सुधार करने एवं सीमावर्ती क्षेत्रों के थानों में सक्रिय अपराधियों को चिन्हित करते हुए करवाई करने का निर्देश दिया गया है। थाना भवन, पुलिस कर्मियों के रहने के अवसान, थाना हाजत, मोर्चा, मालखाना आदि का भौतिक निरीक्षण भी किया गया। थाना परिसर के सफाई उच्य कोटी के पाये जाने पर पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाये रखने हेतु पुरुस्कृत भी किया गया। कहा कि उग्रवाद और अपराध के खिलाफ अभियान को और तेज करें। एसपी ने फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी पर विशेष रूप से बल दिया। उन्होंने कहा कि विधि - व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखे। व्यवस्था में खलल डालने वालो के खिलाफ त्वरित करवाई करें। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। एसपी ने कहा भयमुक्त वतावरण को ले पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध है। इसमें पुलिस अधिकारी अपना योगदान निभाएं। इसमें कोई कोताही नहीं बरतें। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) परमेश्वर प्रसाद, पुलिस निरीक्षक, लोहरदगा अंचल, थाना प्रभारी, भंडरा थाना एवं थाना के पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित थे। जोनल पदाधिकारी/थाना प्रभारी को क्षेत्र के प्रमुख व्यवसायियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों को सीसीटीवी की उपयोगिता एवं उसकी महत्ता से अवगत कराकर सीसीटीवी लगाने हेतु प्रेरित करने के लिए बोला गया।

## लोहरदगा में देशी लोडेड पिस्टल के साथ एक अपराधकर्मी गिरफ्तार

**लोहरदगा।** दुर्गोत्सव को लेकर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष छापामारी अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बगडू थाना क्षेत्र के आनंदपुर गांव निवासी सुजीत उरांव के घर से पुलिस ने एक लोडेड देसी पिस्टल, एक जीवित कारतूस जब्त किया है। इस मामले में बगडू थाना में आरोपी सुजीत उरांव के विरुद्ध बगडू थाना काण्ड सं0-27/22, दिनांक-29 .09 .2022 धारा-25 (1-बी) ए / 26 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। पुलिस टीम लोहरदगा जिले में अवैध हथियारों से जुड़े गिरोह के विरुद्ध लगातार पड़ताल कर रही है। पुलिस के समक्ष इस संदर्भ में आरोपी सुजीत उरांव ने कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया है। पुलिस टीम इस पर छापामारी कर रही है। इस संदर्भ में एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस अलग अलग टीम बनाकर दागी, संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रख रही है। जुआ शराब अड्डो पर भी छापेमारी की जा रही है। लोहरदगा सदर थाना प्रभारी अनिल उराँव, बगडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह, थाना प्रभारी, टीनू साव, कुलदीप कुमार राम, अब्राहम अलमा मुर्मू, संजय कुमार समेत अन्य शामिल थे।

## शैलपुत्री दुर्गा मंदिर जलडेगा में धूमधाम से चल रही शारदीय नवरात्र



**जलडेगा।** प्रखंड मुख्यालय मां शैलपुत्री दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्र पुजन हर्षोल्लास के साथ धुमधाम से मनाया जा रहा है। मां भगवती दुर्गा मां के चरणों में प्रति दिन महा आरती एवं ग्रामिणो के सहयोग के महा प्रसाद का भोग लगाया जा रहा है, पन्नालाल साहू, राजू साहू, आशिष साहू, विपूल साहू, सुरज अग्रवाल, बिन्देश्वर साहू, पिया कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्वरूपा मां दुर्गे की पुजन में महाप्रसाद का भोग चढ़ाया गया। मंदिर में श्रद्धालु भक्तओं की आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। ग्राम हितार्थ सार्वजनिक रूप से मां दुर्गा शैलपुत्री मंदिर में कलश की स्थापना कर मां दुर्गे की नव रूपों की विधिवत पुजन अराधना की जा रही है। बुधवार को मां दुर्गा के तृतीय स्वरूप ब्रह्मचारिणी की पुजा की गई। पुजन विधी पंडित अरूण कुमार मिश्रा एवं यजमान दिनेश साहू व जंयती देवी के द्वारा निभाया गया।

## बालाजी एसोसिएट ने मजदूरों को काम से वंचित करने के खिलाफ आजसू ने मोर्चा निकाला




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अखिल झारखंड श्रमिक संघ (आजसू पार्टी)द्वारा पाखर माइंस में हिंडालको के ठेकेदार बालाजी एसोसिएट द्वारा मजदूरों को काम से वंचित करने के खिलाफ मोर्चा निकाला गया एवं धरना प्रदर्शन किया गया। विदित हो कि 2 महीने से माइंस बंद होने के कारण पाखर के ग्रामीणों के बीच भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। लेकिन लोहरदगा के जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यह निंदनीय विषय है। पैदल मार्च कचहरी मोड़, लोहरदगा साइडिंग, हिंडालको गेट, मैंना बगीचा, उपायुक्त कार्यालय होते हुए कचहरी मोड़ शहीद सुदर्शन भगत के प्रतिमा के समीप समाप्त करते हुए धरना प्रदर्शन किया गया। उपायुक्त लोहरदगा को इस संदर्भ में ज्ञापन सौंपा गया एवं 1 सप्ताह के अंदर मजदूरों की जायज मांग को पूरा करने को लेकर हिंडालको से वार्ता कराने को कहा गया अन्यथा पाखरं माइंस में चक्का जाम कराई जाएगी। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से नीरू शांति भगत, सूरज अग्रवाल, अंजू देवी, अरविंद यादव, मालती टोप्पो, मुनिया उरांव, हेमंती देवी, हरि महली फुलदेवनगेसिया, राजेंद्र लोहरा, के साथ अखिल झारखंड मजदूर संघ के अध्यक्ष बाबूलाल नगेसिया के साथ पाखरं माइंस के सैकड़ों महिलाएं पुरुष एवं बच्चे उपस्थित हुए।

### नगर परिषद सिमडेगा की मासिक बोर्ड की बैठक संपन्न

## बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** नगर परिषद कार्यालय सभागार में शुक्रवार को नगर परिषद की मासिक बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू के द्वारा किया गया। मौके पर उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू कार्यपालक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार एवं वार्ड पार्षद तथा सभी कनीय अभियंता एवं नगर प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत करते हुए सफाई कर्मियों के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रत्येक माह बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों को शाल ओढ़ाकर तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसके बाद बैठक की शुरूआत की गई। बारे में चर्चा किया गया कि सिम लगा कि अटल पार्क को जल्द हस्तगत किया जाए जिस पर कनीय अभियंता द्वारा बताया गया कि कुछ कार्य अभी पर आकलन बने हैं जो होने के बाद उसे हस्त गत की जाएगी। वह इसके अलावा सभी सफाई कर्मियों का समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने का चर्चा हुआ इसके अलावा नमाजी कंप्लेंस के समीप कल्वर्ट बनाने, अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जिन वार्डों में कार्य समय पर पूरे नहीं हुए हैं उन्हें जल्द से जल्द पूरा करवाएं ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक मिल सके। बताया गया कि वार्ड 3 में प्रस्तावित भूमि विवादित होने कारण पीसीसी पथ निर्माण कार्य नहीं हो सका है जिसे आपत्ति करने वाले व्यक्तियों को न्यायालय में उपस्थित कराकर विवादित स्थल को समस्या समाधान कराने संबंधित नगर प्रबंधक को नोटिस दिला कर उपस्थित रहने का निर्देश कराने की बात कही। वहीं वार्ड 19 में कल्वर्ट एवं नाली निर्माण संबंधित चर्चा हुआ। साथी साथ खेलने का बाजार में आश्रय गृह का गेट खोलने को लेकर निर्णय लिया जिस पर 1 सप्ताह के अंदर प्राक्कलन बनाकर कार्य करने की बात कही। वहीं अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं कार्यपालक पदाधिकारी के कमरे में अभियंताओं के लिए एक एक कंप्यूटर सेट खरीदने पर भी चर्चा हुआ साथ ही अध्यक्ष द्वारा मार्केट कंपलेक्स अंतर्गत दुकानदारों का रेंट बकाया भुगतान हेतु नोटिस निर्गत करने के संबंध में चर्चा हुई जिस पर कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया कि सभी वार्ड पार्षद की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में डेली मार्केट ,बस स्टैंड के बकायेदार दुकानों को जमा करने हेतु बांके बिहारी साहू द्वारा नोटिस किया गया था जिसके आलोक में 25 दुकानदारों ने जमा किया है बाकी दुकानदारों को जमा कराने की बात कही गई इसके अलावा कई बिंदुओं पर चर्चा हुआ।

### केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला ने यूनाइटेड इंडिया फॉर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

# एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय परिसर में छात्राओं ने किया स्वच्छता श्रमदान




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला द्वारा यूनाइटेड इंडिया फॉर स्वच्छता सप्ताह के अवसर पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय परिसर, कुजरा, लोहरदगा में 30 सितंबर, 2022 को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता से जुड़ी जानकारी दी गई, साथ ही विद्यालय में केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला द्वारा डस्टबिन, झाड़ू, ग्लव्स, सैनिटाइजर आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कुजरा, लोहरदगा की प्राचार्या श्रीमती अमृता मिश्रा, शिक्षिका सुनीता कुमारी, नीलू कुमारी, प्रीति गुप्ता एवं मदन कुमार महतो, सत्यम सतलज, निर्भय कुमार और अन्य कर्मचारी के साथ केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्रीमती महविश रहमान उपस्थित थी। अपने संबोधन में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्रीमती महविश रहमान ने स्वच्छता के महत्व पर जानकारी दी। साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे यूनाइटेड इंडिया फॉर स्वच्छता अभियान के बारे में चर्चा की। उन्होंने सभी को कोरोना के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा और कोविड-19 अनुरूप व्यवहारों का पालन करने की अपील की। विद्यालय की प्राचार्या अमृता मिश्रा ने छात्राओं से विद्यालय परिसर में सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल ना करने की अपील की और विद्यालय परिसर को हमेशा साफ रखने का प्रण करवाया। उन्होंने सभी को मास्क और सैनिटाइजर का उपयोग करने और नियमित हाथ धोने की बात कही। साथ ही केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला के सौजन्य से दिए जा रहे डस्टबिन, सैनिटाइजर, झाड़ू आदि अन्य उपयोगी वस्तुओं का इस्तेमाल करने की सलाह दी। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता शपथ ग्रहण करवाया। तत्पश्चात सभी ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता श्रमदान दिया और पूरे परिसर की सफाई की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका, कर्मचारी, छात्राओं और केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला के अंजनी मिश्रा, अतुल्य रत्न तिर्की एवं संजय साहू की महती भूमिका रही।

### शहरी क्षेत्र में वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश

## चोरी की तीन बाइक बरामद, एक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा शहरी क्षेत्र वाहन चोरी करने वाले एक गिरोह का उद्धभेदन किया गया। जिसमें अलग अलग इलाको से कुल तीन मोटरसाइकिल की बरामदगी किया गया है जबकि इस मामले में एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया हैं। गिरफ्तार अपराधी की पहचान रविन्द्र उराँव उम्र करीब 19 वर्ष, पिता- जउवा उरांव, ग्राम - मुर्की तोड़ार सेन्हा के रूप में किया गया है। उसकी निशानदेही पर अलग अलग क्षेत्रों से तीन बाइक बरामद किया गया है। एक मोटरसाईकिल माण्डर थाना क्षेत्र से बरामद किया गया है तथा दो मोटरसाईकिल को लोहरदगा थाना क्षेत्र से एक राजा बंगला उर्सलाईन टीचर ट्रेनिंग सेन्टर के पास से एवं एक राजा बंगला के पीछे झाडीनुमा क्षेत्र में छुपा कर रखे गए मोटरसाईकिल बरामद किया गया। इस मामले में लोहरदगा सदर थाना काण्ड सं0-234 / 22, दर्ज किया गया है। पुलिस कार्रवाई में लोडेड पिस्टल एक, कारतूस एक, तीन पल्सर बाइक जिसमे एक बाइक का नम्बर जेएच 08 एफ 8674 है जबकि दो का सिर्फ चेसिस नम्बर उपलब्ध है।

# महंगाई पर लगाम लगाने को आरबीआई ने कसी कमर; रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की हुई वृद्धि



**मुंबई (एजेंसी)।** आसमान छू रही महंगाई को काबू में करने के लिए पूरी दुनिया के केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर में बढ़ोतरी करने का अनुसरण करते हुए रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी उम्मीद के अनुरूप आज रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि कर दी। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद शुक्रवार को गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैठक में लिए गये निर्णय की जानकारी देते हुये कहा कि वैश्विक स्तर पर महंगाई में अप्रत्याशित बढ़ोतरी से भारत भी अछूता नहीं है। बढ़ती महंगाई को नियंत्रित करने के साथ ही विकास को गति देने के लिए एमपीसी ने रेपो दर में 0.50 प्रतिशत वृद्धि करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस बढ़ोतरी के बाद रेपो दर 5.40 प्रतिशत से 0.50 प्रतिशत बढ़कर 5.9 प्रतिशत पर, सटैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी दर (एसडीएफ) 5.15 प्रतिशत से 0.50 प्रतिशत बढ़कर 5.65 प्रतिशत तथा मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी

> नीतिगत दरों में हुई बढ़ोतरी से खुदरा महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलने की उम्मीद है और महंगाई को मध्यावधि में छह प्रतिशत के लक्षित दायरे में लाया जा सकेगा।

(एमएसएफ) 5.65 प्रतिशत से बढ़कर 6.15 प्रतिशत पर पहुंच गयी है। नीतिगत दरों में हुई बढ़ोतरी से खुदरा महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलने की उम्मीद है और महंगाई को मध्यावधि में छह प्रतिशत के लक्षित दायरे में लाया जा सकेगा। श्री दास ने कहा कि समिति के छह में से पांच सदस्यों ने नीतिगत दरों में 0.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही समिति ने समायोजन वाले रूख को वापस लेने पर भी सहमति जतायी है। इससे महंगाई को लक्षित दायरे में लाने और विकास को गति देने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक घटनाक्रम का घरेलू मुद्रास्फीति पर प्रभाव पड़ा है। इस वर्ष अगस्त में मुद्रास्फीति बढ़कर 7.0 प्रतिशत हो गई, जो जुलाई में 6.7 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष की शुरूआत में महसूस किया गया कि मुद्रास्फीति दबाव कम हो गया लेकिन खाद्य पदार्थों और ऊर्जा की कीमतें उच्च स्तर पर बनी हुई है। प्रमुख उत्पादक देशों से बेहतर आपूर्ति होने और सरकार की ओर से किए गए उपायों के बावजूद महंगाई का दबाव बने रहने की संभावना है।

## मीशो की फेस्टिव सेल में 3.34 करोड़ के ऑर्डर



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** देश की ई-कॉमर्स कंपनी मीशो पर 23 से 27 सितंबर तक चली फेस्टिव सेल में ग्राहकों ने 3.34 करोड़ ऑर्डर दिए जो वर्ष 2021 में लगी इसी सेल के मुकाबले 68 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इस साल की सेल में रसोई में काम आने वाली चीजों जैसी श्रेणी में 116 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी जबकि सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल में 109 प्रतिशत और सामान एवं यात्रा के लिए एक्सेसरीज में 99 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सेल में करीबन 60 प्रतिशत ऑर्डर देश के 4 से अधिक टियर शहरों से आए हैं जबकि लेनदेन करने वाले ग्राहकों की संख्या भी इस दौरान 60 प्रतिशत से बढ़ी है। ई-कॉमर्स और ऑनलाइन शॉपिंग पहली बार कर रहे कई उपभोक्ता भी इसमें शामिल है। कंपनी ने मीशो पर मौजूद छोटे उद्यमों ने सेल में भारी वृद्धि दर्ज की है। विक्रेताओं की सहभागिता पिछले साल के मुकाबले चार गुना बढ़ी इनमें से 75 प्रतिशत विक्रेता टियर 2 और उससे भी नीचली श्रेणी के बाजारों से हैं। सेल ने करीबन 20,000 विक्रेताओं को लखपती और 24 विक्रेताओं को करोड़पति बना दिया है। सेल में मीशो की एक खास पहल के तहत इस उद्योग से जुड़े एमएसएमई के कमीशन के 104 करोड़ रुपये बचाए है।

## गोयल ने निर्यातकों को सब्सिडी का सहारा छोड़ने की दी सलाह




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को सेवा क्षेत्र के निर्यातकों से गुरुवार को सरकारी सब्सिडी का सहारा छोड़ने का आह्वान करते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि सब्सिडी उद्योग को अप्रतिस्पर्धी बनाती है। श्री गोय ने सेवा क्षेत्र से नवोन्मेष पर ध्यान केंद्रित करने और प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के निर्माण पर ध्यान देने की अपील की और कहा कि सेवा क्षेत्र ने 350 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे हासिल करने की राह पर है। उन्होंने निर्यातकों से दक्षिण अमेरिका और अफ्रीका जैसे नए बाजारों की खोज पर विचार करने का भी आग्रह किया। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि सरकार की सब्सिडी रणनीति गरीबों और जरूरतमंदों पर केंद्रित है। उन्होंने सेवा क्षेत्र की निर्यात संवधन परिषद (एसईपीसी) से महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को लगातार आगे बढ़ाने का आग्रह किया और कहा कि ये लक्ष्य छोटी सब्सिडी और प्रोत्साहन से प्रभावित नहीं होते हैं। श्री गोयल सर्विसेज एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल्स (एसईपीसी) इंडिया@2047: सेवा क्षेत्र की निर्यात की रणनीति ' कौशलसंवर्धन एवं उच्च शिक्षा क्षेत्र का अंतर्राष्ट्रीयकरण ' विषय पर एक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। निर्यात में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सेवा क्षेत्र की सराहना की श्री गोयल ने सराहना की और इस क्षेत्र के सभी हितधारकों से भारत की सहज प्रतिस्पर्धात्मक क्षमताओं का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। भारत की एलईडी लाइटिंग क्रांति का उदाहरण देते हुए, श्री गोयल ने कहा कि पहल की सफलता सुनिश्चित करने वाला पहला कदम सब्सिडी को हटाना था।

## केंद्र सरकार ने दी राहत: लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में की वृद्धि

**दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में बदलाव करते हुए चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। रिपोर्ट के अनुसार दो साल की अवधि वाले जमा पर ब्याज दर को 5.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.7 प्रतिशत किया गया है। इसी तरह 3 साल की अवधि वाले जमा की दर को 5 ।5 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.8 प्रतिशत कर दिया गया है। गौरतलब है कि सरकार हर तीन महीने पर ब्याज दरों में बदलाव करती है। हालांकि पहले ये घोषणा रिजर्व बैंक की एमपीसी बैठक के बाद की जाती थी। लेकिन सरकार ने इसकी घोषणा एक दिन पहले ही कर दी है। अभी रिजर्व बैंक की एमपीसी की बैठक चल रही है और कल पॉलिसी रेट्स में बढ़ोतरी का ऐलान हो सकता है। इसके अलावा सरकार के निर्णय के अनुसार सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम की ब्याज दर को बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया है। पहले यह दर 7.4 प्रतिशत होती थी। इसी तरह मंथली इनकम अकाउंट स्कीम की दर को 6.7 प्रतिशत किया गया है। पहले यह दर 6.6 प्रतिशत हुआ करती थी। सरकार ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के लिए दरों में बढ़ोतरी की है। अभी तक सितंबर तिमाही की दरें चल रही थीं।

## शेयर बाजार में उछाल, निफ्टी 276 अंक ऊपर और सेंसेक्स 1017 अंक चढ़कर हुआ बंद




**नई दिल्ली।** आरबीआई क्रेडिट पॉलिसी को बाजार ने सलामी दी. 2 महीने के निचले स्तर से बाजार में बाउंस बैक देखने को मिला. शानदार तेजी के साथ बाजार में चौतरफा खरीदारी देखने को मिली। मिडकैप, स्मॉलकैप शेयरों में उछाल नजर आया. बीएसई के सभी सेक्टर इंडेक्स में चौतरफा खरीदारी देखने को मिली। बैंकिंग, मेटल, रियल्टी शेयरों में जोरदार तेजी नजर आई. ऑटो, फार्मा, आईटी शेयर बढ़त पर बंद हुए। लगातार सात दिनों की गिरावट के बाद आज बाजार में बेंचमार्क इंडेक्स बढ़त पर बंद हुए. सेंसेक्स 1017 प्वाइंट चढ़कर 57,427 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 276 प्वाइंट चढ़कर 17,094 पर बंद हुआ। 12 शेयरों वाला निफ्टी बैंक 984 प्वाइंट चढ़कर 38,632 पर बंद हुआ।,जबकि मिडकैप 483 प्वाइंट चढ़कर 30,668 पर बंद होने में कामयाब रहा। आज रुपया 52 पैसे मजबूत होकर 81.34 रुपए/ डॉलर पर बंद होने में कामयाब रहा।

# न्यूज गैलरी

## वेदांता का 2030 तक 2.5 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा हासिल करने का लक्ष्य

मुंबई। देश की खनन कंपनी वेदांता लिमिटेड ने अक्षय ऊर्जा स्त्रोत को एक गीगावाट तक बढ़ाने का फैसला किया है इसको लेकर कंपनी ने अतिरिक्त 500 मेगावाट अक्षय ऊर्जा के लिए रुचि पत्र (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) आमंत्रित किए हैं। वेदांता ने वर्ष 2030 तक अपने परिचालन के लिए 2.5 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा हासिल करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के मुख्य सुरक्षा अधिकारी और समूह के सीईओ सुनील दुग्गल ने कहा, ह्लयह कदम प्राकृतिक संसाधन क्षेत्र में ईएसजी के क्षेत्र में अग्रणी बनने के हमारे कदम को आगे बढ़ाता है। यह 2030 तक 2.5 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम उद्योग में सर्वश्रेष्ठ के साथ सहयोग करने की आशा कर रहे हैं क्योंकि हम अपने डीकार्बोनाइजेशन लक्ष्यों की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वेदांता ने प्रतिष्ठित, अनुभवी और आर्थिक रूप से मजबूत कंपनियों को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में स्थित अपनी विनिर्माण सुविधाओं के लिए हाइब्रिड अक्षय ऊर्जा की आपूर्ति के लिए अपने रुचि पत्र जमा करने के लिए आमंत्रित किए हैं। उल्लेखनीय है कि वेदांता ने पहले सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के जरिए 580 मेगावाट आरटीसी नवीकरणीय ऊर्जा हासिल की थी।

## अडानी पावर द्वारा डिलिजेंट पावर और डीबी पावर की शेयर पूंजी के अधिग्रहण को मंजूरी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने अडानी पावर लिमिटेड द्वारा डिलिजेंट पावर प्राइवेट लिमिटेड और डीबी पावर लिमिटेड की शेयर पूंजी के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी। प्रस्तावित संयोजन में अधिग्रहणकर्ता द्वारा शेयर पूंजी के शत-प्रतिशत और लक्ष्य के आर्थिक अधिकारों का अधिग्रहण शामिल है। अधिग्रहण करने वाली कंपनी भारत में निगमित एक सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनी है, जिसके शेयर बीएसई लिमिटेड के साथ-साथ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में सूचीबद्ध हैं। अधिग्रहणकर्ता एक बिजली कंपनी है, जिसके भारत में आठ बिजली संयंत्र चल रहे हैं। इसकी बिजली उत्पादन क्षमता 13,650 मेगावाट की है जिसमें गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में स्थित ताप विद्युत संयंत्र और गुजरात में 40 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना शामिल है। डिलिजेंट पावर मुख्य रूप से एक होल्डिंग कंपनी की गतिविधियों में लगी हुई है। यह डीबी पावर तक सीमित परियोजना प्रबंधन और परामर्श सेवाएं भी प्रदान करती है। डीबी पावर छत्तीसगढ़ में 1200 मेगावाट प्रति घंटे की स्थापित क्षमता वाले कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्र का संचालन करती है।

## दूसरी छमाही में सरकार बाजार से जुटायेगी 5.92 लाख करोड़

नयी दिल्ली। सरकार ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 5.92 लाख करोड़ रुपये बाजार से जुटाने की घोषणा की है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि रिजर्व बैंक के साथ सलाह मशविरा के आधार पर दूसरी छमाही के लिए उधारी जुटाने के कैलेंडर को अंतिम रूप दिया गया है। चालू वित्त वर्ष में बाजार से कुल मिलाकर 14.31 लाख करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनायी गयी थी और उसी के अनुरूप दूसरी छमाही में 5.92 लाख करोड़ रुपये जुटाने के लिए कैलेंडर जारी किया गया है। सरकार 20 सप्ताह तक बाजार से उधारी लेकर 5.76 लाख करोड़ रुपये जुटायेगी। इसके साथ ही 16 हजार करोड़ रुपये संप्रभु हरित बॉंड के माध्यम से जुटाये जायेंगें।

## महंगा हुआ सोना, चांदी के दाम में भी आया उछाल



दिल्ली। भारतीय सराफा बाजार में गुरुवार के कारोबारी दिन में सोना-चांदी की कीमतों में तेजी देखी गई। दिल्ली सराफा बाजार में आज सोने के दाम में 460 रुपये की तेजी आई. वहीं चांदी की कीमतों में भी आज 1,035 रुपये का उछाल देखा गया. दिल्ली सराफा बाजार में विगत गुरुवार को सोना 460 रुपये की बढ़त के साथ 49,960 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 49,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था. वहीं चांदी भी 1,035 रुपये की मजबूती के साथ 56,230 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। चांदी का पिछला बंद भाव 55,195 रुपये प्रति किग्रा था।

## 201 रुपये का था अनिल अंबानी की कंपनी का शेयर, सिर्फ एक माह में डुबो दिए पैसे

**नई दिल्ली।** कर्ज के जाल में फंसे अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयर ने एक माह में निवेशकों को तगड़ा नुकसान करा दिया है। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर में पिछले एक महीने के दौरान करीब 13% की गिरावट आई है। 52 वीक के हाई पर था शेयर: रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के स्टॉक ने 2 सितंबर 2022 को 201.35 रुपये के स्तर को छु लिया था। यह स्टॉक के 52 वीक का उच्चतम स्तर था। हालांकि, इसके बाद गिरावट का जो दौर शुरू हुआ वो अब तक जारी है। वर्तमान में शेयर का भाव 140 रुपये के नीचे कारोबार कर रहा है। इस लिहाज से देखें तो प्रति शेयर 60 रुपये से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। मार्केट कैपिटल की बात करें तो 3600 करोड़ रुपये से ज्यादा है। शेयर में गिरावट ऐसे समय में आई है जब रिलायंस इंफ्रा ने अडानी ग्रुप की कंपनी के साथ कानूनी जंग लड़ने के लिए कदम उठाया है।

## Office of the Executive Engineer Road Construction Department, Road Division,Garhwa.

**e-Procurement Notice For National Competitive Bidding**

**e-Tender Reference No. :** RCD/GARHWA/976/2022-23

**Date:-** 29.09.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | **Widening and Strengthening/ Reconstruction of Garhwa to Chiniya Road (km. 0.00 to 26.300) under R.C.D., Road Division, Garhwa** |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. **77,42,24,630.00** (Rupees Seventy Seven crore Fourty Two Lac Twenty Four thousand Six hundred Thirty) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. **77,43,000.00** (Rupees Seventy Seven Lac Fourty Three Thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 21 (Twenty One) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 27-10-2022, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 07-10-2022, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | **06561-295161** |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | **0651-2401010** |

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.

***Further details can be seen on website***
http://jharkhandtenders.gov.in

UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

**Executive Engineer,**
Road Construction Department,
Road Division,Garhwa.

PR 279044 Road(22-23)D

## Office of the Executive Engineer Road Construction Department, Road Division,Garhwa.

**e-Procurement Notice For National Competitive Bidding**

**e-Tender Reference No. :** RCD/GARHWA/978/2022-23

**Date:-** 29.09.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | **Widening and Strengthening/Reconstruction of Ranka to Ramkanda Road (km. 0.00 to 20.925) under R.C.D., Road Division, Garhwa** |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. **72,83,23,050.00** (Rupees Seventy Two crore Eighty Three Lac Twenty Three thousand Fifty) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. **72,84,000.00** (Rupees Seventy Two Lac Eithty Four Thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 18 (Eighteen) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 27-10-2022, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 07-10-2022, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | **06561-295161** |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | **0651-2401010** |

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.

***Further details can be seen on website*** http://jharkhandtenders.gov.in

UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

**Executive Engineer,**
**Road Construction Department,**
**Road Division,Garhwa**

PR279040 (Road)22-23*D

## कार्यालयः– जिला परिषद, लातेहार।

**पशु मेला की बन्दोबस्ती वर्ष 2022–23**

**सूचना**

| क्र0 | प्रखण्ड | निलामी हेतु सैरात का नाम | निलामी में भाग लेने हेतु जमानत की राशि | निलामी की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बालुमाथ | बालुमाथ पशु मेला (कार्तिक पूर्णिमा) | 74,500.00 | 12/10/2022 | 11:00 बजे |

नोट :–

1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर **दिनांक 14/10/2022 को पूर्वाहन 11:00 बजे** तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः **दिनांक 18/10/2022 को पूर्वाहन 11:00 बजे** बजे बन्दोबस्ती की जाएगी।
2. निलामी की नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार।

PR 279036 (Rural Development) 22-23 (D)

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, MEDININAGAR

**Short e-Quotation**

**No.- WRD/MID/MEDININAGAR/04/2022-23**

**Letter No. 810** **Dated:- 29.09.2022**

Rate through e-Quotations are invited for "Material" category annexed as (i) 20 H.P. Solar Pump, VFD, Solar Panel set & (ii) 10 H.P. DC Solar Pump, Solar Pannel, **Street** Structure supplying, installation & commissioning for Lift Irrigation Scheme from Manufacturer/Supplier having valid GSTIN for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under Minor Irrigation Division, Medininagar Government of Jharkhand to be used in different Pump Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in.

Details of work experience and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the Materials online from14/10/2022 at 2.00 PM to 21/10/2022 at 4.00 PM. The technical envelope will be opened on 22/10/2022 at 11.00 AM.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for farming of Estimates under Minor Irrigation Division, Medininagar.

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division,**
**Medininagar**

PR 279049 (Water Resource) 22-23 (D)

## Office of the Executive Engineer Road Construction Department, Road Division, Garhwa.

**e-Procurement Notice**
**For National Competitive Bidding**

**e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/977/2022-23**

**Date:- 29.09.2022**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | **Strengthening/Reconstruction of Ramuna to manjhiaon Road(km. 0.00 to 29.300) under R.C.D., Road Division, Garhwa** |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. **61,22,50,980.00** (Rupees Sixty One crore Twenty Two Lac Fifty thousand Nine hundred Eighty) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. **61,23,000.00** (Rupees Sixty One Lac Twenty Three Thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 16 (Sixteen) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 27-10-2022, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 07-10-2022, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | **06561-295161** |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | **0651-2401010** |

**Note :-** The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.
**Further details can be seen on website** http://jharkhandtenders.gov.in

UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

**Executive Engineer,**
**Road Construction Department,**
**Road Division, Garhwa.**

PR.NO.279046 Road(22-23):D

## Office of the Secretary, District Legal Services Authority, Lohardaga

**Very Short Term Tender Notice**
**Tender No. 1/22-23, D.L.S.A., Lohardaga**

The District Legal Services Authority, Lohardaga invites sealed quatations from the reputed vendors/ firms for purchase of following items required for the office and Mediation Centre of DLSA, Lohardaga.

| Sl. No | Name of item | Quantity | Period of Supply for all the mentioned items | Last date of receipt of Bid | Name and address of the inviting Authority |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Godrej Ace Full Back with headrest | 1 | 15 days from day of opening of Bid | 14th October, 2022 | District Legal Services Authority, Civil Court, Lohardaga. |
| 2 | Godrej Pulse Adj Arms larger seats with Neckrest | 4 | | | |
| 3 | Godrej Pulse Adj Arms larger seats | 2 | | | |
| 4 | Godrej Premier Visitors with Arms | 40 | | | |

Hence, tenders are invited for the aforesaid items in a sealed envelope in the office of the the Secretary, District Legal Services Authority, Lohardaga. Bidder may contact on the numbers: **1. 9431318932 and 2. 8292067176** during the office hour from **11:00 A.M to 04:00 P.M** on working days only.

**Note:**
1. Price quoted must be inclusive of all taxes and installation charges.
2. Items must be ready to display.
3. No quatation will be entartained after due date.
4. Warranty of the items cover local service support by vendor/ firm during the period of warranty.
5. The Chairman, DLSA, Lohardaga reserves the right to accept or reject any or all quatations without assigning any reasons.
6. Bidder can visit https://districts.ecourts.gov.in/lohardaga for further reference.

**Secretary,**
**District Legal Services Authority, Lohardaga.**

PR.NO.279066 Lohardaga(22-23):D

सम्पादक की कलम से...

# कैबिनेट का फैसला स्वागत योग्य

**झारखंड** कैबिनेट की बैठक में 30 प्रस्तावों को मंजूरी मिल जाने से यहां के लोगों में सरकार के प्रति जवाबदेही दिखनी शुरू हो गयी। कारण महत्वपूर्ण प्रस्तावों में राज्य में श्रेणी दो के बालू घाटों के संचालन का जिम्मा झारखंड खनिज विकास निगम लिमिटेड को अवधि विस्तार देते हुए अगले 3 वर्ष के लिए दे दिया गया है। रांची- पुरुलिया रोड नामकुम आरोबी संगड़ा तक 17 किलोमीटर रोड को फोरलेन किया होगा। इसके लिए 181.73 करोड रुपए की योजना की मंजूरी मिल गई है। बरियातू के बड़गाई लेम बोड़ेया रोड के 4 लेन के लिए 111 .35 करोड़ की योजना की मंजूरी दी गई। सबसे महत्वपूर्ण यह कि कैबिनेट ने लोहरदगा,खूंटी,सरायकेला खरसांवा में 100 बेड वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक हेल्थ हॉस्पिटल भवन बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। जो अपने आप में बड़ी बात है। झारखंड फ्लाइंग इंस्टीच्यूट समिति का गठन किया गया, दुमका में इसका प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की योजना है। नगड़ी ब्लॉक के मुड़मा मौजा में कुष्ठ रोगियों के लिए 256 आवास बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है, इसमें 33.25 करोड़ की लागत आयेगी। 7 किलोमीटर लंबे दुमका बाईपास को चार लेन बनाने के लिए 76.45 करोड़ की योजना स्वीकृत की गई। बोकारो पुनर्वास एरिया में 20.46 एकड़ जमीन टेक्नोलॉजी सेंटर के स्थापना के लिए दिया गया। रेप और पॉस्को एक्ट के लंबित मामलों की सुनवाई के लिए 22 जिला न्यायाधीश के पद को अवधि विस्तार पर अब काम होगा। 180 मदरसा के शिक्षकों और शिक्षक कमियों को पेंशन उपादान को नई पेंशन का लाभ दिया गया। कुटुंब न्यायालय रामगढ़ में एक पद प्रधान न्यायाधीश के लिए सृजित हुआ। सिविल सर्जन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और अधीक्षक को के लिए बाह्य स्त्रोत से 44 वाहन लेने की मंजूरी दी गई है,जिसमें 34 वाहन बोलेरो और 10 बस हैं। ऐसे में विकास को गति देने के लिए हेमंत सोरेन सरकार का यह निर्णय स्वागत योग्य है। अब इस पर किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। कारण अच्छे कार्यों का वेलकम करना चाहिए। राज्य की आर्थिक राजधानी जमशेदपुर में पीपीपी मोड पर अंतर्राज्यीय बस पड़ाव के लिए 70.40 करोड़ की योजना को मंजूरी मिल गयी है। इलेक्शन कैडर को झारखंड प्रशासनिक सेवा में मर्ज करने के प्रस्ताव को घटनोत्तर स्वीकृति दी गई। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को विद्युत करों के लिए बकाया भुगतान के तहत 2632 करोड़ लोन में देने मंजूरी के साथ झारखंड औद्योगिक पार्क लॉजिस्टिक नीति 2022 की मंजूरी दी गई है। उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत वित्त विभाग में ऑडिट ऑफिसर के एक पद और वित्त पदाधिकारी के 1 पद की सृजन स्वीकृति दी गई. जलसंसाधन विभाग की पुनरीक्षित पुनर्वास नीति 2012 को अगले 5 साल 31 मार्च 2027 तक अवधि विस्तार दिया गया। झारखंड कर्मचारी चयन परीक्षा संचालन नियमावली 2021 में संशोधन किया गया है, इसमें डिप्लोमा तकनीकी सेवा के पदों में परीक्षा पत्र के में संशोधन किया गया है. औद्योगिक घरानों के द्वारा संचालित आईटीआई को पीपीपी मोड पर संचालन की स्वीकृति दी गई। ऐसे में सचमुच अगर ये सभी कार्य यहां हो जाते हैं तो यह राज्य के लिए बहुत फायदेमंद होगें।

## आज का इतिहास

**1997 :** अरुंधति राय को उनके उपन्यास 'द गॉड आफ स्माल थिंग्स' के लिए ब्रिटेन के सबसे प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार के लिए चुना गया।
**1998 :** गरीबी उन्मूलन के लिए भारत की फातिमा बी को संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
**2006 :** संयुक्त राष्ट्र संघ ने उत्तर कोरिया पर प्रतिबंध लगाया।
**1882 :** शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई।
**1884 :** प्रसिद्ध क्रांतिकारी और 'गदर पार्टी' के संस्थापक लाला हरदयाल का जन्म।
**1933 :** जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से अलग होने की घोषणा की।
**1943 :** जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।
**1946 :** हालैंड और इंडोनेशिया ने संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए।
**1948 :** इजरायल और मिस्त्र के बीच युद्ध की शुरूआत हुई।
**1956 :** डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने तीन लाख 85 हजार अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म अपनाया।
**1931 :** पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का तमिलनाडु के रामेश्वरम में जन्म।
**1932 :** टाटा कंपनी ने टाटा संस लिमिटेड नामक देश की पहली एयर लाइन की शुरूआत की।
**1949 :** त्रिपुरा राज्य को भारत में सम्मिलित किया गया।
**1961 :** लेखक सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का निधन।
**1978 :** सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
**1988 :** उज्वला पाटिल समुद्र के रास्ते विश्व का चक्कर लगाने वाली पहली एशियाई महिला बनी।
**1990 :** बॉलीवुड अभिनेता ओम शिवपुरी का निधन।
**1990 :** सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोबाचौव को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया।
**1996 :** फिजी व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि की पुष्टि करने वाला प्रथम देश बना।

# लता जी-बहारें हमको ढूंढेंगी, जाने हम कहां होंगे...

> कुछ गानों में कहीं-कहीं गायक स्वतः ही थोड़ी सी 'जगह' लेते हैं और बदलाव करते हैं। लताजी ऐसा अक्सर करती थीं। मैंने पूछा कि ऐसा वे संगीत निर्देशक के कहने पर करती हैं या खुद कर देती हैं? इस पर उन्होंने हंसकर कहा, 'नहीं यह तो मुझे गाते-गाते ही सूझ जाता था और मैं कर देती थी। इसे लेकर तो मोहम्मद रफी के साथ मेरा कई बार विवाद भी हुआ। रफी हंसकर पूंछते थे कि तुम यहां 'जगह' लेने वाली हो, यह मुझे पहले क्यों नहीं बताया। मैं भी ले लेता। तो मैं कहती कि जब मुझे गाते-गाते सूझा तो मैं पहले कैसे बता सकती थी।' फिर मैंने उनसे आलाप के बारे में पूछा कि क्या किसी गाने में आलाप लेने के बारे में संगीत निर्देशक ही आपको बताते हैं?

## जन्मदिन के अवसर पर



बचपन से ही मुझे लताजी के गानों से प्यार था। फिर जब मैंने मुंबई के विद्यानिधि हाईस्कूल में पढ़ाना शुरू किया, तो वहां संगीतकार उत्तम सिंह की बेटा-बेटी पढ़ने आया करते। उन्हें गणित और विज्ञान पढ़ाने के लिए मैंने उनके घर जाना शुरू किया। तब 'मैंने प्यार किया' फिल्म में राम-लक्ष्मण का म्यूजिक काफी हिट हो गया था और उनके सहायक उत्तम सिंह थे। एक दिन मैंने उन्हें लताजी से मिलवाने को कहा। उन्हीं दिनों फिल्म 'सातवां आसमान' के गानों की रेकॉर्डिंग में लताजी आने वाली थीं। उत्तम सिंह ने कहा कि तुम स्टूडियो जल्दी आ जाना, मैं मिलवा दूंगा। स्टूडियो पहुंचने पर मैंने देखा कि लताजी का कैसा प्रभाव संगीत निर्देशकों पर रहता था। एक गाने में उन्हें एक शब्द खटक रहा था। उन्होंने स्टूडियो के अंदर से ही सुझाव दिया कि 'इस' शब्द की जगह पर 'ये' शब्द ले लिया जाए तो गाना आसान हो जायेगा और गाने का अर्थ भी नहीं बदलेगा। राम-लक्ष्मण ने यह बात तुरंत मान ली। फिर दो गानों के ब्रेक के बीच मैं उनसे मिला। मैंने उन्हें बताया कि मुझे आपके करीब दो हजार गाने अंतरे-मुखड़े के साथ जबानी याद हैं। इस पर लताजी ने आश्चर्य जताया। फिर मैंने उनसे ऑटोग्राफ देने का आग्रह किया। बाद में मैंने लताजी से एक बार फिर मिलने के लिए अपने एक मित्र के जरिए उनके भांजे योगेश से संपर्क किया। बात बन गई और मैं मुंबई के पैडर रोड स्थित लताजी के आवास प्रभु कुंज जा पहुंचा। मुझे मुलाकात के लिए 15 मिनट मिले थे। बातचीत शुरू हुई तो मैंने कहा कि लताजी मेरे मन में आपके लिए जो भावना है, उसे मैं आपके ही गाए एक गाने से व्यक्त कर सकता हूं। उन्होंने पूछा, कौन सा गाना? मैंने कहा, 'हमें और जीने की चाहत न होती, अगर तुम न होते।' यह सुनकर वह खुलकर हंसीं। फिर मैंने कहा कि आपका पहला सुपरहिट गाना, 'हवा में उड़ता जाए, मेरा लाल दुपट्टा मलमल' का था ना? मुझे पता था कि ऐसा नहीं था, लेकिन बातचीत बढ़ाने के लिए मैंने उनसे यह बात कही। उन्होंने तुरंत कहा, 'नहीं-नहीं, मेरा पहला हिट गाना था - महल फिल्म का 'आयेगा आने वाला' था( लताजी ने मराठी में संगीत निर्देशक भी रही हैं। आनंद घन नाम से उनके कई सुपरहिट गाने हैं। इसी बातचीत में मैंने उनसे पूछा कि आपने हिंदी फिल्मों के लिए संगीत निर्देशन क्यों नहीं किया? उन्होंने बताया, 'मुझे बहुत लोगों ने इसका प्रस्ताव दिया, लेकिन मैं इसलिए नहीं गई कि मेरा गाने के ऊपर जो फोकस था, वह हट जाता।' कुछ गानों में कहीं-कहीं गायक स्वतः ही थोड़ी सी 'जगह' लेते हैं और बदलाव करते हैं। लताजी ऐसा अक्सर करती थीं। मैंने पूछा कि ऐसा वे संगीत निर्देशक के कहने पर करती हैं या खुद कर देती हैं? इस पर उन्होंने हंसकर कहा, 'नहीं यह तो मुझे गाते-गाते ही सूझ जाता था और मैं कर देती थी। इसे लेकर तो मोहम्मद रफी के साथ मेरा कई बार विवाद भी हुआ। रफी हंसकर पूंछते थे कि तुम यहां 'जगह' लेने वाली हो, यह मुझे पहले क्यों नहीं बताया। मैं भी ले लेता। तो मैं कहती कि जब मुझे गाते-गाते सूझा तो मैं पहले कैसे बता सकती थी।' फिर मैंने उनसे आलाप के बारे में पूछा कि क्या किसी गाने में आलाप लेने के बारे में संगीत निर्देशक ही आपको बताते हैं? इस पर उन्होंने बताया, 'संगम फिल्म का संगीत जब बन रहा था, तब मैं, शंकर और जयकिशन तीनों साथ बैठकर गीत पर चर्चा कर रहे थे। उसी समय राज कपूर का लंदन से फोन आया। उन्होंने कहा कि इस गाने में शुरूआत में आलाप चाहिए। इसलिए मैंने 'ओ मेरे सनम' गाने में लंबा आलाप दिया है।' आज भी जब मैं कभी प्रभु कुंज के सामने से गुजरता हूं तो नजर एक बार पहली मंजिल पर जरूर चली जाती है। लेकिन तब उन्हीं का गाया हुआ बागी फिल्म का गीत याद आता है कि हमारे बाद इस महफिल में अफसाने बयां होंगे, बहारें हमको ढूंढेंगी, न जाने हम कहां होंगे। **(लेखक बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव हैं) पर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

**■ सुनील देवधर**

# लंपी व लंपट

चुनाव समय ढूँढ़े मोको, बाकी समय उसको मैं । ना मंदिर में ना आश्रम में, ना घर-दुआरे-पाछे मना खेतों में, ना आंगन में, ना झुग्गी-झोपड़िया में ॥ ना मैं नीति में, ना मैं रीति में, ना मैं सत्ता के अधरों में । चार बरस से पहले मैं, बेकार हूँ सरकार गिराने में ॥ नहीं पूछ है, नहीं है रुतबा, मुंह छिपाती घूम रही मैं । वोट बनकर बैठी हूँ मैं, मेनिफेस्टो और पोस्टर में ॥ खोजकर देखो मैं मिल जाऊँ, हाइवे और चौराहों में । कहे वोटर सुनो भई लंपट, वह तड़पती लंपी की बाहों में ॥ भावार्थ : वोटर के अनुसार चुनाव के समय नेता गायों को खोजते हैं। बाकी समय गायें उनके नाम पर वोट बटोरने वाले नेताओं की तलाश करती रहती हैं। चुनाव के बरस नेता हमें कहाँ-कहाँ नहीं ढूँढ़ते। उन्हें मैं कैसे बताऊँ न मैं मंदिर में हूँ न घर-द्वार-पिछवाड़े में। न खेत-आंगन में हूँ न झुग्गी-झोपड़ियों में। न मैं सत्ता की नीतियों-रीतियों में हूँ न उनके होंठों में। अलबत्ता संस्कृति विभाग की नेता अपनी संतानों के होटलों में स्टाइलिश इंग्लिश नाम से स्वादिष्ट क्विजिन बनकर बेशकीमती प्लेटों में परोसी जाती हूँ। मिलूँगी या दिखूँगी भी क्यों? मैं तो नेताओं के लिए चार बरस तक मिस्टर इंडिया की तरह गायब रहती हूँ। चार बरस तक सरकार गिराने में लाचार हूँ। इसीलिए मुझे इस दौरान कोई नहीं पूछता। चुनावी बरस जैसी न पूछ होती है न रुतबा। मैं तो उनके मेनिफेस्टो और पोस्टरों में मान-सम्मान और दुनिया भर की सुख-सुविधाएँ पाती हूँ। बाकी समय हम स्वस्थ होने पर कहीं बीफ बनकर तो कहीं लंपी का शिकार होकर हाइवे-चौराहों पर नजर आती हैं। ऐसे सत्ताधारी नेताओं को देखकर हमें शर्म आती है। कसाइयों से ज्यादा इन्हें देखकर मुँह छिपाना पड़ता है। छद्म राष्ट्रवाद और छद्म धर्म के नाम पर छद्म सेवा का खेल सबसे खतरनाक होता है। हमारे संरक्षण और संवर्धन के नाम पर, हमारे विरोधियों का सिर कुचल दिया जाता है और हमारे नाम पर वसूले लाखों-करोड़ों का चंदा खुद गाय बनकर खा जाते हैं। कम से कम चारे को पचाने के लिए जुगाली तो करते हैं, वे तो बिना जुगाली सब डकार जाते हैं। इनका पाचन तंत्र की क्षमता दर्ज करने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड वाले इन्हें चप्पा-चप्पा ढूँढ़ रहे हैं। एक बार के लिए हम लंपी क्या उसके बाप से भी बच जायेंगे, लेकिन ऐसे सत्ता के लंपटों से कतई नहीं। अंत में वोटर लीचड़ किस्म के नेताओं से कहता है-- हे स्वार्थी! गिरगिट के वंशजो! मेनिफेस्टो और पोस्टरों से उतरो और जाकर उसे लंपी बीमारी से ग्रस्त विकास के चौराहों-हाइवे पर ढूँढ़ो। क्या पता स्पीड ब्रेकर के रूप में ही सही, वहीं मिल जाएँ।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'मो. नं. 73 8657**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

हे राजेन्द्र ! युगधर्मका प्रभाव विपरीत नहीं होता हैः काल ही धर्म और अधर्मका कर्ता है ॥ 14 ॥

राजा बोले- हे महाभाग सत्ययुगमें जो धर्मपरायण प्राणी हुए हैं, वे पुण्यशाली लोग इस समय कहाँ स्थित हैं? हे पितामह! त्रेतायुग या द्वापरमें जो दान तथा व्रत करनेवाले श्रेष्ठ मुनि हुए हैं, वे अब कहाँ विद्यमान हैं। मुझे बतायें। इस कलियुगमें जो दुराचारी, निर्लज्ज, देवनिन्दक और पापी लोग विद्यमान हैं, वे सत्ययुगमें कहाँ जायेंगे? हे महामते। यह सब विस्तारपूर्वक कहिये; मैं इस धर्मनिर्णयके विषयमें सब कुछ सुनना चाहता हूँ॥ 15-18 ॥

व्यासजी बोले- हे राजन् जो मनुष्य सत्ययुगमें उत्पन्न होते हैं, वे अपने पुण्यकार्योंके कारण देवलोकको चले जाते हैं ॥ 19 ॥

हे नृपश्रेष्ठ अपने-अपने वर्णाश्रमधर्में संलग्न रहनेवाले ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र अपने कर्मोसे अर्जित लोकोंमें चले जाते हैं ॥ 20 ॥

सत्य, दया, दान, एकपत्नीव्रत, सभी प्राणियों में अद्रोहभाव तथा सभी जीवोंमें समभाव रखना यह सत्ययुगका साधारण धर्म है। सत्ययुगमें इसका धर्मपूर्वक पालन करके रजक आदि इतर वर्णके लोग भी स्वर्ग चले जाते हैं। हे राजन्! त्रेता और द्वापरयुगमें यही स्थिति रहती है, किंतु इस कलियुगमें पापी मनुष्य नरक जाते हैं और वे वहाँ तबतक रहते हैं जबतक युगका परिवर्तन नहीं होता, उसके बाद मनुष्यके रूपमें पुनः पृथ्वीपर जन्म लेते हैं ॥ 21-24 ॥

हे राजन! जब कलियुगका अन्त और सत्ययुगका आरम्भ होता है, तब पुण्यशाली लोग स्वर्गसे पुनः मनुष्यके रूपमें जन्म लेते हैं ॥ 25 ॥

जब द्वापरका अन्त और कलियुगका प्रारम्भ होता है, तब नरकके सभी पापी पृथ्वीपर मनुष्यके रूपमें उत्पन्न होते हैं ॥ 26 ॥

इस प्रकार युगके अनुरूप ही आचार होता है, उसके विपरीत कभी नहीं कलियुग असत्-प्रधान होता है, इसलिये उसमें प्रजा भी वैसी ही होती है।दैवयोगसे कभी-कभी इन प्राणियोंके जन्म लेनेमें व्यतिक्रम भी हो जाता है। कलियुगमें कुछ जो साधुजन हैं, वे द्वापरके मनुष्य हैं। उसी प्रकार द्वापर के मनुष्य कभी-कभी त्रेतामें और त्रेताके मनुष्य सत्ययुगमें जन्म लेते हैं। जो सत्ययुगमें दुराचारी मनुष्य होते हैं, वे कलियुगके हैं। वे अपने किये हुए कर्मके प्रभावसे दुःख पाते हैं और पुनः युगप्रभावसे वे वैसा ही कर्म करते हैं ॥ 27-30 ॥

जनमेजय बोले- हे महाभाग ! आप समस्त युगधर्मोका पूर्णरूपसे वर्णन करें; जिस युगमें जैसा धर्म होता है, उसे मैं जानना चाहता हूँ ॥ 31 ॥

**- क्रमशः**

# कट्टरता की तह तक जल्दी पहुंचे जांच

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और राज्य पुलिस बलों द्वारा पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ की जा रही राष्ट्रव्यापी कार्रवाई ने जोरदार, लेकिन आरोप-प्रत्यारोपों वाली बहस शुरू कर दी है। एक मुखर खेमा मानता कि मुस्लिम-विरोधी खास एजेंडे को आगे बढ़ाने के कारण पीएफआई को निशाना बनाया जा रहा है, जबकि दूसरा वर्ग इस बात के लिए सत्ता-प्रतिष्ठान की तारीफ कर रहा है कि उसने एक ऐसे संगठन के खिलाफ कार्रवाई की है, जो व्यवस्था को अस्थिर करने पर आमादा है। हालांकि, निष्पक्ष विचारक इन दोनों मतों के बीच कहीं सच के छिपे होने की बात कह सकते हैं। पीएफआई तीन इस्लामिक गुटों के विलय के साथ साल 2006 में अस्तित्व में आया। अपनी उग्र भाषा और मुस्लिम समुदाय को हिंदू पूर्वाग्रह के शिकार के रूप में चित्रित करने के कारण इसने अधिकारियों का ध्यान अपनी ओर खींचा। इसी पृष्ठभूमि के कारण वह स्पष्ट करता है कि दक्षिणपंथी हिंदूवादी तत्वों के खिलाफ लड़ने के लिए वह संकल्पित है, चाहे इसके लिए उसे जिस किसी साधन का इस्तेमाल करना पड़े। नतीजतन, पिछले एक दशक में हिंसा खूब बढ़ी है, खासकर दक्षिण भारत में। केरल, जहां एक बड़ी और दबदबा रखने वाली मुस्लिम आबादी है, पीएफआई का गढ़ है और इस समुदाय के खिलाफ कथित अन्याय को लेकर यहां अक्सर संघर्ष होते रहे हैं। शुरूआती दिनों में पुलिस की प्रतिक्रिया सुस्त और बिखरी हुई थी। यह जाहिर तौर पर सत्ता की तरफ से स्पष्ट दिशा-निर्देश के अभाव के कारण था। तब भ्रमित पुलिस पदानुक्रम के कारण भी पीएफआई के खतरों से निपटने के लिए जरूरी कार्रवाई को लेकर आम सहमति नहीं बन पाई। पुलिस नेतृत्व इस बात को लेकर सावधान रहता था कि ऐसी किसी कार्रवाई से उस पर धार्मिक पूर्वाग्रह के लांछन न लग जाएं। साल 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार की ताजपोशी और कुछ राज्यों में बदलाव से कानून लागू करने संबंधी नजरिये में स्पष्टता आई है। राजनीतिक दिशा अब कहीं अधिक स्पष्ट और सख्त कार्रवाई की पक्षधर है। हाल के छापों और महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जब्ती से हम इसे आसानी से समझ सकते हैं। यहां तक कि मीडिया से बातचीत के दौरान भी एजेंसियों ने मामले की गंभीरता कम नहीं आंकी। उनकी यह साफगोई भविष्य के लिए उम्मीद जगाती है। एजेंसियों ने साफ कहा है कि पर्याप्त सुबूतों व राह भटके पीएफआई काडर व संगठन से सहानुभूति रखने वालों की पहचान करने के बाद ही छापेमारी की कार्रवाइयों को अंजाम दिया गया। यह बताता है कि उन्होंने गैर-कानूनी कृत्यों को बेपरदा करने के लिए किस कदर की मेहनत की होगी। छापेमारी व गिरफ्तारियों के बाद हिंसा की छिटपुट घटनाओं से पता चलता है कि पीएफआई नेतृत्व इन कार्रवाइयों को लेकर बेखबर था। अपनी योजना को इस कदर गोपनीय बनाये रखने के लिए एनआईए व ईडी, दोनों को बधाई देनी चाहिए, क्योंकि कई मामलों में हमने देखा है कि विश्वासघातियों ने अपराधियों या संदिग्धों को पहले ही संवेदनशील जानकारियां लीक कर दीं। यह मानने की भी ठोस वजह है कि कुछ पीएफआई सदस्य सीमा-पार के आतंकी गुटों के साथ मिल गये थे। हालांकि, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में यह दुरभिसंधि दिखी है और इसे तोड़ा जाना आवश्यक है। यह विश्वास करना कठिन है कि पीएफआई गोपनीय तरीके से जो कर रहा था, उससे राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं था। अगर सरकार को दोष देना है, तो इस तरह की कार्रवाई पहले न किये जाने के लिए उसको दोषी मानना चाहिए। हालांकि, मेरा यही मानना है कि अधूरी तैयारी या पर्याप्त सुबूतों के अभाव में की गई कार्रवाई से बेहतर है, कुछ समय के लिए इंतजार करना। लिहाजा सवाल यह है कि अब आगे किस तरह की चुनौतियां आने वाली हैं? निश्चय ही, कई जटिल मुद्दे हमारा इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि काम का एक छोटा हिस्सा अभी पूरा हुआ है। इन कार्रवाइयों के दो पहलू हैं, जिन पर संजीदगी से ध्यान देना होगा। पहला, एनआईए और ईडी, दोनों ने काफी मुश्किल काम को अंजाम दिया है। इससे पहले कि पीएफआई खुद को फिर से संगठित करे, हमें उसके अन्य अज्ञात स्त्रोतों और तत्वों की पहचान करनी होगी। उसके अंतरराष्ट्रीय रिश्ते को उजागर करना सबसे जरूरी है और मुझे विश्वास है कि इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) व रिसर्च ऐंड एनालिसिस विंग (रॉ) इसके लिए आगे आयेंगे। अच्छी बात है कि हमने अभी तक सरकारी एजेंसियों के बीच किसी तरह के तनाव की बात नहीं सुनी है। यह भविष्य की कार्रवाइयों के लिहाज से एक शुभ संकेत है। चूंकि हमारे कई पश्चिमी देशों के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं, तो हम उनके खुफिया संगठनों की इस मामले में हरसंभव मदद ले सकते हैं। पीएफआई का एजेंडा निश्चय ही भारत और उसके पड़ोस में अंतर-धार्मिक संघर्ष पैदा करना है। हमें इसकी जड़ें खोदने की जरूरत है। दूसरा कठिन काम, गिरफ्तार पीएफआई सदस्यों और उसके समर्थकों का सफल अभियोजन कराना है। एजेंसियों द्वारा एकत्र किये गये सुबूतों की पूरी सावधानी के साथ छानबीन की जानी चाहिए और उनको सक्षम अभियोजकों (अदालत में जिरह करने वाला वादी) को सुपुर्द करना चाहिए। इसमें कोई जी-हुजूरी करने वाला कानूनी अधिकारी नहीं चाहिए। इस मामले को ऐसे सक्षम और ईमानदार अधिकारी की जरूरत है।

**■ आर के राघवन**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### पानी को बर्बाद न करें

जल ही जीवन है ,जल है तो कल है' भविष्य के लिए पानी बचाएं' लेकिन पानी की बर्वादी उतना ही हो रहा है। शहर के सप्लाई नल का टोटी टूटने से प्रतिदिन सुबह शाम हजारों लीटर पानी की बर्बाद हो रही है। वार्डों में लगाए गए अधिकांश सार्वजनिक नलों की टोटी टूटी है या फिर पूरा नल ही गायब है। लोग प्लास्टिक पाइप लगाकर या फिर अन्य जुगाड़ से काम चला रहे हैं। यदि इसी तरह से पानी की बबार्दी जारी रही तो आने वाले समय में शहर में गंभीर पेयजल संकट हो सकता है। शहर के 35 वार्डों में लगे अधिकांश सार्वजनिक नलों में टोटी नहीं हैं। जिसकी वजह से प्रतिदिन सुबह से शाम तक हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह जाता है। इस ओर न तो निगम ध्यान दे रहा है और न ही शहरवासी। पानी बचाव के लिए कई मुहावरे जो हर रोज शासन-प्रशासन आम आदमी तक पहुंचाता है। यह सभी वाक्य हर रोज व्यक्ति किसी न किसी प्रकार देख व सुन रहा है, लेकिन इनका पालन न ही जिला प्रशासन कर रहा है और न ही आम नागरिक। मोहल्लों के टूटे नलों को देखकर जाना जा सकता है कि इन मुहावरे का कितना असर लोगों पर हो रहा है। इसके लिए शासन की तरफ से न तो पहल की गई और न ही लोगों को जागरूक करने को कोई अभियान चलाया गया। मोहल्ले में लगे नलों की टोटी टूटने के बाद ना तो उन्हें सुधारा गया और न ही इसकी लोगों ने कभी शिकायत निगम व संबंधित विभाग से की है। वार्डों के अधिकतर नलों में पाइप नहीं होने से लोग प्लास्टिक पाइप लगाकर काम चला रहे हैं। इससे पानी व्यर्थ बहने से आसपास पानी का जमाव होता है जो कि धीरे-धीरे बीमारियों का कारण बनता है। मै लोकप्रिय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि जहां भी पानी की बर्वादी हो रही है।

**■ किशोर कुमार, हमीदगंज , मेदिनीनगर।**

# महामारी से स्कूली शिक्षा में क्या बदलाव आया

जिन बच्चों का जन्म पांच वर्ष पहले हुआ था, वे कोरोना के कारण अब पांच साल की उम्र में स्कूल जा पा रहे हैं। जो पहले जा रहे थे, उनका भी दो वर्षों के दौरान स्कूल की दुनिया से संवाद टूट सा गया था। कोरोना ने सबसे ज्यादा नुकसान बच्चों और उनके संसार को पहुंचाया। वास्तव में मानसिक और शारीरिक रूप से उन्हें कोरोना के दौरान कितना नुकसान पहुंचा, इसका पता लगाया जाना अभी बाकी है। लेकिन इस बात पर लगभग सबकी राय एक है कि बच्चों के भावनात्मक संसार को कोरोना ने जितना नुकसान पहुंचाया है, उसकी भरपाई मुश्किल है। कोरोना काल के दो वर्ष शिक्षण से जुड़े लोगों के लिए चुनौतीपूर्ण तो थे, लेकिन साथ-साथ अवसर भी थे। उस अवधि में समाज ने जो एक नया प्रयोग देखा, उसकी बदौलत हम टेक्नॉलजी के ज्यादा करीब आ गये। इसके जरिए शिक्षक और छात्रों के बीच संवाद को फिर से जीवित करने का प्रयास हुआ। इस लिहाज से टेक्नॉलजी ने कोरोना के संकट में हमारी सहायता की। दूसरे पहलू को देखें तो यह जरूर साफ हुआ है कि तकनीक से बच्चों के व्यवहार में नकारात्मक परिवर्तन भी हुआ है। महामारी के दौरान कुछ लोगों को लगने लगा था कि तकनीकीकरण शैक्षणिक संरचना को पूरी तरह से बदल देगा। इस समय बहुत सी कंपनियां शैक्षणिक उत्पादें लेकर आईं। उनका दावा था कि आने वाले समय में शिक्षा व्यवस्था में शिक्षकों की और कुछ समय बाद स्कूलों की भी जरूरत नहीं रहेगी। अपनी बात को सच साबित करने के लिए उन्होंने बड़े-बड़े नामों के साथ विज्ञापन भी दिया। शुरूआती दिनों में उनके दावों से प्रभावित कुछ स्कूल और अभिभावक आकर्षित भी हुए। लेकिन पाठ्यसामग्री के अभाव और मानवीय संवेदनाओं की कमी ने जल्द ही अभिभावकों को इस भ्रम से दूर कर दिया। नतीजतन ये कंपनियां जितनी तेजी से फैल रही थीं, अब उतनी ही तेजी से संकुचित भी हो रही हैं। इसके दो कारण रहे। पहला, परंपरागत शैक्षणिक संस्थान कोरोना के बाद फिर से खुल गये। दूसरा, इन कंपनियों के उत्पाद शैक्षणिक दृष्टि से पूर्ण नहीं थे। शिक्षाविद और अब तक के अनुभव बताते हैं कि शिक्षा में शैक्षणिक सामग्रियों का बहुत बड़ा योगदान है। यह शैक्षणिक सामग्री ही है, जिसने सुपर-30 को बिना विज्ञापन के ही पूरे विश्व में चर्चित कर दिया। इसलिए कोरोना के बाद जब समाज वापस अपने ढर्रे पर आ रहा है तो स्कूलों और शैक्षणिक व्यवस्था से जुड़े लोगों से अपेक्षा है कि वह पाठ्यसामग्री और उसके प्रस्तुतीकरण पर फिर से चर्चा करें और उनके विकास पर ध्यान दें। इसमें एक महत्वपूर्ण बात और दिख रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्कूली शिक्षा को प्राथमिकता देना शुरू किया है। यह संकेत राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 से मिलने लगा था। लेकिन अभी 5 सितंबर को जब उन्होंने 14,500 नये आदर्श स्कूल खोलने की घोषणा की तो इसकी फिर से पुष्टि हो गई। ये नये मॉडल स्कूल ब्लॉक स्तर पर खोले जायेंगे और हर ब्लॉक में इनकी संख्या दो होगी। ये स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिशों के अनुरूप होंगे और केंद्र सरकार इन्हें केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय के स्तर पर विकसित करेगी। ये नये स्कूल न केवल बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करेंगे, बल्कि राज्य सरकारों को भी इसी तर्ज पर स्कूल विकसित करने की प्रेरणा देंगे। कोरोना काल के समय हुए शैक्षणिक नुकसान की पूरी भरपाई कर पाना तो संभव नहीं है, न ही हम बच्चों को उनके बीते दो वर्ष लौटा सकते हैं। लेकिन यदि हम अपने पुराने अनुभवों से सीखते हुए एक ऐसी शैक्षणिक व्यवस्था की बुनियाद रख देते हैं जो आगे चलकर कोरोना या कोरोना जैसी किसी भी परेशानी का सामना कर सके तो यह अपने आप में बड़ी सफलता होगी। **(लेखक सेंटर ऑफ पॉलिसी रिसर्च एंड गवर्नेंस के निदेशक हैं और वर्तमान में एनसीईआरटी गठित शिक्षक शिक्षा के नैशनल फोकस समूह के सदस्य हैं) ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

**■ रामानंद नंद**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# शनिदेव की हमेशा बरसेगी कृपा बस मुख्य द्वार पर लगायें यह पौधा

कुछ लोग शनि देव की कृपा पाने के लिए घर के अंदर ही शमी का पौधा लगाते हैं। लेकिन इसे घर के अंदर लगाने के स्थान पर इसे आंगन में या फिर मुख्य द्वार पर इस तरह लगाएं कि जब भी आप घर से बाहर निकलें तो यह आपके दाहिने तरफ हो। हिन्दू धर्म में शनिदेव एक बेहद ही महत्वपूर्ण देवता माने गए हैं। भगवान सूर्य तथा छाया के पुत्र शनिदेव को न्याय के देवता के रूप में पूजा जाता है। ऐसा कहा जाता है कि कलियुग में भी वह निष्पक्ष से रूप से न्याय करते हैं। अगर उनकी कृपा किसी व्यक्ति पर हो तो व्यक्ति को कम समय में बड़ी सफलता मिलती है। वहीं, अगर वह किसी पर कुपित हो जाते हैं तो व्यक्ति का सर्वनाश होते भी देर नहीं लगती। इसलिए, लोग हमेशा यह कोशिश करते हैं कि शनि देव उनसे हमेशा प्रसन्न रहें। अगर आप भी ऐसा ही चाहते हैं तो अपने घर के बाहर शमी के पौधे को लगाएं। इसे शनिदेव का प्रिय पौधा माना गया है।



भगवान सूर्य तथा छाया के पुत्र शनिदेव को न्याय के देवता के रूप में पूजा जाता है। ऐसा कहा जाता है कि कलियुग में भी वह निष्पक्ष से रूप से न्याय करते हैं। अगर उनकी कृपा किसी व्यक्ति पर हो तो व्यक्ति को कम समय में बड़ी सफलता मिलती है। वहीं, अगर वह किसी पर कुपित हो जाते हैं तो व्यक्ति का सर्वनाश होते भी देर नहीं लगती। इसलिए, लोग हमेशा यह कोशिश करते हैं कि शनि देव उनसे हमेशा प्रसन्न रहें। अगर आप भी ऐसा ही चाहते हैं तो अपने घर के बाहर शमी के पौधे को लगाएं। इसे शनिदेव का प्रिय पौधा माना गया है।

## घर में ना लगाएं शमी का पौधा

कुछ लोग शनि देव की कृपा पाने के लिए घर के अंदर ही शमी का पौधा लगाते हैं। लेकिन इसे घर के अंदर लगाने के स्थान पर इसे आंगन में या फिर मुख्य द्वार पर इस तरह लगाएं कि जब भी आप घर से बाहर निकलें तो यह आपके दाहिने तरफ हो। कभी भी अंधेरे स्थान में इसे नहीं रखना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि अगर घर में आते समय या घर से बाहर जाते समय व्यक्ति की आंखों के सामने यह पौधा होता है तो व्यक्ति के काम आसानी से बन जाते हैं और आने वाली अड़चनें दूर होती हैं।

## धार्मिक रूप से भी है महत्वपूर्ण

शमी का पौधा ना केवल शनिदेव को प्रिय है, बल्कि इसका अपना एक धार्मिक महत्व भी है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब प्रभु श्रीराम ने सीताजी को छुड़वाने के लिए लंका पर आक्रमण किया था, तो उससे पहले उन्होंने शमी के पौधे की ही पूजा की थी। महाभारत काल में भी इसका वर्णन मिलता है। ऐसा कहा जाता है कि जब पांडव अज्ञातवास में थे, तब उन्होंने अपने अस्त्र-शस्त्र इसी वृक्ष के नीचे छिपाए थे।

## ना करें ये गलतियां

- जब आप घर में शमी का पौधा लगा रहे हैं तो आपको कुछ गलतियों से बचना चाहिए।
- शमी के पौधे को किसी भी दिन घर में ना लगाएं। इसे शनिवार के दिन या विजयदशमी के दिन लगाना सबसे अच्छा माना जाता है।
- कभी भी इसे घर के अंदर बंद जगह पर ना लगाएं। आप इसे आंगन में लगा सकते हैं या फिर छत पर रख सकते हैं। इसके अलावा, मुख्य द्वार के बाहर भी इसे रखा जा सकता है।
- अगर आपने शमी का पौधा लगाया है तो उसे ऐसे ही छोड़ देने की गलती ना करें, अन्यथा शनिदेव कुपित हो जाते हैं। इसकी सही तरह से देख-रेख करें। साथ ही, हर शनिवार को शमी के पौधे के नीचे दीपक जलाएं।
- चूंकि भगवान शिव को भी शमी का पौधा प्रिय है, इसलिए शिव भगवान की पूजा करते हुए इस पौधों के पत्ते चढ़ाएं।

## शनिदेव के गुरू शिवजी का भी है प्रिय

यह तो हम सभी जानते हैं कि देव आदिदेव महादेव को बेलपत्र बेहद ही प्रिय है। लेकिन इसके अलावा, शंकर भगवान को शमी का पौधा भी उतना ही पसंद है। इतना ही नहीं, शिवजी को शनि अपना गुरु मानते हैं। ऐसे में अगर व्यक्ति शमी का पौधा लगाता है, तो उसे शनिदेव और शिव भगवान दोनों की कृपा मिलती है।

# बारिश के मौसम में कीड़े-मकोड़ों से छुटकारा पाने के लिए आजमायें ये घरेलू उपाय

बारिश के घर में मच्छर, चींटी, कॉक्रोच, झींगुर और दीमक जैसे कीड़े-मकोड़े पनपने लगते है। इनसे कई तरह की बीमारियाँ होने का डर रहता है। ऐसे में आप कुछ घरेलू उपाय करके भी कीड़े-मकोड़ों से छुटकारा पा सकते हैं। बारिश के मौसम में गड्ढों, गमलों और खाली बर्तनों में पानी भरने के कारण कीड़े-मकोड़े और मच्छर पैदा होने लगते हैं। इस मौसम में घर में मच्छर, चींटी, कॉक्रोच, झींगुर और दीमक जैसे कीड़े-मकोड़े पनपने लगते है। इनसे कई तरह की बीमारियाँ होने का डर रहता है। अक्सर लोग कीड़े-मकोड़ों से छुटकारा पाने के लिए इन्सेक्ट रिपेलेंट और स्प्रे का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इनमें मौजूद केमिकल्स हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। ऐसे में आप कुछ घरेलू उपाय करके भी कीड़े-मकोड़ों से छुटकारा पा सकते हैं।

**कपूर :** कपूर का इस्तेमाल हम आमतौर पर पूजा में करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप कपूर का इस्तेमाल करके कीड़े-मकोड़ों और मच्छरों से भी छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए बस कपूर को कमरे में जला कर रख दें और 10 मिनट के लिए खिड़की-दरवाजे बंद कर दें। ऐसा करने से सारे कीड़े-मकोड़े बहार भाग जाएंगे।

**तुलसी के पत्ते :** बरसात के मौसम में कीड़े मकोड़ो से राहत पाने के लिए आप तुलसी के पत्ते का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए आप तुलसी के पत्ते का रस निकल लें। अब इस रस से भीगी हुई रूई को लाइट के आसपास रख कर छोड़ दें। तुलसी के रस की महक के कारण सारे कीड़े-मकोड़े भाग जाएंगे।

**नीम का तेल :** बारिश में कीड़े-मकोड़ों और मच्छरों से छुटकारा पाने के लिए आप नीम के तेल का प्रयोग कर सकते हैं। इसके लिए आप नीम के तेल को अपने शरीर पर लगा सकते हैं या फिर नारियल के तेल में नीम का तेल मिलाकर उसका दिया कमरे में जला सकते हैं।

**लेमन ग्रास :** बरसात में कीड़े-मकोड़ो से छुटकारा पाने के लिए आप लेमन ग्रास का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक कप लेमन ग्रास के साथ एक चम्मच सिरका को मिक्सर में डालकर उसको अच्छे से पेस्ट बना लें। फिर इस पेस्ट को घर के कोने पर रख दें। ऐसे करने से घर में कीड़े-मकोड़े नहीं आते हैं।

# मानसून में बढ़ सकता है जोड़ों का दर्द, ऐसे करें देखभाल

मानसून के दौरान जोड़ों के दर्द को मैनेज करने का सबसे अच्छा उपाय व्यायाम है। नियमित रूप से स्ट्रेचिंग और शारीरिक गतिविधियां इस तरह के दर्द को रोक कर रखेंगी। इस मौसम में लंबे समय तक बैठे रहने से बचना चाहिए। मानसून एक ऐसा मौसम होता है, तो हड्डियों के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। इन दिनों में आपकी हड्डियों में अधिक दर्द होता है, जिससे कभी-कभी अपने दैनिक काम करना भी काफी मुश्किल हो जाता है। नमी के स्तर में बदलाव, वायुमंडलीय दबाव, तापमान में अचानक बदलाव और वर्षा के कारण मानसून शुरू होते ही बहुत से लोगों को जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में अकड़न और चोट के दर्द का अनुभव होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उच्च आर्द्रता का स्तर रक्त को गाढ़ा कर सकता है, रक्त वाहिकाओं में रक्तचाप बढ़ा सकता है, और रक्त पंप करने के लिए किसी के शरीर को अधिक मेहनत कर सकता है।

**जरूर करें एक्सरसाइज :** मानसून के दौरान जोड़ों के दर्द को मैनेज करने का सबसे अच्छा उपाय व्यायाम है। नियमित रूप से स्ट्रेचिंग और शारीरिक गतिविधियां इस तरह के दर्द को रोक कर रखेंगी। इस मौसम में लंबे समय तक बैठे रहने से बचना चाहिए। यदि काम के लिए लंबे समय तक बैठने की आवश्यकता है, तो सुनिश्चित करें कि आप हर आधे घंटे में खड़े हों और चलें।

**लें हॉट शॉवर :** गर्म पानी से नहाने से रक्त संचार बेहतर होता है और मानसून के दौरान जोड़ों का दर्द कम होता है। इसलिए, हॉट शॉवर लें।

**हॉट व कोल्ड कंप्रेस का लें सहारा :** ऐसा करने से बारिश के मौसम में जोड़ों के दर्द और परेशानी से निपटने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा, तेल लगाएं और रक्त परिसंचरण को बढ़ाने के लिए जोड़ों के क्षेत्र में धीरे से मालिश करें।

**एसी का प्रयोग न करें :** अगर आप मानसून में भी एसी का अधिक प्रयोग करते हैं, तो यह आपके जोड़ों की समस्या को बढ़ा सकता है और आपको दर्द हो सकता है। इसलिए, मानसून में एसी का इस्तेमाल करने से बचें।

**पीएं पर्याप्त पानी :** बरसात के मौसम में जोड़ों के दर्द को प्रबंधित करने के लिए पानी की मात्रा का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है। यदि आप पर्याप्त पानी पीते हैं तो यह आपको जोड़ों की लोच बनाए रखने में मदद करेगा। जिससे आपको अपेक्षाकृत कम दर्द होगा।

**संतुलित आहार लें :** दर्द को मैनेज करने के लिए आपको अपने आहार में एंटी- इन्फ्लेमेटरी खाद्य पदार्थों को शामिल करना होगा। टमाटर, जैतून का तेल, हरी पत्तेदार सब्जियां, जैसे पालक, केल, साबुत अनाज, लीन प्रोटीन, नट्स, बीन्स, अंडे, दही, एवोकाडो, जामुन, ब्रोकोली, अलसी, सामन, गाजर, अदरक, अखरोट, अनानास, हल्दी खाएं। साथ ही, प्रोसेस्ड, जंक और डिब्बाबंद भोजन, शराब और धूम्रपान से दूर रहने की कोशिश करें।

# मक्खन की तरह पिघलेगी चर्बी बस इन दो चीजों का करें सेवन



अगर आप नेचुरल तरीके से अपना वजन कम करना चाहते हैं तो ऐसे में नींबू के रस और जैतून के तेल को मिक्स करके लिया जा सकता है। हालांकि, इसका सही तरह से सेवन करना बेहद आवश्यक है। आप इसका सेवन सुबह खाली पेट करें। आज के समय में अधिकतर लोग अपने बढ़ते वजन के कारण परेशान रहते हैं और उसे कम करने के लिए तरह-तरह की फैन्सी डाइट, दवाई या पाउडर आदि का सेवन करते हैं। लेकिन अगर आप नेचुरल तरीके से अपने बढ़े हुए पेट व फैट को घटाना चाहते हैं तो ऐसे में आप घर पर ही एक बेहतरीन वेट लॉस ड्रिंक तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आपको नींबू के रस और ऑलिव ऑयल की जरूरत होगी।

## इस तरह करें सेवन

अगर आप नेचुरल तरीके से अपना वजन कम करना चाहते हैं तो ऐसे में नींबू के रस और जैतून के तेल को मिक्स करके लिया जा सकता है। हालांकि, इसका सही तरह से सेवन करना बेहद आवश्यक है। आप इसका सेवन सुबह खाली पेट करें। इन दोनों ही इंग्रीडिएंट में एंटीऑक्सीडेंट आपकी बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं, जिससे मेटाबॉलिज्म बूस्टअप होता है। इसके लिए आप जैतून के तेल में कुछ बूंदे नींबू के रस मिलाएं और इसका सेवन करें। करीबन आधे से एक घंटे बाद ब्रेकफास्ट करें।


## ऐसे होता है वजन कम

जैतून के तेल और नींबू के रस से वजन कम करने के लिए बेहद ही प्रभावशाली माना जाता है। दरअसल, इन दोनों ही इंग्रीडिएंट्स में एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो आपकी बॉडी को डिटॉक्स करने में मददगार साबित होते हैं। जब आप इसका सेवन करते हैं तो आपकी बॉडी जल्द ही लाइट व एक्टिव फील करती है। इसके अलावा, नींबू में मौजूद विटामिन सी शरीर को कार्निटाइन बनाने में मदद करता है। यह कार्निटाइन फैट को ऊर्जा में बदलने में मदद करता है, जिससे धीरे-धीरे फैट बर्न होने लगता है।

## इस बात का रखें ध्यान

यूं तो नींबू के रस और जैतून के तेल से आपका वजन तेजी से कम होता है, लेकिन फिर भी आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। मसलन, इसका बहुत अधिक मात्रा में सेवन ना करें, अन्यथा आपके दांतों को नुकसान पहुंच सकता है। इसके अलावा, अगर आपको एलर्जी है तो एक बार डॉक्टर से सलाह अवश्य लें।

❖ मिताली जैन



# किडनी की बीमारियों से रहना है दूर तो रोजाना करें ये योगासन

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक मोटापे से ग्रस्त लोगों को किडनी की समस्या होने का जोखिम अधिक रहता है। ऐसे में आपको अपने खानपान और जीवनशैली पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है। आप योग के नियमित अभ्यास से किडनी को स्वस्थ रख सकते हैं। किडनी हमारे शरीर का एक अहम अंग है और इसके बिना हमारे शरीर के काम करने की क्षमता ना के बराबर हो जाती है। किडनी हमारे शरीर में बनने वाले जहरीले पदार्थों को फिल्टर करके यूरिन के जरिए बाहर निकालती है। अगर किडनी सही ढंग से काम ना करे तो हमारे शरीर में टॉक्सिंस जमा होने लगेंगे जिसका सीधा असर हमारे दिल और लिवर पर पड़ेगा। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक मोटापे से ग्रस्त लोगों को किडनी की समस्या होने का जोखिम अधिक रहता है। ऐसे में आपको अपने खानपान और जीवनशैली पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है। आप योग के नियमित अभ्यास से किडनी को स्वस्थ रख सकते हैं।

**मार्जरीआसन :** इस आसन को करने के लिए वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं। अब अपने दोनों हाथों को फर्श पर आगे की ओर रखें। अपने दोनों हाथों पर थोड़ा सा भार डालते हुए अपने हिप्स (कूल्हों) को ऊपर उठायें। अपनी जांघों को ऊपर की ओर सीधा करके पैर के घुटनों पर 90 डिग्री का कोण बनाएँ। अब साँस भरते हुए अपने सिर को पीछे की ओर झुकाएं, अपनी नाभि को नीचे से ऊपर की तरफ धकेलें और टेलबोन (रीढ़ की हड्डी का निचला भाग)) को ऊपर उठाएं। अब अपनी सांस को बाहर छोड़ते हुए अपने सिर को नीचे की ओर झुकाएं और मुंह की ठुड्डी को अपनी छाती से लगाने का प्रयास करें। इस स्थिति में अपने घुटनों के बीच की दूरी को देखें। अब फिर से अपने सिर को पीछे की ओर करें और इस प्रक्रिया को दोहराहएं। इस क्रिया को आप 10-20 बार दोहराएं।

**सेतुबंधासन (ब्रिज पोज) :** इस आसान को करने के लिए जमीन पर पीठ के बल लेट जाएं। अब हाथ को शरीर से सटा कर और हथेलियों को जमीन से लगा कर रखें। फिर धीरे-धीरे नितंबों, कमर और पीठ के सबसे ऊपरी हिस्से को ऊपर उठाएं। इस अवस्?था में 3 से 5 मिनट तक रहें। सांस छोड़ते हुए आसन से बाहर आ जाएं।

**अर्ध मत्स्येन्द्रासन :** इस आसन को करने के लिए जमीन पर बैठ जाएं और अपने पैरों को सामने फैलाएं। अपनी रीढ़ को सीधा रखें और अपने हाथों को साइड में रखें। अब अपने बाएं घुटने को मोड़ें और अपने बाएं पैर को क्रास्ड लेग पोजीशन की तरह पेल्विक क्षेत्र के पास लाएं। अपने दाहिने घुटने को मोड़ें और दाहिने पैर को बाएं घुटने के ऊपर ले आएं। आपका दाहिना पैर आपके बाएं घुटने के पास होना चाहिए। अब, अपने ऊपरी शरीर को मोड़ें और अपने बाएं हाथ को अपने दाहिने घुटने के पार ले आएं। आप अपने दाहिने हाथ को अपनी तरफ या अपनी पीठ के पीछे रख सकते हैं। लगभग एक मिनट के लिए इस स्थिति में रहें और फिर प्रारंभिक स्थित में लौट आएं। अब इसे दूसरी तरफ से दोहराएं।

❖ प्रिया मिश्रा

# सेहत के लिए अमृत के समान है पंचमेल दाल इसके सेवन से सेहत को होते हैं कई लाभ



पांच तरह की दालों के बराबर मिश्रण को 'पंचमेल दाल' कहते हैं। पंचमेल दाल का सेवन करने से सेहत को कई तरह के लाभ मिलते हैं।पंचमेल दाल में प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, काबोर्हाइड्रेट और मिनरल्स जैसे कई पोषक तत्व के गुण पाए जाते है। इसका सेवन करने से कई तरह की स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं से छुटकारा मिलता है। सोचिए एक तरह की दाल खाने से हमारे शरीर को इतना पोषण मिलता है तो पांच दालों के मिश्रण को खाने से कितना पोषण मिलेगा? पांच तरह की दालों के बराबर मिश्रण को 'पंचमेल दाल' कहते हैं। पंचमेल दाल का सेवन करने से सेहत को कई तरह के लाभ मिलते हैं। पंचमेल दाल में प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, काबोर्हाइड्रेट और मिनरल्स जैसे कई पोषक तत्व के गुण पाए जाते है। इसका सेवन करने से कई तरह की स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

**पाचन तंत्र को मजबूत बनाए :** पंचमेल दाल हमारे पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए बहुत ही फायदेमंद मानी जाती है। इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर मौजूद होता है, जो पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में मदद करता है। पंचमेल दाल का सेवन करने से कब्ज की समस्या को दूर करने में मदद मिलती है।

**वजन कम करने में मददगार :** जो लोग वजन कम करना चाहते हैं, उनके लिए पंचमेल दाल का सेवन करना बहुत फायदेमंद माना जाता है। पंचमेल दाल में फाइबर मौजूद होता है, जिसकी वजह से पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है और भूख भी कम लगती है। पंचमेल दाल का सेवन करने से वजन कम करने में मदद मिलती है।

**डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद :** डायबिटीज के मरीजों के लिए पंचमेल दाल का सेवन करना बहुत लाभकारी माना जाता है। पंचमेल दाल में ऐसे कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करते हैं।

**दिल के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी :** दिल को हेल्दी रखने के लिए भी पंचमेल दाल का सेवन फायदेमंद माना हटा है। इसमें फाइबर पाया जाता है जो कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने में मदद करता है। पंचमेल दाल का सेवन करने से दिल का स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृष राशि :** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। मन परेशान हो सकता है।

**मिथुन राशि :** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कर्क राशि :** मन परेशान हो सकता है। कारोबार में लाभ होगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**सिंह राशि :** घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या राशि :** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना भी बन रही है। कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**तुला राशि :** आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। माता-पिता का सानिध्य मिलेगा। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** किसी पुराने मित्र से पुनः सम्पर्क हो सकता है। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु राशि :** शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। माता-पिता का साथ मिलेगा। सम्पत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे।

**मकर राशि :** आलस्य की अधिकता रहेगी। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। खर्चों में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**कुंभ राशि :** खर्च भी बढ़ सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।

**मीन राशि :** अपनी भावनाओं को वश में रखें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### 67 पोर्न वेबसाइट को बैन करने का आदेश

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियों को 2021 में जारी नये सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों के उल्लंघन के आरोप में 67 पोर्न वेबसाइट को ब्लॉक करने का आदेश दिया है। इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को भेजे गये एक ईमेल में दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने कंपनियों से पुणे की एक अदालत के आदेश के आधार पर 63 वेबसाइट, जबकि उत्तराखंड उच्च न्यायालय के आदेश तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के आधार पर चार वेबसाइट को ब्लॉक करने के लिए कहा है। डीओटी द्वारा 24 सितम्बर को जारी आदेश में कहा गया है कि सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशा-निर्देश एवं डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम-2021 के नियम-3(2)(बी) के साथ पढ़े गये (उत्तराखंड उच्च न्यायालय के) उक्त आदेश के अनुपालन में और नीचे उल्लिखित वेबसाइट पर उपलब्ध कुछ अश्लील सामग्री को देखते हुए, जो महिलाओं के शील को भंग करती हैं, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इन वेबसाइट/यूआरएल को तत्काल ब्लॉक करने का आदेश जारी किया है। इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 2021 में लागू किये गये नये आईटी नियमों के तहत कंपनियों के लिए उनके द्वारा प्रसारित, संग्रहित या प्रकाशित ऐसी सामग्री तक पहुंच बाधित या अक्षम करना अनिवार्य है, जो किसी व्यक्ति को पूर्ण या आंशिक रूप से निर्वस्त्र दिखाती है या फिर उसे यौन कृत्य या आचरण में लिप्त दर्शाती है।

### गृह मंत्रालय ने पीएफआई पर कसा शिकंजा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** नयी दिल्ली में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की ओर से इस्तेमाल किये जा रहे तीन परिसरों को सील करने और उसके कोष के लेन देन पर रोक लगाने के आदेश दिये गये हैं। गृह मंत्रालय की अधिसूचना में यह जानकारी दी गयी है। केंद्र सरकार ने एक दिन पहले ही पीएफआई पर आईएसआईएस जैसे वैश्विक आतंकवादी संगठन से संबंध रखने और देश में सांप्रदायिक नफरत फैलाने के आरोप में पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था। जिन परिसरों को सील करने का आदेश दिया गया है, उनमें शाहीनबाग में रॉयल होटल के पास, एफ-30/1बी,भूतल, जैद अपार्टमेंट, जामिया नगर के अबु फजल एन्क्लेव में 44/ए-1, भूतल, हिलाल हाउस और जामिया नगर के ढोकर संख्या सात में बी-27/2, तीसरी मंजिल शामिल है। अधिसूचना में कहा गया है कि दिल्ली पुलिस के आयुक्त संजय अरोड़ा ने इस बाबत आदेश जारी किये हैं। गृह मंत्रालय ने बुधवार को पीएफआई और उसके आठ सहयोगी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के दो विशेष प्रावधानों का इस्तेमाल करने की शक्ति सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दे दी थी। इन संगठनों को प्रतिबंधित कर दिया गया है।

### बैन के बाद पीएफआई को लगा एक और बड़ा झटका

# केरल हाईकोर्ट ने 5.20 करोड़ रुपये जमा करने का दिया आदेश



**तिरूवंतपुरम (एजेंसी)।** आतंकी गतिविधियों के साथ संपर्क में रहने और देश विरोधी कामों में संलिप्तता पाये जाने पर केंद्र सरकार पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर पांच साल के लिए बैन लगा चुकी है। गुरुवार को केरल हाईकोर्ट ने पीएएफआई को दो सप्ताह में 5.20 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। बता दें कि कोर्ट ने यह आदेश पिछले सप्ताह समूह के परिसरों और इससे जुड़े लोगों के छापे के खिलाफ बंद के दौरान हुए नुकसान की भरपाई के लिए सुनाया है। न्यायमूर्ति एके जयशंकरन नांबियार और सीपी मोहम्मद नियास की खंडपीठ ने निचली अदालतों को निर्देश दिया कि जब तक नुकसान का भुगतान नहीं किया जाता तब तक आरोपी को जमानत नहीं दी जाये।

अदालत ने सरकार को बंद का आह्वान करनेवाले पीएफआई के राज्य सचिव ए अब्दुल सत्तार को बंद के दौरान हिंसा के संबंध में दर्ज सभी मामलों में आरोपी बनाने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि नागरिकों के जीवन को खतरे में नहीं डाला जा सकता है। संदेश जोर से और स्पष्ट है। अगर कोई ऐसा करता है, तो इसका परिणाम भुगतना होगा। आप किसी भी कारण से अपना संगठन और प्रदर्शन कर सकते हैं। संविधान इसकी इजाजत देता है, लेकिन अचानक हड़ताल नहीं की जा सकती है। कोर्ट ने कहा कि अगर नुकसान का भुगतान नहीं किया गया तो उनकी संपत्तियों की कुर्की सहित सख्त कार्रवाई शुरू की जा सकती है। केरल राज्य सड़क परिवहन निगम ने पहले अदालत को सूचित किया था कि बंद के दौरान हुई हिंसा में उसकी 58 बसें क्षतिग्रस्त और 20 कर्मचारी घायल हुए थे।

### पीएफआई पर बैन के बाद वडोदरा के एक मदरसे में रची जा रही थी बड़ी साजिश, गुजरात एटीएस ने किया सील



**वडोदरा।** चरमपंथी मुस्लिम संगठन पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) सहित उससे जुड़े आठ संगठनों पर केंद्र सरकार द्वारा पांच साल का बैन लगाने के बाद गुजरात पुलिस और एटीएस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। पीएफआई के साथ संबंध की आशंका पर वडोदरा पुलिस और गुजरात एटीएस ने एक मदरसे को सील किया है। एनआईए और ईडी सहित तमाम जांच एजेंसियों की (पहला-22 सितम्बर और दूसरा 27 सितम्बर) छापेमार कार्रवाई के बाद 28 सितम्बर को केंद्र सरकार ने पीएफआई पर बैन लगाने का नोटिफिकेशन जारी किया था। इस संगठन पर देश में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने और साम्प्रदायिक आधार पर लोगों में नफरत पैदा करने का आरोप है। एटीएस क्राइम एएच राठौड़ा ने कहा-स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की टीम को जानकारी मिली थी कि एक मस्जिद में कुछ गतिविधि चल रही हैं। प्रतिबंधित संगठन ऑल इंडिया इमाम काउंसिल की बैठक भी हुई थी, जिसको लेकर हमने छानबीन की और उस जगह को सील किया है। हम मस्जिद के ट्रस्टी को बुलाकर पूछताछ कर रहे हैं।

## नये संसद भवन पर लगे शेर आक्रामक नहीं : सुप्रीम कोर्ट



- कोर्ट ने आपत्ति वाली याचिका खारिज की, कहा- यह देखने वाले के नजरिये पर निर्भर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें संसद की नयी इमारत पर लगे शेरों के डिजाइन पर आपत्ति जतायी गयी थी। याचिका में कहा गया था कि सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के ऊपर लगे राष्ट्रीय चिह्न में शेरों का डिजाइन सारनाथ म्यूजियम में रखे गये चिह्न पर बने शेरों से अलग है और दोनों डिजाइनों में शेरों की जेस्चर भी एक-जैसी नहीं है। जस्टिस एमआर शाह और कृष्ण मुरारी की बेंच ने यह कहते हुए याचिका को खारिज कर दिया कि शेर कैसे दिखते हैं, यह देखनेवालों के नजरिये पर निर्भर करता है। दरअसल, पीएम मोदी ने 11 जुलाई को नये संसद भवन की छत पर स्थापित 21 फुट ऊंचे अशोक स्तंभ का अनावरण किया था। तब से इसे लेकर विवाद चल रहा था। मामले में दो एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड अल्दानिश रीन और रमेश कुमार मिश्रा ने मामले में याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि नए चिन्ह में राज्य प्रतीक अधिनियम के तहत डिजाइन में किसी तरह का बदलाव नहीं हो सकता है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने संसद पर लगे अशोक स्तंभ में शेरों को आक्रामक बताया। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि राष्ट्रीय प्रतीक की जो डिजाइन की गयी है, उसमें किसी तरह का बदलाव या नयापन नहीं लाया जा सकता है। वकील ने यह भी तर्क दिया कि शेरों की मूर्ति में सत्यमेव जयते का लोगो नहीं है। जिसपर कोर्ट ने कहा कि नये संसद भवन के ऊपर स्थापित किये गये अशोक स्तंभ भारत के राज्य प्रतीक अधिनियम, 2005 का उल्लंघन नहीं करता है। विपक्ष ने अशोक स्तंभ की संरचना पर सवाल उठाया था और कहा था कि राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न के चार शेरों की संरचना में फेरबदल कर संविधान का उल्लंघन किया गया है। विपक्ष के मुताबिक अशोक स्तंभ के शेरों को क्रूर और आक्रामक बनाया गया है।

## काबुल में शिया बहुल इलाके में भयानक विस्फोट, 32 की मौत



**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक शिया बहुल इलाके में शुक्रवार तड़के विस्फोट होने से 32 लोगों की मौत हो गयी और 40 अन्य घायल हुए हैं। काबुल पुलिस प्रमुख के लिए तालिबान द्वारा नियुक्त एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता खालिद जदरान ने बताया कि दशती बारची इलाके में एक केंद्र में शुक्रवार तड़के विस्फोट हुआ। इस क्षेत्र में अधिकतर अफगानिस्तान के अल्पसंख्यक शिया समुदाय के लोग रहते हैं। जदरान ने बताया कि हताहत हुए लोगों में हाईस्कूल के छात्र-छात्राएं भी शामिल हैं। इस केंद्र का नाम काज हायर एजुकेशनल सेंटर है, जहां छात्रों को कॉलेज प्रवेश परीक्षा की तैयारी करायी जाती है। जदरान ने बताया कि इस क्षेत्र के शैक्षणिक केंद्रों को बड़े कार्यक्रमों को आयोजन करते समय तालिबान से अतिरिक्त सुरक्षा की मांग करनी चाहिए। शुक्रवार को भी यहां बच्चों की तैयारी के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। विस्फोट की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। तालिबान के अगस्त 2021 में देश की बागडोर अपने हाथ में लेने के बाद से उसके बड़े प्रतिद्वंद्वी इस्लामिक स्टेट ग्रुप ने दशती बारची इलाके में कई बार हजारा समुदाय को निशाना बनाया है। गृह मंत्रालय में तालिबान द्वारा नियुक्त प्रवक्ता अब्दुल नफी टकोर ने पहले कहा था कि हमारे दलों को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। अफगानिस्तान में तैनात अमेरिका की उप-राजदूत कैरेन डेकर ने हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों से भरे एक कक्ष पर हमला करना शर्मनाक है। हर एक छात्र को बिना डर शांतिपूर्ण माहौल में शिक्षा हासिल करने का अधिकार होना चाहिए। हम मारे गये लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं।


## पीएम मोदी ने पहली बार की वंदे भारत ट्रेन की सवारी



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को आत्मनिर्भर भारत की नयी पहचान बनी वंदे भारत एक्स्प्रेस ट्रेन को गांधीनगर कैपिटल स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया और कालूपुर स्थित अहमदाबाद स्टेशन तक यात्रा भी की। प्रधानमंत्री सुबह गांधीनगर कैपिटल स्टेशन पहुंचे जहां रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने उनका स्वागत किया। श्री मोदी ने स्टेशन पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के तहत लगे हथकरघा एवं हस्तशिल्प स्टाल पर महिला उद्यमी से बात की। इसके बाद रेल मंत्री प्रधानमंत्री को वंदे भारत एक्सप्रेस के ड्राइवर केबिन में लेकर गये और ट्रेन के संचालन संबंधी जानकारी दी। श्री मोदी ने गाड़ी के कोच में सीटिंग की व्यवस्था के बारे में पूछताछ की। रेल मंत्री ने वंदे भारत एक्सप्रेस में पहली बार इस्तेमाल हो रहे एयर सस्पेंशन को भी दिखाया। इसके बाद श्री मोदी, श्री वैष्णव एवं अन्य मेहमानों ने हरी झंडी दिखा कर ट्रेन को रवाना किया। यह ट्रेन कुछ दूर चल कर रुकी और फिर प्रधानमंत्री, रेल मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं अन्य महत्वपूर्ण अतिथि गाड़ी में सवार होकर अहमदाबाद स्टेशन तक गये। यह पहला मौका है जब श्री मोदी ने नये भारत की नयी पहचान के रूप में ख्याति प्राप्त करनेवाली इस ट्रेन में यात्रा का अनुभव हासिल किया। यात्रा के दौरान श्री मोदी बहुत उत्साहित एवं प्रसन्नचित्त नजर आये। इससे पहले उन्होंने पहली वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन 15 फरवरी 19 को किया था। लेकिन उसमें सवार होकर एक स्टेशन से दूसरे स्थान पर वह इससे पहले कभी नहीं गये हैं।

## मद्रास हाईकोर्ट से आरएसएस को पथ संचलन की मिली इजाजत

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मद्रास हाईकोर्ट ने आरएसएस को छह अक्टूबर को राज्य में पथ संचलन करने की इजाजत दे दी है। कोर्ट ने तमिलनाडु पुलिस को इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं। इससे पहले आरएसएस राज्य में दो अक्टूबर को पथ संचलन का आयोजन करनेवाली थी, लेकिन राज्य सरकार ने इसकी अनुमति नहीं दी थी। इस पर संघ ने हाईकोर्ट में गृह सचिव सहित राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की थी। यह याचिका फ़र के तिरुवल्लूर के संयुक्त सचिव आर कार्तिकेयन ने दाखिल की थी। मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस जीके इलांथिरैयन ने मामले की सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया है। कोर्ट ने कहा कि पुलिस, आरएसएस को छह अक्टूबर को रैली करने की अनुमति दे। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि आदेश का उल्लंघन करनेवाले अधिकारियों को अवमानना कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। आरएसएस के पथ संचलन के दिन ही राज्य में विदुथलाई चिरुथाईगल कात्ची और वाम दल भी रैली करनेवाले थे। कोर्ट ने उन्हें भी मार्च निकालने की इजाजत देने से इनकार कर दिया था।



## पटना की नगर रक्षिका मानी जाती है मां पटनेश्वरी



**पटना (एजेंसी)।** बिहार की राजघानी पटना के पटन देवी मंदिर में विद्यमान मां भगवती को पटना की नगर रक्षिका माना जाता है। बिहार की राजधानी पटना के गुलजार बाग इलाके में स्थित बड़ी पटन देवी मंदिर परिसर में काले पत्थर की बनी महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती की प्रतिमा स्थापित हैं। इसके अलावा यहां भैरव की प्रतिमा भी है। देवी भागवत के अनुसार, सती की दाहिनी जांघ यहां गिरी थी। पूरे देश में सती के 51 शक्तिपीठों में प्रमुख इस उपासना स्थल में माता की तीन स्वरूपों वाली प्रतिमाएं विराजित हैं। मंदिर में पटन देवी भी दो हैं, छोटी पटन देवी और बड़ी पटन देवी जिनके लिए अलग-अलग मंदिर हैं। पटना की नगर रक्षिका भगवती पटनेश्वरी हैं जो छोटी पटन देवी के नाम से भी जानी जाती हैं। यहां मंदिर परिसर में मां महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती की स्वर्णाणाभूषणों, छत्र एवं चंवर के साथ विद्यमान हैं। मंदिर के पीछे एक बहुत बड़ा गड्ढ़ा है, जिसे पटनदेवी खंदा कहा जाता है।

### सतयुग की मानी जाती हैं इस शक्तिपीठ की मूर्तियां

**मान्यता** के अनुसार इस स्थान से मूर्तियां अवतरित हुई थीं। बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश में प्रसिद्ध इस शक्तिपीठ की मूर्तियां सतयुग की मानी जाती हैं। मंदिर परिसर में ही योनिकुंड है, जिसके संबंध में कहा जाता है कि इसमें डाली जानेवाली हवन सामग्री भूगर्भ में चली जाती है। देवी को प्रतिदिन दिन में कच्ची और रात में पक्की भोज्य सामग्री का भोग लगता है। मान्यता है कि जो भक्त सच्चे दिल से यहां आकर मां की अराधना करते हैं, उनकी मनोकामना जरूर पूरी होती है। मंदिर में वैदिक और तांत्रिक विधि से पूजा होती है। वैदिक पूजा सार्वजनिक होती है, जबकि तांत्रिक पूजा चंद मिनट की होती है। तांत्रिक पूजा के दौरान भगवती का पट बंद रहता है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, यह मंदिर कालिक मंत्र की सिद्धि के लिए प्रसिद्ध है।

# न्यूज गैलरी

## मथुरा महतो ने अपने पिता को याद कर उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



**रांची।** टुंडी के विधायक सह झारखंड विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने शुक्रवार को अपने पिता ऋषिकेश महतो की 23 वीं पुण्यतिथि मनायी। उन्होंने सबसे पहले पर अपने पिता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही साथ ही उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मोराबादी बूटी रोड अंतर्गत दीनदयाल नगर स्थित आवास पर आयोजित इस पुण्यतिथि समारोह में झारखंड आंदोलनकारी पुष्कर महतो, अनीता देवी केशरी, अजीत प्रजापति, सुनील चक्रवर्ती, आनंद मोहन तिवारी, मनोज सोनी, हेमंत कुमार महतो, झाबु लाल महतो, दिवाकर महतो, राजीव कुमार, एस एन सिन्हा, ओमप्रकाश महतो, दीपक महतो, राजीव रंजन कुमार, मिंटू सिंह, डॉ नितीश पांडे, सुषमा गोप एवं भोलानाथ मांझी सहित कई लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## बीएयू में अवकाश प्राप्ति पर कर्मियों की विदाई

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सहायक आफताब मोहसिन लगभग 34 वर्षों की सेवा के बाद शुक्रवार 30 सितंबर को रिटायर हो गए। उन्होंने फरवरी 1988 में अनुसंधान निदेशालय में सहायक के रूप में अपने करियर की शुरूआत की थी। सहायक रहते हुए वह पिछले कुछ अरसे से प्रशाखा पदाधिकारी, क्रय पदाधिकारी और नियंत्रक का अतिरिक्त प्रभार भी देख रहे थे। प्रशासन निदेशालय में कार्यरत पशुचिकित्सा संकाय के पत्राचार सह लेखा लिपिक अंबिका सिंह, कृषि संकाय की चतुर्थवर्गीय कर्मी सीता देवी और बागवानी विभाग के माली बलवा महतो ने भी शुक्रवार को अवकाश ग्रहण किया। कर्मियों की सेवानिवृत्ति पर संबंधित कार्यालयों में विदाई समारोह आयोजित कर उनके गुणों की चर्चा की गई और स्वस्थ दीघार्युष्य की कामना की गई।

## प्रसिद्ध प्रसार वैज्ञानिक डॉ. चंद्रिका प्रसाद नहीं रहे

**रांची।** प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के भूतपूर्व उप महानिदेशक (कृषि प्रसार) डॉ चंद्रिका प्रसाद का 29 सितंबर को निधन हो गया। वह रांची कृषि महाविद्यालय के प्रथम बैच के छात्र रहे थे और प्रथम पीढ़ी के प्रसार वैज्ञानिक माने जाते थे जिन्होंने प्रसार शिक्षा के विषय वस्तु के संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वह राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान एवं प्रबंधन अकादमी (नार्म), हैदराबाद के निदेशक भी रहे। देश में कृषि विज्ञान केंद्रों के विस्तार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। महिला कृषकों की दशा सुधारने हेतु रणनीतियां बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वर्ष 1989 में उन्होंने महिला कृषकों का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जिसके पश्चात महिला कृषकों पर अनुसंधान कार्य में तेजी आई। इसकी परिणति आईसीएआर के सेंट्रल इंस्टीट्यूट फॉर विमेन इन एग्रीकल्चर के रूप में सामने आई। उनके निधन पर बृहस्पतिवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ जगरनाथ उरांव की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं वैज्ञानिकों ने उनकी वैज्ञानिक दक्षता, प्रशासनिक क्षमता और मानवीय गुणों की चर्चा की।

## भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने की मांग

**रांची** । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा स्मारक समिति, चकला, ओरमांझी, रांची के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा । उन्होंने मुख्यमंत्री से भगवान बिरसा जैविक उद्यान ,ओरमांझी में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने और उनकी जीवनी तथा वीरता-शौर्य गाथा को दशार्ने की व्यवस्था करने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री को भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा सप्रेम भेंट की ।प्रतिनिधिमंडल में समिति के मुख्य संरक्षक और जनजातीय परामर्शदात्री परिषद के सदस्य जमाल मुंडा, संरक्षक काशीनाथ पाहन, अध्यक्ष वीणा मुंडा, सचिव अशोक कुमार मुंडा, उप सचिव दीपक मुंडा, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव और विष्णु मुंडा शामिल थे।

### रिंग रोड दलादली चौक स्थित मां दुर्गा का पंडाल सज-धजकर तैयार

# सप्तमी को सांसद व विधायक करेंगे अनावरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शहर के रातू इलाके स्थित दलादली चौक में मां दुर्गा का पंडाल सज-धज कर पूरी तरह तैयार है। पंडाल का अनावरण रविवार को सप्तमी के मौके पर किया जायेगा। इसके बाद मां दुर्गा के भक्त पूजा पंडाल का भ्रमण कर मां का आशीर्वाद ले सकेंगे। दलादली चौक पूजा समिति के द्वारा इस बार माता का भव्य और आकर्षक पंडाल का निर्माण कराया गया है। पिछले दो वर्षों से कोरोना के कारण पूजा बेहद सादगी से मनाया गया था। इस बार माता के भक्तों में जबरदस्त उत्साह है। पूजा समिति के सचिव अभिषेक मिश्रा ने कहा कि मां दुर्गा का भव्य और आकर्षक पंडाल बन कर तैयार है। पूजा समिति द्वारा इस बार माता के भक्तों के लिए भव्य पंडाल बनाया गया है। पंडाल देख भक्त रोमांचित हो उठेंगे। वहीं, मौके पर मौजूद राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि हम आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व-त्योहार मनाते हैं। लेकिन कुछ असमाजिक तत्व के लोग लगातार इसमें व्यवधान डालने का कुत्सित प्रयास करते हैं। जिस तरह से पिछले दिनों शहर के मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर में तोड़-फोड़ की घटना हुई है वह काफी निंदनीय और कहीं से भी क्षमायोग्य नहीं है। हम उसकी घोर निंदा करते हैं और प्रशासन से मांग करते हैं कि दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करे। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष जनार्दन ओझा, उप सचिव बीरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, रामाशिष शर्मा, रामबाबू शर्मा, रंजीत सिंह, मुन्ना ओझा,उदय सिंह, रामवृक्ष यादव, रितेश सिंह, गौतम राय, राजनंदन सिन्हा, मंतोष कुमार, निरंजन भगत सहित अन्य उपस्थित थे। पंडाल निर्माण में पूजा समिति के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा है।

## महिला स्वयं सेवक भी विभिन्न पूजा पंडालों में रहेंगी तैनात



**रांची।** रांची में सफल दुर्गा पूजा के आयोजन के लिए रांची जिला युवा दुर्गा पूजा सुरक्षा समिति की तैयारी पूरी पूजा से पूर्व समिति की अंतिम बैठक शुक्रवार को हरमु रोड स्थित सत्य अमर लोक के पूजा पंडाल में की गयी। बैठक में समिति के स्वयं सेवकों को अंतिम दिशा निर्देश देते हुए उन्हे सेवा हेतु परिचय पत्र का वितरण किया गया, साथ हीं किस पूजा पंडाल में कितने स्वयं सेवक और कौन-कौन सेवा के लिए उपस्थित रहेंगे उनकी जिम्मेदारी तय की गयी बैठक में समिति के संयोजक निशांत यादव ने कहा की इस वर्ष समिति द्वारा सेवा हेतु युवाओं के साथ साथ महिला टोली का भी गठन किया गया है। जो महिलाओं की सुरक्षा और उन्हे पूजा घूमने के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो ये सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने यह भी बताया की विगत कुछ दिनों से समिति के पदाधिकारियों विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर किस पूजा पंडाल में किस तरह से सुरक्षा सुनिश्चित की जाए उसका जायजा लिया है । समिति के संरक्षक मुनचुन राय जी सहित जिला दुर्गापूजा समिति से समिति के संचालन में पुरा सहयोग मिल रहा है । कुछ दिन पूर्व बकरी बाजार के पूजा स्थल में प्रशाशनिक बैठक में रांची प्रशाशन ने भी आश्वस्त किया है की वह समिति से तालमेल बैठाकर सहयोग करेंगे। आज बैठक में मुख्य रूप से समिति के सुनील साहू, अशोक पांडेय, पूनम सिंह, बिट्टू दिव्य परमार, मनीष केसरी, प्रहलाद भगत, दीपक गुप्ता, अमित वर्मा, आशीष शर्मा, सुनील वर्णवाल, रवि अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सुधीर यादव सहित बड़ी संख्या में युवा और महिलाएं उपस्थित रहीं।

### नवरात्र के 9 दिनों में हम संवेदनशील होने का ताप और साधना करते हैं

# चेतना और श्रेष्ठ समृद्ध भावना मिलकर मनुष्य को संवेदनशील बनाता है: संजय सर्राफ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय सनातन एकता मंच एवं पवित्रम गोसेवा परिवार के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि चेतना तथा भावना का संयुक्त स्वरूप को संवेदना कहा जाता है। जीवंत एवं जागरूक, ग्रहण करने की क्षमता और अनुभूति का मिश्रण यदि व्यक्तित्व में समावेश हो तो वह व्यक्ति चैतन्य के श्रेणी में आता है वैसे तो प्राणी मात्र को सृष्टिकर्ता ने भावनाएं प्रदान की है। जैसे कोई भी मादा जानवर अपने शिशु के लिए भावुक होती है और नर जानवर सुरक्षा देने का कार्य करता है। उनका यह कार्य ईश्वर प्रदत्त भावनाओं के वशीभूत ही होता है। परंतु मनुष्य में अकूत भावनाएं ईश्वर ने प्रदान की है। नकारात्मक भाव और सकारात्मक भाव से हम या तो सकारात्मक कार्य करते हैं या फिर नकारात्मक कार्य करते हैं। जब भावनाएं सकारात्मक हो और उदारता की श्रेष्ठ भावना अंतस में कार्यरत हो तो व्यक्ति भावना से समृद्ध रहता है। चेतना और श्रेष्ठ समृद्ध भावना मिलकर मनुष्य को संवेदनशील बनाता है। संवेदना का अर्थ इस प्रकार समझा जा सकता है कि किसी के दुख में दुखी हो जाना और किसी के सुख में खुश हो जाना। दूसरे के अनुभूति का ध्यान रखने वाला व्यक्ति संवेदनशील व्यक्ति कहलाता है। जब हम अध्यात्मिक दृष्टि से अपने-अपने आराध्य से प्रार्थना, याचना और आराधना करते हैं तो वास्तव में उनकी संवेदना का आकांक्षी होते हैं। क्योंकि पराशक्ति अति संवेदनशील होती है और अपने उपासक की अनुभूति को अनुभव करती है और उनकी संवेदना वरदान एवं आशीर्वाद के रूप में प्राप्त होता है। जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता और उसके स्थायीत्व का अनुपात हमारी संवेदना के समानुपात है। नवरात्रि के 9 दिनों में हम संवेदनशील होने का तप और साधना करते हैं और उसका प्रतिफल हमें आशीर्वाद के रूप में प्राप्त होता है।

# समेकित बाल संरक्षण सेवाओं के लिए सोशल वर्कर, काउंसलर की होगी नियुक्ति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला प्रशासन (बाल संरक्षण शाखा) समेकित बाल संरक्षण योजना के तहत विभिन्न पदों पर नियुक्ति करेगा। रांची जिले में संचालित सम्प्रेक्षण गृह के लिए एक भंडारपाल सह लेखापाल रखा जाना है। कामर्स के साथ ग्रेजुएशन कर चुके कैंडिडेट इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। साथ ही उसे कंप्यूटर (हिंदी एवं अंग्रेजी) में भी जानकार होना चाहिए। चयनित को हर माह 15123 रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा जिले में किशोर न्याय अधिनियम 2015 के प्रावधानों का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन के लिए एक- एक सामाजिक कार्यकर्ता (महिला), परामर्शदाता और आंकड़ा विश्लेषक नियुक्त किया जायेगा। इन तीनों पदों के लिए आयु सीमा 30-45 वर्ष तक तय की गयी है। इसके लिए बाल कल्याण या बाल संरक्षण के क्षेत्र में 2 सालों का अनुभव मांगा गया है। सोशल वर्क, साइकोलॉजी, सोशियोलाजी में पीजी, स्नातक की डिग्री भी होनी चाहिए। इन पदों के लिए 15 अक्टूबर 2022 तक आवेदन किया जा सकता है। विहित प्रपत्र में आवेदन रजिस्टर्ड या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जरुरी डाक्यूमेंट्स के साथ रांची समाहरणालय भवन (ब्लॉक बी), कमरा संख्या 111 स्थित जिला बाल संरक्षण इकाई के पते पर भेजना होगा।

## पोक्सो एक्ट कार्यान्वयन को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

**रांची।** पोक्सो एक्ट के प्रभावी रूप से कार्यान्वयन को लेकर शुक्रवार को यूनिसेफ के तत्वावधान में सिविल कोर्ट के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पोक्सो कानून के कार्यान्वयन में चुनौतियों पर चर्चा की गई। इस दौरान यौन शोषण की शिकार बच्ची के उत्पीड़न को कम करने के लिए विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए कार्य योजना विकसित करने पर जोर दिया गया। सहायक व्यक्तियों की बेहतर समझ और सहायक व्यक्तियों के प्रभावी कामकाज के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान की बात कही गई।

## नेहरू युवा केंद्र ,रांची द्वारा स्वच्छ अमृत महोत्सव मारवाड़ी महाविद्यालय में मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को मारवाड़ी महाविद्यालय प्रांगण में नेहरू युवा केन्द्र , रांची (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ,भारत सरकार) द्वारा स्वच्छ अमृत महोत्सव के अवसर पर साफ सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें सहयोगी के रूप में एलुमनाई एसोसिएशन मारवाडी कॉलेज एवं एनएसएस इकाई रहे। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मारवाड़ी कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. आरआर शर्मा रहे। कार्यक्रम का संचालन एलुमनाई अध्यक्ष गौरव अग्रवाल व अनुभव चकवर्ती ने किया। आरआर शर्मा ने कहा हमें आने आसपास सफाई रखनी चाहिए, जिससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. उमेश कुमार, डॉ. संतोष रजवार, डॉ. राकेश, डॉ. कृष्कान्त, डॉ. अमित, डॉ. अंकित, शुभम मंत्री, राहुल तिवारी तथा एन एसएस स्वयं सेवक सिद्धांत, स्वाति चौधरी, सौरभ सोनी, सौरवद्वीप उपस्थित रहे।





## डॉ. अबरार ने प्राचार्य का पद संभाला

### पूर्व प्राचार्य प्रो. एसके झा की हुई विदाई



**रांची।** डॉ. अबरार अहमद ने शुक्रवार को जेएन कॉलेज, धुर्वा के प्राचार्य के रूप में पदभार संभाला। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. अबरार ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता महाविद्यालय का नैक मूल्यांकन कराना है साथ हीं उन्होंने ये भी कहा कि नई ऊर्जा के साथ कार्य संस्कृति को और विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि छात्र, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ टीम भावना स्थापित करना मेरे लिए बड़ी प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर डॉ. मो. रिजवान, डॉ. सत्यनारायण उरांव, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. हर्षमति शिंकू, प्रो. सैयद आलम, कुमारी उषा, प्रभात रंजन तिवारी, डॉ. इंदू, तपन कुमार और प्रतिभा कुमारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## आरयू: सभी स्नातकोत्तर विभागों को अब मिलेगी 2 लाख की आकस्मिक निधि

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के सभी संकाय के सभी स्नातकोत्तर विभागों को दो लाख की आकस्मिक निधि प्रति वर्ष मिलेगी। अब तक विभागीय आकस्मिक निधि मात्र 48,000 रुपये वार्षिक ही थी। शुक्रवार को कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय वित्त समिति की बैठक हुई, जिसमें इस प्रस्ताव पर मुहर लगी। कुलपति ने कहा कि जिन विभागों को पीएचडी वायवा के लिए जो कुछ राशि दी गई है, उन्हें उतनी राशि घटाकर शेष राशि का भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा पीएचडी वायवा परीक्षा के लिए सभी विभागों को दो लाख की राशि प्रतिवर्ष मिलेगी। पूर्व में विभागों को इस मद में 50,000 रुपये ही मिलते थे, नतीजतन बाह्य परीक्षक के आने-जाने व अन्य खर्चे शोधार्थियों को ही वहन करना पड़ता था।

### बुनियादी शिक्षा अभियान का किया गया शुभारंभ

# अभियान के तहत रांची जिला में 350 विद्यालय चयनित

> चयनित विद्यालयों में 100 दिवसीय कार्यक्रम का होगा आयोजन, बुनियादी शिक्षा, बाल संसद, पुस्तकालय, विद्यालय प्रबंधन समिति के महत्त्व एवं भूमिका पर किया जायेगा कार्य।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आकांक्षी जिला रांची में शिक्षा के ढांचे को मजबूत करने को लेकर बुनियादी शिक्षा अभियान का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। उप विकास आयुक्त, रांची विशाल सागर ने डीडीसी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में इसका शुभारंभ किया। इस दौरान जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट रांची के सहयोग से पिरामल फाउंडेशन द्वारा चलाये जानेवाले इस अभियान के अंतर्गत रांची जिला के कुल 18 प्रखंडों में 350 विद्यालयों का चयन किया गया है। चयनित विद्यालयों में 100 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बुनियादी शिक्षा, बाल संसद, पुस्तकालय, विद्यालय प्रबंधन समिति के महत्त्व एवं भूमिका पर कार्य किया जाना है। अभियान के तहत जिला के 45 हजार बच्चों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है ।कार्यक्रम का संचालन पिरामल फाउंडेशन के प्रोगाम प्रबंधक श्री राजू कुमार एवं मोहम्मद अफसर द्वारा किया गया। साथ में गांधी फेलो कृति, निधि, निखिल और समीर मौजूद रहे।

## पेज एक के शेष

**शराब का राजस्व लगातार दे रहा...**

दुकानों में बीयर व शराब के कई पॉपुलर ब्रांड नहीं मिलने की शिकायतें भी विभाग को मिली हैं। संयुक्त उत्पाद आयुक्त ने थोक विक्रेता लाइसेंसधारियों को आदेश दिया है कि राजस्व की प्राप्ति के लिए सभी पॉपुलर ब्रांड व बीयर की उपलब्धता खुदरा उत्पाद दुकानों में करायें। संयुक्त आयुक्त के पत्र के मुताबिक, रांची, धनबाद और पलामू जिले में पॉपुलर ब्रांड की शराब उपलब्ध नहीं है। थोक लाइसेंसधारियों के चार गोदामों में भी पॉपुलर ब्रांड की अनुपलब्धता पर सवाल उठाया गया है।

**जिले जो शराब के कारोबार देने में पिछड़े :** राज्य के 11 जिलों में शराब बिक्री का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया है। रांची जिला में मिनिमम गारंटी रेवेन्यू के विरूद्ध महज 58.38 प्रतिशत मदिरा की बिक्री हुई है, वहीं सिमडेगा में 56.66, गुमला में 79.02, गढ़वा में 78.18,लातेहार में 78.29, पलामू में 58.52, जामताड़ा में 65.74, पाकुड़ में 70.68, देवघर में 76.54, पश्चिमी सिंहभूम में 74.07 और कोडरमा में 74.43 प्रतिशत की बिक्री हुई है।

**पलामू विविल सर्जन घूस लेते रंगे...**

गए परिवार नियोजन ऑपरेशन का 10 प्रतिशत केस की जांच डीक्यूएसी के द्वारा किए जाने एवं सही पाये जाने के उपरांत नियमानुसार भुगतान किया जाना है। भुगतान को लेकर जब गोल्डन कुमार जिला कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता से मिले तो डीपीएम ने बताया कि सिविल सर्जन द्वारा एक लाख रूपए रिश्वत के रूप की मांग की गयी। उन्होंने कहा कि पैसा देना पड़ेगा। तभी आपके बिल को जमा कर भुगतान एवं एमओयू को रद्द नहीं किया जायेगा। एमओयू की तिथि 6 मई 2022 तक थी। 16 सितंबर की सुबह 9 बजे गोल्डन डा. जॉन एफ कनैडी के आवास पर उनसे मिले। सिविल सर्जन ने कहा कि एक लाख रूपए दे दो तब तुम्हारा बिल जमा लिया जायेगा। साथ ही किए गए कार्य की जांच के पश्चात बिल का भुगतान कर दिया जायेगा एवं एमओयू संबंधित नये आदेश निर्गत कर दिया जायेगा। इस आदेश को दो वर्ष तक बदला भी नहीं जायेगा। वादी रिश्वत देकर कार्य नहीं कराना चाहता था।आवेदन के आलोक में एसीबी पलामू ने इसका सत्यापन किया और मामले को सही पाया। मामले में सिविल सर्जन डा. जॉन एफ कनैडी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, पलामू थाना कांड संख्या 10/2022 के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। धावादल का गठन कर नामजद आरोपी डा. जॉन एफ कनैडी को चर्च रोड स्थित आवास से 50 हजार रूपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

**संस्थागत भ्रष्टाचार के सारे किरदार पुराने...**

खायी और चुप रहा तो उन्हें जानना चाहिए कि मैनें पूर्व के मुख्यमंत्री और वर्तमान मुख्यमंत्री को कितने पत्र लिखे। सत्ता में रहने का मतलब मलाई खाना नहीं होता। दोनों ही सरकारों में जितनी चिट्ठियां लिखीं, उतने में 100 पन्नों की किताब आयेगी।

**कांग्रेस अध्यक्ष के लिए खड़गे सहित...**

कोई भी पार्टी का आधिकारिक उम्मीदवार नहीं है। उनका कहना था कि यदि कोई व्यक्ति दावा करता है कि उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष का आशीर्वाद प्राप्त है तो उसका यह दावा गलत है। हर उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र खुद भरा है और उसे फॉर्म भरने के लिए कांग्रेस हाईकमान ने नहीं कहा है और ना ही किसी को कांग्रेस अध्यक्ष का आशीर्वाद है इसलिए यदि कोई व्यक्ति ऐसा दावा करता है तो उसका यह दावा गलत है। सभी उम्मीदवारों ने अपने बल पर और खुद नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि डेलीगेट्स को ही कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव करना है और उन्हें ही अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देना है। यह सांगठनिक चुनाव है और कोई भी कांग्रेस डेलीगेट कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए नामांकन कर सकता है। भारत जोड़ो यात्रा में शामिल डेलीगेट के लिए पोस्टल वोटिंग की व्यवस्था संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी इस बारे में कुछ निर्णय नहीं लिया गया है। अभी यही तय हुआ है कि यात्रा जिस जगह होगी वहां डेलिगेट के लिए मतदान की व्यवस्था की जायेगी।

**21वीं सदी के भारत को देश के शहरों...**

पॉलिसी में भी दिखता है और रेलवे की गति को बढ़ाने के अभियान में भी स्पष्ट होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नगरद्वय कैसे विकसित किये जाते हैं, इसका बेहतर उदाहरण गांधीनगर और अहमदाबाद हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात में ऐसे नगरद्वय के निर्माण की बुनियाद रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि नगरद्वय के रूप में न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी की अक्सर चर्चा होती है, ऐसे में भारत कैसे पीछे रह सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे पास नगरद्वय के रूप में गांधीनगर-अहमदाबाद का मॉडल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अहमदाबाद और मुंबई के बीच शुरू हुई वंदे भारत ट्रेन देश के दो बड़े शहरों के बीच सफर को आरामदायक भी बनायेगी और दूरी को भी आठ घंटे से घटा कर साढ़े पांच घंटे कर देगी। उन्होंने कहा कि शताब्दी ट्रेन भी छह से सात घंटे तक का समय लेती है, लेकिन वंदे भारत साढ़े पांच घंटे में अहमदाबाद से मुंबई पहुंचा देगी। धीरे-धीरे इसमें और भी सुधार किये जायेंगे।

**एंबुलेंस को रास्ता देने के लिए रुका पीएम मोदी का काफिला :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात को गांधीनगर-मुंबई के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के साथ ही अहमदबाद मेट्रो रेल परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन किया। पीएम मोदी अहमदबाद से जनसभा को संबोधित कर वापिस लौट रहे थे। इसी दौरान पीएम मोदी ने एक एम्बुलेंस को रास्ता देने के लिए अपना काफिला रोक दिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एम्बुलेंस को रास्ता देने के लिए पीएम मोदी ने गाड़ियों के काफिले को सड़क के एक साइड कर लिया। जब एम्बुलेंस आगे निकल गयी तक पीएम मोदी का काफिला आगे बढ़ा।

## जीती जागती चैतन्य देवियां का मानव पर आधारित पंडाल में दिखी अनुपम झलकियां

# 5 युगों का दर्शन कराया गया जो सृष्टि की कहानी को दर्शाता है





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ब्रह्माकुमारीज के पंडाल में शुक्रवार को जीती जागती चैतन्य देवियों पर आधारित पंडाल लोगों को लुभा रहा है। इस युग में एटोमिक बम के प्रयोग से जब दुनिया खत्म हो रही है, तब उस समय दुर्गा देवियों के रूप में ब्रह्माकुमारियां प्रकट होंगी। मूर्ति की जगह जीती जागती युवतियां देवी बनी हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलित करने के पश्चात आशा लकड़ा, महापौर, रांची नगर निगम एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों में संजय सिंह (निदेशक, कला, संस्कृति एवं खेल), गोवर्धन गाड़ोदियां (अध्यक्ष, अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन) नंदकिशोर पाटोदिया (अध्यक्ष, अग्रवाल सभा), व्यवसायी सुबोध मिश्रा, अधिवक्ता विजय पांडेय, सुदर्शन मिश्र तथा नरेश प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थें। महापौर आशा लकड़ा ने कहा कि अपने-आपको पूरी तरह जानने के लिए यह भी जानना जरूरी है कि यह सृष्टि एक विराट नाटक है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, हरमू रोड द्वारा रातू रोड चांदमल जैन विद्यालय के सामने प्रदर्शित पंडाल में 5 युगों का दर्शन एवं जीती-जागती दुर्गा झांकी का ऑडियो विजुअल संगीत नृत्य के साथ आयोजन किया गया है। पंडाल में निम्नरूपेण झलकियां दिखाया गया है। सतयुग में- लक्ष्मी-नारायण का राज्य होता है। इसलिए यहां लक्ष्मी जी और नारायण जी बैठे हैं। लक्ष्मी जी एवं नारायण जी के रूप में कुमारी लड़कियां पार्ट कीं। त्रेतायुग में- रामराज्य था और 14 कला संपन्न था। इसमें सीता माता और श्रीराम के रूप में लड़कियों को ही दिखाया गया है। द्वापरयुग में - सभी राजतंत्र है। लेकिन द्वापर युग में सोने का ताज है, लेकिन दिव्यता का मुकुट नहीं है। इसमें लोग धर्म को छोड़ रहे हैं। इसी युग में धर्म की शुरूआत यानी पूजा की शुरूआत हुई तथा हमारा हिंदू धर्म सबसे पहले आया, फिर मुस्लिम, क्रिसचयन और सिख आएं। इसमें चार लड़कियां हिंदू, मुस्लिम, क्रिसचन, सिख के रूप में अपना पार्ट कीं। कलियुग में- मनुष्य ने जो धर्म बनाए वो धर्म भी धीरे-धीरे लुप्त होता चला गया। सिर्फ धर्म का नाम ही रह गया और धर्म की जगह इसमें काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार यानी ये पांच विकार आ गए। संगमयुग में-बदलाव का समय कलियुग से सतयुग में बदलाव का समय है। इसका समय लगभग 100 वर्ष है, जो 1936 में शुरू हो गया है।

## न्यूज गैलरी

### नसीम शाह पाकिस्तान टीम के साथ न्यूजीलैंड दौरे पर जायेंगे



लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह कोविड-19 से जुड़े दो दिनों के पृथकवास को पूरा करने के बाद अगले सप्ताह न्यूजीलैंड के दौरे पर टीम के साथ यात्रा करेंगे। कोरोना वायरस जांच में संक्रमण की पुष्टि होने के बाद शाह इंग्लैंड के खिलाफ सात मैचों की घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के आखिरी दो मैचों की टीम से बाहर हो गए। निमोनिया से पीड़ित होने के बाद उन्होंने अस्पताल में दो रातें बिताई थी। इस तेज गेंदबाज ने एक ट्वीट कर बताया कि वह बेहतर महसूस कर रहे और बीमारी से उबर रहे हैं।' पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि शाह घर पर पृथकवास के दौरान कोविड-19 के सभी प्रोटोकॉल का पालन करेंगे और क्रिकेट बोर्ड की चिकित्सा समिति की निगरानी में रहेंगे। पाकिस्तान की टीम सोमवार तड़के न्यूजीलैंड के लिए रवाना होगी। टीम को इस दौरे पर त्रिकोणीय ट्वेंटी 20 श्रृंखला में भाग लेना है जिसमें न्यूजीलैंड के अलावा बांग्लादेश भी शामिल है।

### तीसरी बार मोटरस्पोर्ट क्लब महासंघ के अध्यक्ष बने इब्राहिम

चेन्नई (एजेंसी)। पूर्व रेसर अकबर इब्राहिम तीसरी बार भारतीय मोटरस्पोर्ट्स क्लब महासंघ (एफएमएससीआई) के अध्यक्ष चुने गये हैं। एफएमएससीआई की वार्षिक बैठक में गुरुवार को यह निर्णय लिया गया। मेको मोटरस्पोर्ट्स का प्रतिनिधित्व करते हुए इब्राहिम दो साल का अपना तीसरा कार्यकाल पूरा करेंगे। इससे पहले वह 2016-2018 और 2020-2022 में भी महासंघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले इब्राहिम को एफआईए अंतरराष्ट्रीय कार्टिंग समिति का अध्यक्ष भी चुना गया था। कर्नाटक मोटर स्पोर्ट्स क्लब के प्रतिनिधि गौतम बी शनटप्पा एफएमएससीआई के उपाध्यक्ष चुने गये। इसके अलावा जे पृथ्वीराज (कोयंबटूर ऑटो स्पोर्ट्स क्लब), भारत विवेक चंडोक (मद्रास मोटर स्पोर्ट्स क्लब), प्रतिम चौधरी (बंगाल मोटर स्पोर्ट्स क्लब), हरि सिंह (प्रदर्शन कार रेसिंग ट्रस्ट), राज कपूर (उत्तरी मोटरस्पोर्ट्स), जे बालमुरुगन (स्पिटफायर मोटर स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड), केतन मेहता (इंडियन ऑटोमोटिव रेसिंग क्लब) और वीर रैना (कलकत्ता मोटर स्पोर्ट्स क्लब) को काउंसिलर नियुक्त किया गया है।

### पार्मा ओपन : मैरीना जानेवस्का को हकाकर सेमीफाइनल में पहुंची मारिया सक्कारी



पार्मा (एजेंसी)। शीर्ष वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी ने विश्व में 97वीं रैंकिंग की मैरीना जानेवस्का को तीन सेट तक चले मुकाबले में 2-6, 6-4, 6-4 से हराकर पार्मा ओपन महिला टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सक्कारी सेमीफाइनल में डंका कोविनिच से भिड़ेंगी जिन्होंने एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में जैस्मीन पाओलिनी को 6-4, 6-4 से हराया। इस बीच मिस्र की मेयर शेरिफ ने अमेरिका की लॉरेन डेविस को 7-6 (2), 6-3 से हराकर अपने करियर के दूसरे सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शेरिफ का सामना अब एना बोगडान से होगा, जिन्होंने रोमानिया की इरिना कामेलिया बेगू को 6-2, 7-6 (6) से पराजित किया।

# हरमनप्रीत ने दीप्ति के रन आउट विवाद पर तोड़ी चुप्पी, कहा- यह योजना का हिस्सा नहीं था





सिलहट (एजेंसी)। महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शुक्रवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में चार्ली डीन को रन आउट करना भारतीय टीम की योजनाओं का हिस्सा नहीं था, लेकिन यह खेल के नियमों के तहत था।

भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड की बल्लेबाज चार्ली डीन को गेंद फेंकने से पहले क्रीज से बाहर निकल जाने पर रन आउट कर दिया था। इस तरह से रन आउट करना वैध माना जाता है लेकिन इसे खेल भावना नहीं माना जाता। महिला एशिया कप से पहले हरमनप्रीत ने दीप्ति का समर्थन करते हुए कहा कि अब इस विवाद को पीछे छोड़ने का समय है। उन्होंने कहा, हाहम पिछले कुछ मैचों से इन बातों पर ध्यान दे रहे थे। वह क्रीज से काफी आगे निकल जा रही थी और अनुचित लाभ उठा रही थी, यह दीप्ति की

## वनडे की लय बरकरार रखने उतरेगी भारतीय महिला टीम



**इंग्लैंड को** क्लीन स्वीप करने के बाद उत्साह से ओतप्रोत भारतीय टीम रन आउट विवाद को पीछे छोड़कर महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी लय बरकरार रखने के लिए उतरेगी, जहां शनिवार को उसका पहला मैच श्रीलंका से होगा। भारतीय महिलाओं को टी20 प्रारूप में हाल में बहुत अधिक सफलताएं नहीं मिली हैं लेकिन इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगी। पिछली बार के टूर्नामेंट को छोड़कर भारत ने 2004 से शुरू हुए एशिया कप में हर बार खिताब जीता है। उसने वनडे प्रारूप में चार जबकि टी20 प्रारूप में दो खिताब हासिल किए हैं। एशिया कप को 2012 में वनडे से टी20 प्रारूप में तब्दील कर दिया गया था। भारत तब से दो बार इसमें विजेता रहा जबकि 2018 में पिछले टूर्नामेंट में उसे बांग्लादेश से हार का सामना करना पड़ा था। कोविड-19 के कारण चार साल बाद आयोजित किए जा रहे इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम अपना दबदबा बरकरार रखने की कोशिश करेगी। पिछला टूर्नामेंट बांग्लादेश में 2020 में खेला जाना था लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक रजत पदक जीतने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम को इस महीने के शुरू में इंग्लैंड से टी20 श्रृंखला में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने वनडे में शानदार वापसी की और 3-0 से क्लीनस्वीप करके दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को शानदार विदाई दी। यह श्रृंखला आखिर में हालांकि नॉन स्ट्राइक छोर पर रन आउट करने के कारण चर्चा में रही। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड के बल्लेबाज चार्ली डीन को गेंद फेंकने से पहले क्रीज से बाहर निकल जाने पर रन आउट कर दिया था। इस तरह से रन आउट करना वैध माना जाता है लेकिन इसे खेल भावना नहीं माना जाता। भारतीय टीम इस घटना को पीछे छोड़ कर सकारात्मक पहलुओं के साथ आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। जहां तक खिलाड़ियों के प्रदर्शन की बात है तो कप्तान हरमनप्रीत शानदार फॉर्म में है जबकि स्मृति मंधाना भी अच्छी बल्लेबाजी कर रही है लेकिन शेफाली वर्मा, सबिनेनी मेघना और दयालन हेमलता को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। हाथ में चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेल पाने वाली जेमिमा रोड्रिग्स ने टीम में वापसी की है। ऋचा घोष भी टीम में हैं जिन्हें राष्ट्रमंडल खेलों के लिए नहीं चुना गया था। भारतीय तेज गेंदबाजी का जिम्मा रेणुका सिंह संभालेंगी, जबकि स्पिन विभाग की जिम्मेदारी राधा यादव, राजेश्वरी गायकवाड़ और दीप्ति के कंधों पर होगी। दूसरी तरफ श्रीलंका की टीम कप्तान चमारी अटापट्टू पर बहुत निर्भर है। युवा विशमी गुणरत्ने के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से चमारी की जिम्मेदारी बढ़ गई है। श्रीलंका के मध्य क्रम की जिम्मेदारी हसीनी परेरा और हर्षिता समरविक्रमा पर होगी, जबकि गेंदबाजी आक्रमण का जिम्मा काफी हद तक स्पिनरों इनोका रणवीरा और ओशादी रणसिंघे पर होगा। टूर्नामेंट में कुल सात टीम भारत, पाकिस्तान, थाईलैंड, श्रीलंका, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात और मेजबान बांग्लादेश भाग ले रही हैं। प्रत्येक टीम राउंड रोबिन प्रारूप में एक दूसरे से भिड़ेगी और इस तरह से छह मैच खेलेगी। लीग चरण में शीर्ष पर रहने वाली चार टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।

# शीर्ष पुरस्कारों के लिए नामांकन यह दर्शाता है कि टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है : कटारिया

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत के लिए 250 से अधिक अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच खेल चुकीं अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया का मानना है कि टीम प्रगति के सही रास्ते पर है और इस सीजन में टीम ने हर टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन को बेहतर किया है। टीम के बेहतर प्रदर्शन का प्रमाण एफआईएच स्टार अवार्ड्स जैसे शीर्ष पुरस्कारों में टीम का नामांकन है। टीम की कप्तान सविता को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए नामांकित किया गया है, जबकि युवा खिलाड़ी मुमताज खान को राइजिंग स्टार ऑफ द ईयर और टीम के मुख्य कोच जननेके शोपमैन को कोच ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। इन संबंधित श्रेणियों के लिए वोट करने की आज आखिरी तारीख होने के कारण वंदना ने टीम के उत्साह को व्यक्त किया और लोगों से अपने साथियों का समर्थन करने का आग्रह किया।



उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम सही कदम उठा रहे हैं। लगभग तीन या चार साल पहले, टीम ने शायद ही कभी किसी पुरस्कार के लिए जगह बनाई हो क्योंकि हमारा प्रदर्शन अच्छा नहीं था। लेकिन अब, हम अंतरराष्ट्रीय हॉकी में सही प्रगति कर रहे हैं और हमारे प्रदर्शन को पहचाना जा रहा है।

वंदना ने कहा कि उन्होंने अपने प्रशंसकों से भारतीय पुरुष टीम के नामित खिलाड़ियों का समर्थन करने का भी अनुरोध किया है। उन्होंने कहा, पुरुष और महिला दोनों टीमों के खिलाड़ियों को नामित होते हुए देखना बहुत अच्छा है। मैं आशान्वित हूं और वास्तव में आश्वस्त हूं कि दुनिया भर में भारतीय प्रशंसक उन्हें वोट देंगे और उन्हें जीतने में मदद करेंगे।

जहां पुरस्कार अपने साथ बड़ी प्रेरणा के साथ-साथ उम्मीदें भी लाते हैं, वहीं वंदना ने कहा कि टीम जमीन से जुड़ी हुई है और आगे के कार्य पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

उन्होंने कहा,हालांकि इस तरह की मान्यता प्राप्त करना बहुत अच्छा लगता है, जो दर्शाता है कि हमारा प्रदर्शन दुनिया की कुछ शीर्ष टीमों के बराबर है, हम अभी भी अपने लक्ष्यों पर केंद्रित हैं। हमने टीम के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्य निर्धारित किया है।

टीम का अगला प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर में एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप में होगा, लेकिन इस समय उनका सबसे बड़ा उद्देश्य चीन में अगले साल होने वाले एशियाई खेलों में पोडियम पर शीर्ष पर रहकर पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए सीधी योग्यता हासिल करना है।

उन्होंने कहा,हर किसी का लक्ष्य अगले साल एशियाई खेल जीतना है और इसके लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम नेशंस कप जैसे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करके सही गति बनाए रखें जिससे हमें एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी।

## चोटग्रस्त बुमराह की जगह सिराज ने ली



मुंबई/गुवाहाटी (एजेंसी)। अखिल भारतीय वरिष्ठ चयनकर्ता समिति ने चोटग्रस्त जसप्रीत बुमराह के स्थान पर मोहम्मद सिराज को दक्षिण अफ्रीका टी20 श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शुक्रवार को कहा कि बुमराह की पीठ में चोट आई है और वह बीसीसीआई चिकित्सीय दल की देखरेख में हैं। अगर सिराज रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फील्ड पर उतरते हैं तो वह सात महीने बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलेंगे। उन्होंने अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय फरवरी 2022 में श्रीलंका के विरुद्ध खेला था। रोहित शर्मा की टीम को आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के लिए रवाना होने से पहले दो टी20 मैचों में प्रोटियाज का सामना करना है जो क्रमशः दो अक्टूबर और चार अक्टूबर को खेले जायेंगे। उल्लेखनीय है कि सिराज भारत की टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा नहीं हैं।

## अपनी नीलामी से खुश हूं, अब मुझे प्रदर्शन करना है : गुमान सिंह



मुंबई (एजेंसी)। गुमान सिंह पिछले महीने मुंबई में प्रो कबड्डी लीग नीलामी में श्रेणी बी में सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में उभरे। इस बेहतरीन रेडर को यू मुंबा ने 1.21 करोड़ रुपये में खरीदा था। पीकेएल के सीजन 9 से पहले नीलामी को लेकर गुमान ने कहा, मैंने पीकेएल के दो सीजन खेले हैं - एक 2019 में जयपुर पिंक पैंथर्स के साथ और दूसरा 2021 में पटना पाइरेट्स के साथ। इसके बारे में जानने के बाद मैं वास्तव में खुश था। नीलामी में यू मुंबा ने मेरे लिए बोली लगाई, लेकिन अब, मुझे बोली के अनुसार भी प्रदर्शन करना है। मैं अपने खेल में सुधार करने की कोशिश कर रहा हूं और इस सीजन में और भी बेहतर प्रदर्शन करूंगा। मैं अपनी टीम को चैंपियन बनाने में पूरी मदद करूंगा। बेंगलुरू में 7 अक्टूबर से शुरू होने वाले आगामी सीजन के लिए उनकी तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर, रेडर ने कहा, सीजन से पहले हमारे संयोजन को सेट करने में हमेशा समय लगता है। हम अच्छा अभ्यास कर रहे हैं और रेड व डिफेंस दोनों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। किसान पृष्ठभूमि से आने वाले गुमान ने अपने परिवार से मिले समर्थन का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, मेरे माता-पिता हरियाणा के एक गांव में रहते हैं। मेरी मां एक गृहिणी हैं और पिता एक किसान हैं। मेरे माता-पिता ने हमेशा मेरी कबड्डी आकांक्षाओं का समर्थन किया है और मुझे वह सब कुछ दिया जिसकी मुझे कभी जरूरत थी। उन्होंने मुझे कभी भी खेल छोड़ने के लिए नहीं कहा। विवो पीकेएल के महत्व के बारे में बोलते हुए, गुमान ने कहा, जब हमने कबड्डी खेलना शुरू किया, तो हमारी सबसे बड़ी आकांक्षाएं राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर नौकरी हासिल करने की थी। लेकिन प्रो कबड्डी शुरू होने के बाद, हमें नाम और प्रसिद्धि हासिल करने का भी मौका मिला। हमने काम किया। विवो पीकेएल के आने के बाद टूर्नामेंट में जगह बनाना और भी मुश्किल हो गया है। आज हर कोई कबड्डी खिलाड़ियों को पीकेएल की वजह से जानता है।

# मोटो जीपी ने भारत में रेस कराने की आधिकारिक घोषणा की

नयी दिल्ली (एजेंसी)। मोटो जीपी (दोपहिया रेसिंग के वैश्विक आयोजक) ने 2023 सत्र से भारत में रेस कराने की शुक्रवार को पुष्टि की जिससे फॉर्मूला वन रेस के कैलेंडर से हटने के नौ साल बाद वैश्विक मोटरस्पोर्ट की देश में वापसी होगी। मोटो जीपी की ओर से जारी संभावित कैलेंडर में भारत में होने वाले आयोजन की तिथि 22 से 24 सितंबर है।



विश्व की प्रमुख दोपहिया रेसिंग चैंपियनशिप का आयोजन फॉर्मूला वन की तरह बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर होगा। इस सर्किट ने 2011 से 2013 तक फॉर्मूला वन की मेजबानी की है। मोटो जीपी ने घोषणा की कि भारत अगले साल मोटरसाइकिल ग्रां प्री की मेजबानी करने वाला 31वां देश बन जाएगा। इसके अस्थायी कैलेंडर के मुताबिक 21 रेस के सत्र में भारत सितंबर में 14वें दौर की मेजबानी करेगा। इस रेस का नाम 'ग्रां प्री ऑफ भारत' रखा गया है। इससे पहले मोटो जीपी के वाणिज्यिक अधिकार धारक डोर्ना के शीर्ष अधिकारी इस महीने की शुरुआत में भारतीय रेस प्रमोटर फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स (एफएसएस) के साथ सात साल के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए भारत आए थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ भी बैठक की थी। एफएसएस ने घोषणा की थी कि मोटो जीपी के एक दौर को अगले साल यहां आयोजित किया जाएगा, लेकिन डोर्ना के प्रबंध निदेशक कार्लोस इजपेलेटा ने सत्र की व्यस्तता का हवाला देते हुए किसी समय सीमा का जिक्र नहीं किया था। मोटो जीपी की ओर से शुक्रवार की घोषणा हालांकि इस तस्वीर को और अधिक स्पष्ट कर देती है। इजपेलेटा ने यहां जारी बयान में कहा, हमें यह घोषणा करते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट 2023 कैलेंडर में मोटो जीपी की मेजबानी करेगा। भारत में हमारे बहुत सारे प्रशंसक हैं और हम उनके लिए इस खेल को यहां लाने के लिए उत्साहित हैं।'

इस विज्ञप्ति में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, इस तरह के वैश्विक आयोजन की मेजबानी करना उत्तर प्रदेश के लिए बहुत गर्व की बात है। हमारी सरकार मोटो जीपी भारत को पूर्ण समर्थन प्रदान करेगी।' इस तरह के बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सरकार से समर्थन की जरूरत है और ऐसा लग रहा है कि इस रेस को राज्य और केंद्र दोनों सरकारों का समर्थन हासिल है।

## टी-20 विश्व कप 2022 जीतने वाली टीम को मिलेंगे 16 लाख डॉलर

दुबई (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष टी20 विश्व कप 2022 जीतने वाली टीम को 16 लाख डॉलर (13 करोड़ 53 हजार 760 रुपये) की पुरस्कार राशि से पुरस्कृत किया जायेगा। आईसीसी ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। आईसीसी ने बताया कि 13 नवंबर को होने वाले फाइनल हारने वाली टीम को आठ लाख डॉलर (छह करोड़, 50 लाख, 56 हजार 880 रुपये) की पुरस्कार राशि दी जायेगी, जबकि सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को चार-चार लाख डॉलर (तीन करोड़, 25 लाख 31 हजार 200) दिये जायेंगे। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2021 की तरह ही सुपर-12 चरण से बाहर होने वाली आठ टीमों को 70 हजार डॉलर मिलेंगे। अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका सुपर-12 में पहुंच चुके हैं। पहले दौर में बाहर हुई चारों टीमों को प्रत्येक को 40,000 डॉलर मिलेंगे। जिन टीमों के अभियान पहले दौर में शुरू होंगे, उनमें नामीबिया, नीदरलैंड, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात, आयरलैंड, स्कॉटलैंड, वेस्ट इंडीज और जिम्बाब्वे शामिल हैं।





# चेन्नईयिन एफसी ने की आईएसएल के नौवें सीजन के लिए 35 सदस्यीय टीम की घोषणा



चेन्नई (एजेंसी)। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के नौवें सीजन के लिए चेन्नईयिन एफसी ने मुख्य कोच थॉमस ब्रैडरिक के नेतृत्व में 35 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। नासिर एल खयाती सातवें विदेशी अधिग्रहण के रूप में क्लब में शामिल हुए और 2022-23 आईएसएल अभियान के लिए अंतरराष्ट्रीय इकाई का हिस्सा हैं। डच फुटबॉलर, उप-कप्तान और सेनेगल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी फॉलो डायने, ईरानी डिफेंडर वाफा हखमनेशी, जर्मन मिडफील्डर जूलियस डुकर, घाना के क्वामे करिकरी और क्रोएशिया के पेटार स्लीस्कोविक के साथ टीम से जुड़े हैं, ये सभी टीम के लिए डूरंड कप में खेले हैं। इस साल, चेन्नईयिन एफसी की टीम अपने अभियान की शुरूआत 10 अक्टूबर को एटीके मोहन बागान के खिलाफ करेगी। इसके बाद वे 14 अक्टूबर को मरीना एरिना में बेंगलुरू एफसी से भिड़ेंगे।

**आईएसएल सीजन नौ के लिए चेन्नईयिन की टीम इस प्रकार है:**

**गोलकीपर:** देबजीत मजूमदार, समिक मित्रा, देवांश डबास, लवप्रीत सिंह।

**डिफेंडर्स :** नारायण दास, आकाश सांगवान, वफा हखमनेशी, फालू डायगने, गुरमुख सिंह, मोहम्मद साजिद धोत, अजित कुमार, मोनोतोश चकलादार, मोहम्मद आकिब।

**मिडफील्डर:** नासिर एल खयाती, जितेश्वर सिंह, अनिरुद्ध थापा, एडविन वानस्पॉल, जूलियस डुकर, सजल बैग, क्रिस व्हाइट, मोहम्मद रफीक, सौरव दास, सुहैल पाशा।

**फॉरवर्ड :** निन्थोई मीतेई, विंसी बैरेटो, रहीम अली, रोमारियो जेसुराज, पेटार स्लीस्कोविक, क्वामे करिकरी, प्रशांत करुथादाथकुनी, जोकसन धास, सेंथमीज, जॉबी जस्टिन, गुलाब सिंह, मोहम्मद लियाकथ।

## 7 अक्टूबर से शुरू होगा टूर्नामेंट, केरल ब्लास्टर्स और ईस्ट बंगाल के बीच होगा पहला मैच

मुंबई (एजेंसी)। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का नया सत्र सात अक्टूबर से शुरू होगा जिसका पहला मैच कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पिछले साल के उपविजेता केरल ब्लास्टर्स और ईस्ट बंगाल के बीच खेला जाएगा। वैश्विक फुटबॉल लीग की तर्ज पर आईएसएल के मैच गुरुवार और रविवार के बीच खेले जाएंगे। आईएसएल में भाग लेने वाली टीमें अभी एशिया की सबसे पुरानी प्रतियोगिता डूरंड कप में खेल रही हैं। आईएसएल की समाप्ति के बाद अप्रैल में सुपर कप होगा। भारत की सबसे बड़ी फुटबॉल लीग में दो सत्र के बाद पहली बार दर्शकों की भी स्टेडियम में वापसी होगी। अधिक से अधिक दर्शकों को आकर्षित करने के लिए आईएसएल ने सप्ताहांत में अधिक मैच रखे हैं। आईएसएल के नए प्रारूप के अनुसार लीग चरण में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें स्वत: ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसके बाद तीसरे से छठे स्थान पर रहने वाली टीम एक चरण के प्लेऑफ में खेलेंगी जिससे सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दो अन्य टीमों का निर्धारण होगा। मौजूदा चैंपियन हैदराबाद एफसी अपना पहला मैच नौ अक्टूबर को अपने घरेलू मैदान पर मुंबई सिटी एफसी से खेलेगा। लीग चरण में प्रत्येक टीम 20 मैच खेलेगी। इनमें से 10 मैच वह घरेलू मैदान पर खेलेगी।